भोपाल
शुक्रवार, 31 जुलाई 2026
श्रावण मास कृष्ण पक्ष-2
वर्ष : 13, अंक : 120
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 30
न्यून. 26


हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

एंटी-पेपर लीक बिल पास होने पर पीएम मोदी ने जारी किया वीडियो संदेश

## छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले माफिया बख्शे नहीं जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के दोनों सदनों से 'लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक' पारित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के नाम एक अहम वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश में एक अत्यंत भरोसेमंद, निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली स्थापित करने के लिए लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि पेपर माफिया और प्रश्नपत्र लीक कराने वाले गिरोहों के खिलाफ सरकार किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतेगी। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस नए कानून का ढांचा तैयार करते समय देश के सभी राज्यों के सुझावों को भी शामिल किया गया है, क्योंकि पिछले कई वर्षों से केंद्र और राज्य दोनों ही स्तरों पर पेपर लीक की समस्या एक गंभीर चुनौती बनी हुई थी।



विधेयक को संसद की मंजूरी के बाद पारदर्शी परीक्षा प्रणाली का जताया भरोसा

अपने संदेश में पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने देश के युवाओं से जो वादा किया था, उसे पूरा करने की दिशा में यह ▶▶ शेष पेज 6 पर

2023 विधानसभा चुनाव में हुआ था 80.2 प्रतिशत मतदान

# दतिया उपचुनाव में 71.44% वोटिंग पिछले चुनाव के मुकाबले 8.76% कम


▶▶ बारिश के कारण दोपहर बाद मतदान में आया व्यवधान

▶▶ 3 अगस्त को होगी मतगणना, उसी दिन आएगा परिणाम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

दतिया विधानसभा सीट उप चुनाव में गुरुवार को हुए मतदान में शाम 6 बजे तक 71. 44 फीसदी मतदाताओं के वोट डालने की खबर है। 2023 के विधानसभा चुनाव की तुलना में यह लगभग 8.76 % कम है। तब यहां 80.2 फीसदी मतदान हुआ था। इससे पता चलता है कि उप चुनाव में मतदाताओं ने मतदान में पहले जैसी रुचि नहीं दिखाई। मतदान के दौरान दतिया में बारिश भी हुई। इसकी ▶▶ शेष पेज 6 पर


आशुतोष तिवारी


घनश्याम सिंह


नरोत्तम मिश्रा


दामोदर सिंह यादव

### कांग्रेस ने की फर्जी वोटिंग की शिकायत

मतदान के दौरान कांग्रेस ने सिरोल और जिगना में फर्जी वोटिंग की शिकायत की। पार्टी प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने मौके पर पहुंचकर अधिकारियों से बात की। उधर, रामसागर गांव के मतदान केंद्र से पुलिस, कांग्रेस के पोलिंग एजेंट को अपने साथ ले ▶▶ शेष पेज 6 पर

### कांग्रेस जब हारती है तो आरोप लगाती है: नरोत्तम

कांग्रेस के आरोप पर पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस जब हारती है तो आरोप लगाती है। इससे पहले उन्होंने मतदान केंद्र क्रमांक-121 स्थित पुराने केंद्रीय विद्यालय में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। डॉ. मिश्रा ने दतिया में भाजपा के पक्ष में माहौल होने का दावा ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ऐसे बढ़ा मतदान

| समय | मतदान (%) |
|---|---|
| सुबह 9 बजे | 12.94% |
| सुबह 11 बजे | 32.53% |
| दोपहर 1 बजे | 50.26% |
| दोपहर 3 बजे | 61.48% |
| शाम 5 बजे | 68.78% |
| शाम 6 बजे तक | 71.44% |

### इस वजह से कराना पड़ा उपचुनाव

दतिया सीट कांग्रेस के तत्कालीन विधायक राजेंद्र भारती की विधानसभा सदस्यता समाप्त होने के बाद रिक्त हुई थी। बैंक एफडी धोखाधड़ी मामले में अदालत द्वारा तीन वर्ष की सजा ▶▶ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### एमपी हाईकोर्ट बार एसो. चुनाव 17 अगस्त को



**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ चुनाव के बाद अब मध्य प्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सत्र 2026-28 के चुनाव की आधिकारिक घोषणा हो गई है। नए पदाधिकारियों के चुनाव के लिए 17 अगस्त 2026 को मतदान होगा, 18 अगस्त से मतगणना होगी। मुख्य चुनाव अधिकारी संजय सेठ के अनुसार प्रक्रिया सिल्वर जुबली हॉल में होगी।

### कुए में डूबने से दो मासूम चचेरे भाई-बहन की मौत



**शहडोल।** गोहपारू थाना अंतर्गत खोहरी गांव में खुले कुए में गिरने से दो मासूम चचेरे भाई-बहन प्रयाग (3) और सालवी (4) की डूबने से मौत हो गई। घटना के वक्त बच्चों के माता-पिता खेत में धान रोपाई के लिए गए थे। दोनों बाड़ी में स्थित बिना मुंडेर के खुले कुए के पास पहुंच गए और पैर फिसलने से अंदर जा गिरे।

### गुना में तेंदुए का सिर और पैर कटा शव मिला



**गुना।** जिले के उत्तर वन परिक्षेत्र अंतर्गत भादौरा सबरेंज के आगरा-हंसली जंगल में गुरुवार को एक तेंदुए का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। तेंदुए का सिर और चारों पैर गायब थे, जबकि केवल धड़ बरामद हुआ है। अंगों की तस्करी के लिए शिकारियों द्वारा तेंदुए की हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

राज्यसभा में हंगामा : खरगे ने 'मनुस्मृति' का उल्लेख किया और भाजपा व संघ को घेरा

## खरगे : सिलेबस मनुस्मृति के आधार पर बनवा रहा है संघ

जो सिलेबस बदल रहे हैं, उसमें आपत्तिजनक चीजें आ रही हैं। उसमें ये भी आ रहा है- शूद्र के वेद पाठ सुनने पर शीशे और जस्ते से उनके कान भर दिए जाएं। वेद मंत्र का उच्चारण करने पर उसकी जीभ काट ली जाए और वेद मंत्र धारण करने पर उसका शरीर काट लिया जाए


मल्लिकार्जुन खरगे

**खरगे का आरोप: 10 वर्षों में 152 पेपर लीक, शिक्षा पर आरएसएस का कब्जा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के उच्च सदन राज्यसभा में गुरुवार को एंटी पेपर लीक बिल यानी 'लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026' पर चर्चा हुई। चर्चा में भाग लेते हुए सदन में नेता विपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर हमला बोला और कहा कि ये सरकार युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में कुल 152 पेपर लीक हुए हैं लेकिन एक भी दोषी को सजा नहीं हुई। उन्होंने पूछा कि ऐसे में सरकार क्या कर रही थी और एजेंसियां क्या सो रही थीं? इसके बाद खरगे ने मनुस्मृति की बातों का हिंदी अनुवाद बताते हुए कहा कि सरकार भी चाहती है कि विश्वविद्यालयों में अच्छे शिक्षक, अच्छे कुलपति आएं ▶▶ शेष पेज 6 पर

## नड्डा: ये तो अशांति फैला रहे टिप्पणी रिकॉर्ड से हटाई गई

जेपी नड्डा ने कहा कि खरगे ने जो कुछ कहा तथ्यों से परे है। वे मनुस्मृति की मूल प्रति दिखाएं। सभापति ने इस बीच खरगे से कहा कि आप इसे ऑथेंटिकेट कीजिए। उन्होंने ये भी कहा कि मनुस्मृति पर जो कुछ कहा गया उसे रिकॉर्ड से हटाया जाएगा

**एंटी पेपर लीक बिल अधूरा इसमें सिर्फ सजा और जुर्माना बढ़ाया गया है**


जेपी नड्डा

### शिक्षा पर जीडीपी का सिर्फ 3 फीसदी ही खर्च

खरगे ने कहा कि देश में जीडीपी का 6% शिक्षा पर खर्च होना चाहिए लेकिन 3% ही खर्च कर रहे हैं। इससे शिक्षण का सुधार नहीं हो सकता है। इसी वजह से शिक्षा प्राइवेट हाथों में जा रही है। इसकी वजह से दलितों और गरीबों के बच्चे शिक्षा से वंचित रह जा रहे हैं। शिक्षा पर कुछ लोगों का विशेषाधिकार है। सरकार की नीतियां बार-बार उस मनुवादी सोच की ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

### सत्ता व विपक्षी सदस्य ने पुस्तक दिखाई

सुधांशु त्रिवेदी ने कलकत्ता हाई कोर्ट के एक पूर्व जज विलियम जोंस के साथ ही बाबासाहेब डॉक्टर आंबेडकर की किताब को कोट किया और कई किताबों का संदर्भ दिया और कहा कि इसीलिए कह रहा हूं कि ये ऑथेंटिकेट करें। इस पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने एक ▶▶ शेष पेज 6 पर


सुधांशु त्रिवेदी

हरिभूमि नॉलेज

### खरगे ने जो बोला वह मनुस्मृति में नहीं बल्कि प्राचीन गौतम धर्मसूत्र में

गौतम धर्मसूत्र में उल्लेख है कि यदि शूद्र जानबूझकर वेद सुनता है, तो उसके कानों को टिन या लाख से भर दिया जाना चाहिए। यदि वह उच्चारण करता है, तो उसकी जीभ काट दी जानी चाहिए। मनुस्मृति में शूद्रों के वेद सुनने या उच्चारण करने पर कान में पिघला हुआ शीशा डालने या जीभ काटने जैसा कोई प्रत्यक्ष शारीरिक दंड नहीं लिखा है। इसमें कुछ अन्य प्रकार के प्रतिबंध या नियम अवश्य हैं। गौतम धर्मसूत्र की ▶▶ शेष पेज 6 पर


विज्ञान भवन नई दिल्ली में एमओयू का हुआ आदान-प्रदान

देश का पहला 'टीएमजेड' होगा ग्वालियर में

## 350 एकड़ में साढ़े 3 हजार करोड़ रुपए के निवेश से तैयार होगा पार्क

- केंद्रीय मंत्री सिंधिया और सीएम डॉ. यादव के प्रयास से मिली बड़ी सौगात
- 14 हजार से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार
- 500 करोड़ की केंद्रीय सहायता से मिलेगा मजबूत आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/ ग्वालियर/ भोपाल

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से ग्वालियर को देश के पहले 'टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन' (टीएमजेड) की ऐतिहासिक सौगात मिली है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए भारत सरकार के दूरसंचार विभाग और मध्य प्रदेश के उद्योग विभाग के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' के संकल्प को गति देते हुए ग्वालियर-चंबल क्षेत्र को दूरसंचार विनिर्माण का नया केंद्र बनाएगी। ग्वालियर में करीब 350 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाले ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ये दिग्गज कंपनियां कर रहीं निवेश

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने बताया कि इस परियोजना से शुरुआत में 3,500 करोड़ का निवेश आ रहा है, जिसके भविष्य में 9,000 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। डिक्सन टेक्नोलॉजीज, एचएफसीएल और तेजस नेटवर्क्स जैसी दिग्गज कंपनियां निवेश कर रही हैं। इससे क्षेत्र के युवाओं के लिए 14,000 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे। परियोजना के संचालन के लिए मप्र सरकार (51%) और दूरसंचार विभाग (49%) की भागीदारी से एसपीवी का गठन किया जाएगा।

कैब्स की मनमानी पर लगाम

### एयरपोर्ट या अस्पताल की राइड कैंसिल की तो 5 गुना जुर्माना

एजेंसी ▶▶ मुंबई


■ महाराष्ट्र सरकार का एग्रीगेटर कंपनियों को अल्टीमेटम

महाराष्ट्र सरकार ने ओला, उबर और रैपिडो जैसी एप-आधारित कैब कंपनियों और उनके ड्राइवरों की मनमानी पर लगाम कसने के लिए सख्त रुख अपनाया है। राज्य के नए नियमों के तहत अब एयरपोर्ट, अस्पताल या रेलवे स्टेशन जैसे बेहद जरूरी स्थानों के लिए बुक की गई राइड को यदि चालक बिना किसी जायज वजह के कैंसिल करता है, ▶▶ शेष पेज 6 पर

तहसील दफ्तर में अधिकारी नदारद

### कोर्ट रूम में ही बिस्तर बिछाया और आकर सो गए कांग्रेस नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना


■ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

जिले की बिरसिंहपुर तहसील कार्यालय में गुरुवार को उस समय अजीबोगरीब स्थिति बन गई, जब अधिकारियों की अनुपस्थिति से नाराज कांग्रेस नेता संतोष तिवारी ने कोर्ट रूम के भीतर ही बिस्तर बिछाकर अनोखा प्रदर्शन शुरू कर दिया। गुरुवार को बिरसिंहपुर में मझगवां एसडीएम की लिंक कोर्ट लगनी थी, लेकिन दोपहर 1 बजे ▶▶ शेष पेज 6 पर

स्वास्थ्य सेवाओं की ये हालत

### अस्पताल में डॉक्टर न नर्स गैलरी में ही हो गई डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर


■ एंबुलेंस न मिलने पर लिफ्ट के पास जन्मे जुड़वा बच्चे

जिला अस्पताल की चरमराती स्वास्थ्य सेवाओं का एक शर्मनाक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसने सरकारी तंत्र की संवेदनहीनता को उजागर कर दिया है। समय पर एंबुलेंस न मिलने और अस्पताल पहुंचने के बाद भी डॉक्टर-नर्स की मदद न मिलने के कारण एक प्रसूता ने लिफ्ट के बाहर ठंडे फर्श पर जुड़वा ▶▶ शेष पेज 6 पर

कोर्ट ने कहा
कानून-व्यवस्था संभालने के साथ धार्मिक अधिकारों की रक्षा करना भी संवैधानिक दायित्व

भोजशाला विवाद: सुप्रीम कोर्ट का बड़ा निर्देश

## शुक्रवार नमाज के लिए परिसर के पास जगह दे मप्र की सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/ धार



धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम निर्देश दिया है। अदालत ने मध्य प्रदेश प्रशासन को शुक्रवार की नमाज़ के लिए भोजशाला परिसर के बिल्कुल पास एक स्थान उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि मुस्लिम समुदाय को खसरा नंबर 596 वाली भूमि पर जिसे दरगाह की भूमि बताया गया है। शुक्रवार दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक नमाज अदा करने की अनुमति दी जाए। कोर्ट ने माना कि यह स्थान विवादित परिसर के ठीक बगल में है और इसके लिए उपयुक्त प्रतीत होता है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ किया कि यह आदेश दोनों पक्षों को आपसी सहमति से किसी अन्य वैकल्पिक स्थान का चयन ▶▶ शेष पेज 6 पर

### राज्य सरकार का ध्यान सिर्फ कानून व्यवस्था संभालने पर

सुनवाई के दौरान मध्य प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) केएम नटराज ने तर्क दिया कि एक राज्य के रूप में सरकार दो पक्षों के बीच अधिकारों की लड़ाई में नहीं पड़ना चाहती और उसका मुख्य ध्यान सिर्फ ▶▶ शेष पेज 6 पर

बंगाल में अब तक की बड़ी रेड

## पत्थर कारोबारी के घर से 21.5 करोड़ का सोना और 28.5 करोड़ कैश जब्त

▶▶ नोट गिनते-गिनते खराब हुईं 5 मशीनें आरोपी गिरफ्तार

▶▶ 100 करोड़ी शादी रचाने वाला मास्टरमाइंड फरार

एजेंसी ▶▶ बीरभूम

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में पुलिस ने बुधवार रात एक बड़े छापेमारी अभियान के तहत एक पत्थर कारोबारी के ठिकाने से 21.5 करोड़ मूल्य का 15 किलो सोना और 28.5 करोड़ से अधिक की बेहिसाब नकदी बरामद की है। नोटों का पहाड़ इतना बड़ा था कि गिनती के दौरान 5 करेंसी काउंटिंग मशीनें खराब हो गईं। पुलिस ने मौके से पूर्व बस ड्राइवर और अब पत्थर कारोबारी मिनार मंडल को गिरफ्तार कर लिया है। जब्त नकदी को ▶▶ शेष पेज 6 पर



### बेटी की शादी में खर्च किए थे 100 करोड़

मामले का मुख्य आरोपी टुल्लू मंडल वर्ष 2024 में अपनी बेटी की भव्य शादी में करीब 100 करोड़ खर्च करने के बाद सुर्खियों में आया था। उस शाही शादी में बंगाली सिनेमा के दिग्गज और बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान व जरीन खान जैसे बड़े सितारे शामिल हुए थे। टुल्लू को पूर्व टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल का करीबी ▶▶ शेष पेज 6 पर

आज नर्मदापुरम, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा व खरगोन में अति भारी का ऑरेंज अलर्ट

बैतूल में 24 घंटे में हुई 89 मिमी बारिश

## कई जिलों में अति भारी बारिश, दीवार गिरने से युवक की मौत, सतपुड़ा डेम के 7 गेट खोले

भोपाल में जुलाई के औसत कोटे से गुरुवार तक करीब 100 मिमी कम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी बारिश का दौर जारी है। प्रदेश के दक्षिण पूर्वी हिस्से में डीप डिप्रेशन बनने के साथ शियर जोन के कारण अभी एक से दो दिन प्रदेश में बारिश में तेजी बनी रहेगी। शुक्रवार तक एक दर्जन जिलों में अति भारी से भारी बारिश का अलर्ट है।

प्रदेश में तेज से भारी बारिश के बीच बुधवार देर रात बैतूल के गंज थाना क्षेत्र में रेलवे की बाउंड्रीवॉल उससे सटी झोपड़ी पर गिर गई। हादसे में झोपड़ी में सो रहे 27 वर्षीय राहुल उइके की मौत हो ▶▶ शेष पेज 6 पर


बैतूल जिले के सतपुड़ा बांध के गेट सीजन में पहली बार खुले

### भोपाल में अब तक 253.7 मिमी बारिश

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार राजधानी में इस साल एक जुलाई से गुरुवार तक महीने के औसत कोटे से करीब 100 मिमी कम बारिश हुई है। जुलाई महीने में यहां औसतन 367.7 मिमी बारिश होती है, जबकि अब तक कुल 253.7 मिमी हुई है। यह औसत बारिश से करीब 100 मिमी कम है। हालांकि, शुक्रवार तक अभी कुछ और बारिश की उम्मीद है। इसके बावजूद औसत बारिश का कोटा कुछ कम रहेगा। इस बीच तापमान में भी 2 डिग्री तक और कमी आएगी। गुरुवार को प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 31 डिग्री रहा। भोपाल में 1.2 डिग्री बढ़कर 31.4 डिग्री रहा।

### मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल के साथ क्रेडाई भोपाल के प्रतिनिधिमंडल की हुई बैठक

## अन्नदाताओं के बाद 'आवासदाताओं' से सरकार का संवाद

# अब रियल एस्टेट समस्याओं के समाधान के लिए होगा सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार ने रियल एस्टेट क्षेत्र की लंबित व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए आवास उपलब्ध कराने वाले 'आवासदाताओं' से संवाद शुरू किया है। इसी क्रम में मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल के साथ क्रेडाई भोपाल के प्रतिनिधिमंडल की बैठक हुई, जिसमें रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और सुधारों पर विस्तार से चर्चा की गई।

वल्लभ भवन में आयोजित बैठक में क्रेडाई भोपाल अध्यक्ष मनोज सिंह मीक के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव को 29 सूत्रीय प्रतिवेदन सौंपा। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे भी मौजूद रहे। प्रतिवेदन में भोपाल मास्टर प्लान, रेरा, कलेक्टर गाइडलाइन से जुड़े शुल्क, स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क, संपत्ति कर, बिजली, पर्यावरण, एसटीपी, एफएआर और विकास अनुमतियों जैसी प्रमुख समस्याओं को उठाया गया।



मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल के साथ क्रेडाई भोपाल का प्रतिनिधिमंडल।

### सभी विभागों के साथ होगा समाधान सम्मेलन

बैठक में रियल एस्टेट और शहरी विकास से जुड़े सभी विभागों की सहभागिता वाला एक दिवसीय राज्यस्तरीय समाधान सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। मुख्य सचिव ने अपर मुख्य सचिव संजय दुबे को सम्मेलन की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस सम्मेलन में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, क्रेडाई मध्यप्रदेश और विभिन्न नगर अध्यायों के पदाधिकारी शामिल होंगे। साथ ही राष्ट्रीय क्रेडाई के माध्यम से अन्य राज्यों की बेहतर नीतियों और कार्यप्रणालियों को भी साझा किया जाएगा।

### रेरा नियुक्तियां जल्द, एनओसी की संख्या घटाई गई

मुख्य सचिव ने रेरा अध्यक्ष और तकनीकी सदस्य की नियुक्ति जल्द करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा सीए प्रमाणपत्र से जुड़ी गणना संबंधी त्रुटियों में सुधार और परियोजनाओं को पूरा करने की समय-सीमा पर व्यावहारिक निर्णय लेने की बात कही गई। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि कारोबार सुगमता के तहत परियोजनाओं की मंजूरी के लिए आवश्यक एनओसी की संख्या पहले के 12 से अधिक अनुमोदनों से घटाकर अब तीन कर दी गई है और इसकी अधिसूचना जारी हो चुकी है।

### मास्टर प्लान और विकास शुल्क पर उठे सवाल

क्रेडाई ने बैठक में कहा कि वर्ष 2005 के बाद नया भोपाल मास्टर प्लान प्रकाशित नहीं होने से राजधानी के नियोजित विस्तार और किफायती आवास विकास पर असर पड़ रहा है। संगठन ने कहा कि भूमि उपयोग सीमित होने और जमीन व अनुमतियों की लागत बढ़ने से नए आवासीय क्षेत्रों का विकास चुनौतीपूर्ण हो गया है। हालांकि, शासन की ओर से मास्टर प्लान जारी करने की निश्चित समय-सीमा नहीं बताई गई। विभाग ने कहा कि शहरी सुधारों को गति देने के लिए भूमि विकास नियमों को व्यापक रूप से लागू करने पर काम किया जा रहा है। क्रेडाई ने कलेक्टर गाइडलाइन से जुड़े विकास शुल्कों और अन्य राज्यों की व्यवस्थाओं का तुलनात्मक विवरण भी उपलब्ध कराने की बात कही। अधिकारियों ने परियोजनाओं में एसटीपी संचालन और अग्नि सुरक्षा मानकों के पालन पर जोर दिया।

### 'कमाल का भोपाल' रिपोर्ट भी सौंपी

बैठक के दौरान क्रेडाई अध्यक्ष मनोज सिंह मीक ने मुख्य सचिव को राजधानी के आर्थिक विकास और सकारात्मक पहचान पर आधारित 'कमाल का भोपाल' रिपोर्ट भी सौंपी। उन्होंने कहा कि आवास क्षेत्र की समस्याओं का समाधान केवल बिल्डरों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर घर खरीदारों, निर्माण श्रमिकों, रोजगार, निवेश और शहरी विकास पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि आवास क्षेत्र की व्यावहारिक कठिनाइयों का समयबद्ध समाधान प्रदेश के आर्थिक विकास और जनहित से जुड़ा विषय है। इस अवसर पर मुख्य सचिव को राजा भोज की कलात्मक प्रतिमा भी भेंट की गई। प्रतिनिधिमंडल में क्रेडाई के सचिव सुनील कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजीव सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष जयंत भंडारी और यूथ क्रेडाई के रौनक साहिता शामिल रहे।

### डीजल टैंक और चार नोजल सील

## इंडियन ऑयल कंपनी के पेट्रोल पंप पर पानी मिला डीजल पकड़ा



पेट्रोल पंप पर कार्रवाई करता जांच दल।

**दस हजार लीटर डीजल में सौ लीटर पानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पेट्रोल-डीजल की गुणवत्ता और उपभोक्ता सुविधाओं की जांच के लिए चल रहे अभियान के तहत बुधवार को गोविंदपुरा क्षेत्र स्थित इंडेन कंपनी के मेसर्स दम्मो फिलिंग स्टेशन पर बड़ी अनियमितता सामने आई।

जांच दल ने पंप पर ग्राहकों को पानी मिला डीजल बेचे जाने की पुष्टि होने के बाद डीजल टैंक और चार नोजल सील कर दिए हैं। जांच के दौरान डीजल में पानी की मिलावट पाई गई। इसके बाद मौके से 9787 लीटर डीजल जब्त किया गया, जिसमें करीब 100 लीटर पानी मिला है। जांच में पंप पर अन्य अनियमितताएं भी सामने आईं। रिकॉर्ड की जांच में दिसंबर, मार्च, मई, जून और जुलाई में निर्धारित क्षमता से करीब 3000 लीटर अधिक पेट्रोल भंडारण दर्ज मिला। अधिकारियों के अनुसार पंप पर अधिकतम 20 हजार लीटर पेट्रोल भंडारण की अनुमति है, जबकि रिकॉर्ड में 23 हजार लीटर दर्ज था।

इसके अलावा एक्स्ट्रा प्रीमियम पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनाल की पुष्टि हुई, लेकिन ई-20 पेट्रोल की सूचना प्रदर्शित नहीं की गई थी। पंप के वाटर कूलर में भी गंदगी मिली। जांच दल द्वारा तैयार रिपोर्ट कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत की जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

### अधिकारियों पर बरसे विधायक पन्नालाल

## चोरों को नहीं, किसानों को पकड़ रहा खनिज विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा विधायक पन्नालाल शाक्य ने गुना में अपनी ही सरकार के प्रशासनिक तंत्र पर तीखा हमला बोला। उन्होंने खनिज



विभाग पर भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाए। इतना ही नहीं, एसडीएम और कलेक्टर की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकारी जनता की नहीं सुन रहे हैं। कार्यक्रम जिला प्रशासन, उद्योग विभाग, स्टार्टअप सेंटर मध्य प्रदेश और भारत सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था।

### खनिज विभाग पर भ्रष्टाचार, अवैध वसूली के आरोप लगाए

विधायक शाक्य ने मंच से आरोप लगाया कि खनिज विभाग अवैध उत्खनन करने वालों पर कार्रवाई करने के बजाय जरूरत के लिए रेत या बजरी खरीदने वाले किसानों और आम लोगों को परेशान कर रहा है। उन्होंने एक किसान का उदाहरण देते हुए बताया कि किसान ने फड़ से पैसे देकर भसुआ (रेत/बजरी) खरीदा था, लेकिन रास्ते में खनिज विभाग ने उसकी ट्रॉली पकड़कर भारी जुर्माना लगा दिया।

### फोन पर भी नहीं मिली राहत

विधायक ने बताया कि उन्होंने मामले में पहले जिला खनिज अधिकारी से बात की, लेकिन अधिकारी ने जुर्माना हटाने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्होंने एसडीएम से संपर्क किया। एसडीएम ने भी असमर्थता जताई। शाक्य ने कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल से बात की। कलेक्टर ने जानकारी लेकर वापस फोन करने का आश्वासन दिया, लेकिन काफी देर तक कोई जवाब नहीं आया। बाद में दोबारा संपर्क करने पर भी समाधान नहीं मिला। जिला खनिज अधिकारी सचिन वर्मा ने विधायक के आरोपों पर कहा कि विभाग नियमों के अनुसार कार्रवाई करता है। हम गाड़ियां पकड़ते हैं, इससे कुछ लोगों को नाराजगी हो सकती है। उनकी नाराजगी क्या है, यह वही बता सकते हैं। मैं नियमानुसार कार्रवाई करता हूं।

### धर्म छिपा कर भोपाल में युवती से दोस्ती

## दिल्ली ले जाकर मस्जिद में बनाया शादी का दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा इलाके की 20 वर्षीय युवती को इंस्टाग्राम पर अपनी पहचान छिपाकर प्रेमजाल में फंसाने और शादी के लिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को क्रिश जैन बताकर युवती से दोस्ती की, लेकिन दिल्ली पहुंचने पर मस्जिद में शादी करने की बात कहने पर उसकी असली पहचान सामने आ गई। युवक का असली जुम्मन अंसारी है, युवती के विरोध करने पर रेलवे स्टेशन पर विवाद हो गया, जिसके बाद दिल्ली जीआरपी ने दोनों को रोककर पूछताछ की।

### परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई

इधर, युवती के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने निशातपुरा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। शक के आधार पर उन्होंने युवक और युवती के फोटो पुलिस को सौंपे। इसके बाद निशातपुरा पुलिस ने दोनों के फोटो भोपाल, बीना सहित विभिन्न जीआरपी थानों को भेज दिए। दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आरोपी ने युवती से कहा कि दोनों मस्जिद में शादी करेंगे। यह सुनकर युवती को उसकी असली पहचान जुम्मन अंसारी निवासी लखनऊ होने का पता चला। उसने शादी से इनकार कर दिया, जिससे दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया।

### युवती को सकुशल वापस लेकर आई पुलिस

भोपाल पुलिस को सूचना मिलने पर टीम दिल्ली पहुंची और युवती को सकुशल वापस लेकर आई। निशातपुरा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, निशातपुरा क्षेत्र में रहने वाली युवती की करीब एक वर्ष पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से उत्तर प्रदेश के लखनऊ निवासी युवक से दोस्ती हुई थी। युवक ने अपना नाम क्रिश जैन बताया था। बातचीत धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गई। युवती से शादी करने के उद्देश्य से आरोपी भोपाल के करोंद क्षेत्र में आकर रहने लगा और यहीं काम करने लगा। कुछ दिन पहले आरोपी ने युवती को मिलने के बहाने करोंद चौराहे पर बुलाया और भोपाल रेलवे स्टेशन ले गया। वहां से दोनों ट्रेन से दिल्ली रवाना हो गए।

## ईरानी डेरे में बंदूक दिखाकर युवती से दुष्कर्म

**पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित ईरानी डेरा में एक युवती से कुख्यात बदमाश काला इरानी के बेटे ताहिब अली द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। युवती का आरोप है कि गत वर्ष अप्रैल महीने में उसकी सगाई ताहिब अली से हुई थी। शादी से पूर्व ही काला ईरानी के परिवार ने उसे अपने घर बुला लिया और वहां ताहिर अली द्वारा बंदूक दिखाकर उससे जबरन शारीरिक संबंध बना रहा था।

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बीस साल की युवती ईरानी डेरा में रहती है। गत वर्ष 4 अप्रैल को सगाई ईरानी डेरा निवासी काला ईरानी के बेटे ताहिब अली से हुई। ताहिब अली और उसके परिजन ने शादी से पूर्व ही युवती को घर में रख लिया। युवती का कहना है कि घर में रखने के दौरान ताहिब अली बंदूक दिखाकर उससे शारीरिक संबंध बना रहा था। पीड़िता का आरोप है कि एक साल से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी ताहिब अली ने उससे शादी नहीं की। परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस को शिकायत की थी।

### भोपाल मंडल से जाने वाली दो जोड़ी ट्रेनें निरस्त

**भोपाल।** अजमेर मंडल के अजमेर-चंदेरिया रेलखंड पर झड़वासा-बांदनवाड़ा एवं सिंगावल स्टेशनों के मध्य कार्य के अंतर्गत नॉन-इंटरलॉकिंग ब्लॉक लिया जा रहा है। गाड़ी संख्या 19711 जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस 6 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक बांदनवाड़ा स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 19712 भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस 6 से 8 अक्टूबर तक बांदनवाड़ा स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी।




### प्रदेश भर से आए कार्यकर्ताओं की जनसमस्याएं सुनकर त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

## मंत्री कृष्णा गौर ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद, सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश शासन की मंत्री कृष्णा गौर ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं को सुना। मप्र



शासन की मंत्री कृष्णा गौर ने कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई एवं शीघ्र निराकरण के लिए प्रेषित किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा।

### दमोह, झाबुआ, नरसिंहपुर और ग्वालियर के मामले

## प्रदेशभर में गुरुवार को रिश्वतखोरी के 'गुरु' दबोचे गए

### दमोह: 8 हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़ाया रोजगार सहायक



सागर लोकायुक्त की टीम ने रोजगार सहायक राजेश सिंह लोधी को 8 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथों दबोचा। शिकायतकर्ता संजू रैकवार के अनुसार उसे स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किस्त जारी करने और जियो टैगिंग के बदले रोजगार सहायक ने 30 हजार रुपए की मांग की थी। आरोपी पहले ही 22 हजार रुपS ऐंठ चुका था। गुरुवार को अंतिम 8 हजार रुपए लेते ही लोकायुक्त ने उसे धर दबोचा।

### झाबुआ: फार्मर आईडी के लिए 2 हजार लेते पटवारी ट्रैप



इंदौर लोकायुक्त पुलिस ने सारंगी उप तहसील कार्यालय में बड़ी कार्रवाई करते हुए पटवारी संजय अमलियार को 2 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा है। मोहनपुरा निवासी किसान पुनिया भूरिया की कृषि भूमि का एक सर्वे नंबर फार्मर आईडी में दर्ज होना छूट गया था। इसे अपडेट करने के बदले हल्का नंबर-30 का पटवारी रिश्वत की मांग कर रहा था।

### नरसिंहपुर: नक्शा दुरुस्ती के नाम पर 3 हजार लेते पकड़ा



जबलपुर लोकायुक्त पुलिस ने गाडरवारा तहसील कार्यालय में कार्रवाई करते हुए तहसीलदार के बाबू अजय कुमार श्रीवास्तव को 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। बरहटा निवासी शिकायतकर्ता आशीष कुमार कौरव की जमीन के नक्शा सुधार का मामला तहसील में लंबित था। इसका आदेश जारी करने के एवज में आरोपी बाबू ने 5 हजार रुपए की मांग की थी, जो सौदा 3 हजार रुपए में तय हुआ।

### ग्वालियर: रिटायरमेंट से एक दिन पहले 6 हजार लेता धराया इंजीनियर

लोकायुक्त पुलिस ने ग्वालियर नगर निगम के कार्यपालन यंत्री सुशील कटारे को 6,000 रुपए



की रिश्वत लेते रंगेहाथों दबोचा है। हैरान करने वाली बात यह है कि आरोपी इंजीनियर 31 जुलाई को ही सेवामुक्त (रिटायर) होने वाला था। ठेकेदार सचिन पचौरी ने 36 लाख रुपए के सड़क निर्माण बिलों के भुगतान के लिए शिकायत दर्ज कराई थी। लंबित फाइलों पर हस्ताक्षर करने के एवज में 1% कमीशन (36,000 रुपए) मांगा गया था। पूर्व में 30 हजार रुपए लेने के बाद, जैसे ही आरोपी ने नगर निगम दफ्तर में शेष 6 हजार रुपए की किस्त ली, लोकायुक्त टीम ने उसे गिरफ्तार कर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया।



बस में बैठे यात्रियों के टिकट काटता कंडेक्टर।

# शुरू हुई एसी ई-बस सेवा, यात्री बोले-बेहद आरामदायक

## फिलहाल 3 रूटों पर चलाई जा रही हैं 10 बस, किराए में कोई बदलाव नहीं किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

शहर के सार्वजनिक परिवहन को बेहतर बनाने की दिशा में गुरुवार से एसी ई-बसों का संचालन शुरू हो गया। टिकटिंग सॉफ्टवेयर की जांच और ट्रायल रन पूरा होने के बाद पहली बार ई-बसें यात्रियों को लेकर सड़कों पर उतरीं। फिलहाल 3 रूटों पर 10 बसें चलाई जा रही हैं।

*7 रुपए से शुरू होकर 40 रुपए तक लिया जा रहा किराया*

*15 अगस्त को किया जाएगा सभी बसों का औपचारिक लोकार्पण*



कमला पार्क स्टॉप पर ठहरी बस।

### सभी स्टॉप पर ठहर रहीं

इनका किराया 7 से 40 रुपये तक रखा गया है। खास बात यह है कि यात्रियों को एसी सुविधा के लिए कोई अतिरिक्त किराया नहीं देना पड़ रहा है। ई-बसें चिरायु हॉस्पिटल, डीबी मॉल मेट्रो स्टेशन, बैरागढ़, चिचली और कोच फैक्ट्री जैसे प्रमुख रूटों पर चल रही हैं। सभी बसें शहर के पहले से बने बस स्टॉप पर रुक रही हैं, जिससे यात्रियों को कोई परेशानी नहीं हो रही। हालांकि अभी बसों का निश्चित टाइम टेबल तय नहीं किया गया है।

**भोपाल में 30 ई-बसें पहुंच चुकी हैं...**

पहले चरण में 10 बसें शुरू की गई हैं, जबकि बाकी बसें भी जल्द सड़कों पर उतरेंगी, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी और एमआईसी मेंबर मनोज राठौर ने बताया कि 15 अगस्त को सभी ई-बसों का औपचारिक लोकार्पण किया जाएगा। बैरागढ़ डिपो में इन बसों के लिए चार्जिंग की व्यवस्था भी तैयार कर ली गई है। इससे आने वाले समय में शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था और मजबूत होने की उम्मीद है।

### यात्रियों ने साझा किए अपने अनुभव...



एसी ई बस में सफर करते यात्री।

यात्रियों ने नई सेवा को सुविधाजनक बताया, कोलार निवासी रविकांत तिवारी ने कहा कि पहले जितना ही किराया होने से लोगों को बड़ी राहत मिली है, यात्रा पहले की तुलना में आसान हो गई है। एमपी नगर में काम करने वाली 42 वर्षीय गायत्री साहू ने बताया कि पहले उन्हें ई-रिक्शा से आने-जाने में करीब 50 रुपए खर्च करने पड़ते थे। अब बस सेवा शुरू होने से उनका खर्च कम होगा और समय की भी बचत होगी। नई ई-बसों में हाइड्रोलिक डोर लगाए गए हैं, जिनकी मदद से व्हीलचेयर और ट्राइसाइकिल का उपयोग करने वाले यात्री आसानी से बस में चढ़ और उतर सकेंगे।

---

## मिक्स लैंड यूज मामला: रोहित नगर, अरेरा कॉलोनी और बावड़िया कलां के दुकानदारों को थमाए हैं नोटिस

# 429 दुकानदारों-शोरूम संचालकों की आज खत्म होगी मोहलत, कल से सीलिंग की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भोपाल के आवासीय बनाम व्यावसायिक (मिक्स लैंड यूज) मामले में निगम ने कार्रवाई की तैयारी कर ली है। अरेरा कॉलोनी और रोहित नगर में आवासीय अनुमति लेकर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने वाले 429 दुकानदारों और शोरूम संचालकों को नगर निगम द्वारा दी गई मोहलत शुक्रवार को समाप्त हो रही है। इसके बाद 1 अगस्त से सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी । निगम ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद 15 जून से इन व्यापारियों को नोटिस देना शुरू किया था। 17 जुलाई को नोटिस जारी किए गए, जिसके बाद 20 और 22 को आखिरी नोटिस दिए गए।

कार्रवाई की रोकने के लिए नगर निगन कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

15 जून से अब तक तीन बार जारी किए इन दुकानदारों को नोटिस

### किन- किन जगहों पर होगी कार्रवाई

पूरे शहर में अब तक 800 से अधिक नोटिस जारी किए जा चुके हैं, लेकिन सबसे पहले कार्रवाई 10 नंबर मार्केट ,अरेरा कॉलोनी , 11-12 नंबर मार्केट,1100 क्वार्टर्स, सहयोग विहार, रोहित नगर बावड़िया कला ,अरविंद बिहार एवं भोपाल के सभी मार्गों पर नगर निगम भवन अनुज्ञा शाखा द्वारा नोटिस दिए गए हैं। इस कार्रवाई की आहट से व्यापारियों में बेचैनी बढ़ गई है। अरेरा कॉलोनी के ई-2 से ई-5 क्षेत्र में पिछले डेढ़-दो दशक से बड़ी संख्या में मकानों में दुकानें, क्लीनिक, शोरूम, ऑफिस और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं।

### सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा मामला

4 अगस्त को इस विषय पर सुनवाई प्रस्तावित है। अरेरा कॉलोनी निवासी पूर्णेंदु शुक्ला एमिकस क्यूरी के माध्यम से पक्षकार बने हैं, जबकि इसी मुद्दे पर उनकी याचिका हाईकोर्ट में भी लंबित है। राज्य सरकार भी सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल करने की तैयारी में है। रहवासी संघ की बैठक हुई जहां गौतम नगर, गुलमोहर, रचना नगर और शाहपुरा के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, तय किया गया कि 1 अगस्त से 'सिटिजन वॉक' अभियान चलाकर रिहायशी क्षेत्रों में बढ़ते व्यावसायिक अतिक्रमण के खिलाफ जनसमर्थन जुटाया जाएगा।



रोहित नगर बावड़िया कलां का मार्केट।

### नगर निगम का तर्क...

कार्रवाई की तैयारी नगर निगम के उपायुक्त भुवन गुप्ता ने बताया कि रोहित नगर और अरेरा कॉलोनी में 400 से ज्यादा दुकानदारों को नोटिस दिए गए थे। उनकी मोहलत 31 जुलाई को खत्म हो रही है। आगामी एक-दो दिन में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### व्यावसायिक दरों पर कर रहे भगुतान

महासंघ के अध्यक्ष आनंद सोनी ने बताया कि क्षेत्र के व्यापारी नगर निगम को नियमित रूप से कमर्शियल टैक्स, मध्य प्रदेश बिजली वितरण कंपनी को व्यावसायिक दरों पर बिजली शुल्क और निगम से प्राप्त कमर्शियल लाइसेंस का शुल्क जमा कर रहे हैं। इसके बावजूद सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में आवासीय भूखंडों पर संचालित व्यावसायिक गतिविधियों को बंद करने के नोटिस जारी किए जा रहे हैं। इससे हजारों व्यापारियों और कर्मचारियों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो सकता है, वहीं शासन को करोड़ों रुपए के राजस्व की हानि होगी।

## एनजीटी की सख्ती...भोज वेटलैंड, कलियासोत और केरवा क्षेत्र के कब्जे हटाने के निर्देश

राजधानी स्थित नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) बेंच में भोज वेटलैंड, कलियासोत डैम, केरवा डैम एवं भोपाल झील क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और अतिक्रमण हटाने के मामले में सुनवाई हुई। बेंच ने राशिद नूर खान बनाम कलेक्टर, भोपाल एवं अन्य सहित वेटलैंड संरक्षण से संबंधित चार प्रकरणों की संयुक्त सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि यह मामला केवल अतिक्रमण हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि वेटलैंड नियमों के पालन, वेटलैंड एवं एफटीएल क्षेत्र की वैज्ञानिक पहचान एवं सीमांकन, तालाबों में गंदे एवं अनुपचारित पानी के प्रवाह को रोकने तथा पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने से जुड़ा विषय है। मप्र शासन ने बेंच को बताया कि पूर्व आदेशों




के तहत में 9 व्यावसायिक अतिक्रमण हटाए जा चुके हैं, जबकि 9 आवासीय कब्जे अभी शेष हैं। प्रेमपुरा स्थित कुल 35 कब्जों में से 23 अतिक्रमण हटाकर करीब एक एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। शेष 12 आवासीय अतिक्रमणों को हटाने से पहले प्रभावित परिवारों को हाउसिंग फॉर ऑल योजना के तहत वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है।

### वैज्ञानिक सीमा का डिमार्केशन किया जाए

बेंच ने कहा कि केरवा डैम, कलियासोत डैम एवं भोपाल तालाब की वैज्ञानिक सीमा का चिन्हांकन एवं डिमार्केशन किया जाए। वेटलैंड क्षेत्र के आसपास खेती में रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के उपयोग पर प्रभावी रोक लगाई जाए ताकि जल प्रदूषण रोका जा सके। टीटी नगर एसडीएम ने वीसी के जरिए बताया कि एफटीएल क्षेत्र के अनेक कब्जे हटाए जा चुके हैं तथा शेष की कार्रवाई जारी है। कुछ मामलों में पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध न होने तथा उच्च न्यायालयों द्वारा पारित अंतरिम आदेशों के कारण कार्रवाई प्रभावित हुई है। बेंच ने कलेक्टर को निर्देशित किया कि अतिक्रण हटाने की कार्रवाई को प्रभावी बनाने समिति में एसएसपी/ पुलिस कमिश्नर द्वारा नामित एक पुलिस अधिकारी को शामिल किया जाए। जिससे आवश्यक पुलिस बल समय पर उपलब्ध कराया जा सके और कार्रवाई में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। बेंच ने संबंधित अधिकारियों को तीन सप्ताह के भीतर अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्रकरण की अगली सुनवाई 31 अगस्त को होगी।

---

## बंसी लगाकर पैक सिलेंडरों से चोरी का खुलासा

# अर्चना एजेंसी के सिलेंडरों से गैस चोरी टीम देख भागे... थाने के पास पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी में गैस एजेंसियों से आपके घर पहुंच रहे सिलेंडरों में गैस चोरी की जा रही है। उपभोक्ता 14 किलो 200 ग्राम गैस के 948 रुपए दे रहे हैं, लेकिन इन सिलेंडरों से दो से तीन किलो तक गैस चोरी की जा रही है। जिसकी वजह से उपभोक्ताओं के किचन में लगा सिलेंडर जल्दी खत्म हो रहा है। दो दिन पहले आरिफ नगर के सामने स्थित ग्राउंड में टीलाजमालपुरा स्थित इंडेन कंपनी की अर्चना गैस एजेंसी के कर्मचारी पैक सिलेंडरों से गैस चोरी कर रहे थे, तभी खाद्य विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। ठीम को देखकर गैस एजेंसी के कर्मचारी भारत अहिरवार और भूपेंद्र नौरिया ने ऑटो को डीआईजी बंगला तरफ दौड़ा दिया। यह देखकर टीम के लोग भी वाहन के पीछे लग गए। चालक वाहन को पीजीबीटी तरफ से होते हुए टीला जमालपुरा तक ले गया, जहां टीम ने उसे दबोच लिया।

जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि शहर की गैस एजेंसियों से लगातार पैक सिलेंडरों से गैस चोरी की शिकायतें मिल रही हैं, जिसको लेकर पिछले दिनों टीम को अर्चना गैस एजेंसी के वाहन में भरे 24 सिलेंडर पकड़े गए हैं। जिसमें तीन सिलेंडरों में गैस कम निकली है। इसके साथ दो सिलेंडरों की सील भी टूटी मिली है।




24 सिलेंडरों समेत ऑटो जब्त किया गया।

### गोदाम की जांच करने नहीं पहुंची टीम

खाद्य विभाग की टीम ने अर्चना गैस एजेंसी के ऑटो समेत 24 सिलेंडर जब्त किए गए हैं, जिसमें 11 सिलेंडर भरे हुए थे। टीम ने वाहन और सिलेंडरों को जब्त कर लिया है, जबकि एजेंसी के गोदाम की जांच नहीं की गई है। अगर गोदाम की जांच की जाती तो यहां सिलेंडरों की संख्या में भारी गड़बड़ी मिलती। ऑटो में गैस ट्रांसफर करने वाली बंसी भी जब्त की है।

### थाने में कांटा लगाकर तौले सिलेंडर

सहायक आपूर्ति अधिकार अशोक सत्यार्थी ने टीला जमालपुरा थाने में ही ऑटो एमपी-04-वाईएन-6825 में रखे 11 भरे सिलेंडरों को कांटे पर तौला, जिसमें तीन सिलेंडरों से पांच से लेकर तीन किलो तक गैस कम निकली। टीम ने ऑटो और सिलेंडर जब्त कर एजेंसी संचालक पर केस दर्ज कर लिया है।

### सेल्समेन से तौलकर लें सिलेंडर

इंडेन, एचपीसीएल और भारत गैस एजेंसी के सिलेंडरों में 14 किलो 200 ग्राम गैस होती है, जबकि खाली सिलेंडर का वजन 15 किलो 700 ग्राम होता है। ऐसे में भरे सिलेंडर का कुल वजन करीब 29 किलो 500 ग्राम से तीस किलो तक होता है। अगर आपके घर पर सिलेंडर देने कर्मचारी आता है, तो उससे कांटे पर वजन करने के बाद ही सिलेंडर लें। इसी तरह गोदाम से लिए जाने वाले सिलेंडर को भी कांटे पर वजन करने के बाद ही खरीदें।

---

## एमबीबीएस इंटर्न को मिला जूनियर डॉक्टर का साथ

# जीएमसीः इंटर्न डॉक्टरों ने कहाः स्टाइपेंड 30 हजार होने तक जारी रहेगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

तीस हजार रुपए स्टाइपेंड की मांग को लेकर एमबीबीएस इंटर्न का कामबंद आंदोलन जारी है। सरकार की ओर से करीब 20 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव सामने आया है, लेकिन लिखित आदेश जारी नहीं होने से सहमति नहीं बनी। गुरूवार को जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जेडीए) ने इंटर्नों के आंदोलन को समर्थन दिया और काली पट्टी बांधकर चिकित्सीय कार्य किया।



जेडीए के पदाधिकारियों और इंटर्न प्रतिनिधियों के बीच हुई बैठक में आंदोलन की स्थिति और मांगों पर चर्चा हुई। इसके बाद जेडीए ने आंदोलन के समर्थन का फैसला लिया।

इंटर्न डॉक्टर मौजूदा 14 हजार 337 रुपए मासिक स्टाइपेंड को बढ़ाकर 30 हजार रुपए करने की मांग कर रहे हैं। इस मांग को लेकर प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों के इंटर्न 24 जुलाई से कामबंद आंदोलन कर रहे हैं।

# आनंद मावा भंडार के मावा, पनीर में पॉम तेल, दुकान का लाइसेंस सस्पेंड

## आनंद और महाकाल मावा भंडार से जब्त किया था ढाई क्विंटल मावा, पनीर

## एडीएम कोर्ट में चलेगा केस, जुर्माना और सजा दोनों संभव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

तीन दिन पहले मंगलवारा क्षेत्र के आनंद और महाकाल मावा भंडार से ढाई क्विंटल मावा और पनीर जब्त किया गया था, जिसमें से आनंद मावा भंडार की जांच रिपोर्ट आ गई है, जिसमें आनंद मावा भंडार के मावा और पनीर में पॉम तेल की मिलावट सामने आई है। जिसमें मावा, पनीर के सैंपल सब स्टेंडर्ड निकले हैं। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने मावा और पनीर के सैंपल फेल होने के बाद आनंद मावा भंडार का फूड लाइसेंस सस्पेंड कर दिया है, जिसके बाद संचालक अब खाद्य पदार्थों का विक्रय नहीं कर पाएगा।

श्रावण माह को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने शहर की डेयरियों पर मावा, पनीर, दूध, दही और घी की सैंपलिंग शुरु की है। जिसके तहत पिछले चार दिनों के दौरान एक दर्जन से अधिक संस्थानों से मावा, पनीर, घी, दूध और दही के सैंपल लिए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए राज्य लेबोरेटरी भेजे हैं। इस तरह टीम ने दो दर्जन से अधिक सैंपल लिए हैं। गुरुवार को आनंद मावा भंडार के मावा और पनीर के सैंपल की रिपोर्ट मिलने के बाद दुकान का लाइसेंस सस्पेंड किया गया है।



दुकानों से सैंपल लेते खाद्य विभाग के अधिकारी।

मावा और पनीर के सैंपल सब स्टैंडर्ड मिलने के बाद खाद्य विभाग केस एडीएम कोर्ट में पेश करेगा। जहां पर संचालक को अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा। खाद्य विभाग की जांच रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर संचालक पर जुर्माना लगाया जाएगा। इस मामले में सजा का प्रावधान भी रखा गया है।

---

## रेलवे स्टेशन तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क तक नहीं, कीचड़-गड्ढों से गुजर रहे यात्री

# आधी-अधूरी तैयारी के साथ निशातपुरा स्टेशन शुरू, खान-पान स्टॉल में अभी लगेगा वक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

रेलवे की ओर से आधी-अधूरी तैयारी के साथ ही निशातपुरा रेलवे स्टेशन के प्रारंभ कर दिया। दरअसल, यहां पर यात्रियों को खाने-पीने को लेकर अभी तक स्टॉल शुरू नहीं किए गए। ऐसे में यात्री को खाने-पानी की सामग्री को लेकर परेशान होना पड़ रहा है तो वहीं स्टेशन तक पहुंचने की पक्की सड़क नहीं बनी है। ऐसे यात्री कीचड़ गड्ढों से होते हुए स्टेशन तक परेशान होते हुए पहुंच रहे हैं। जानकारी के अनुसार 28 जुलाई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मालवा एक्सप्रेस के हरी झंडी दिखाकर स्टेशन का शुभारंभ कर रेल यातायात शुरू कर दिया। रेलवे की ओर से वर्तमान में यहां पर मालवा व सोमनाथ एक्सप्रेस का स्टॉपेज दिया जा रहा है। लेकिन अभी यात्रा पर खाने-पीने के स्टॉल शुरू नहीं होने से यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है। रेलवे सूत्रों के अनुसार करीब एक से डेढ़ माह लग सकते हैं, तब तक यात्रियों को खाने-पीने को लेकर इस परेशानी से दो-चार होना पड़ेगा।

### लगातार बढ़ रही यात्री संख्या




कीचड़ और गड्ढों से भरा है स्टेशन का मुख्य रास्ता।

रेलवे सूत्रों के अनुसार स्टेशन के प्रारंभ होने के पहले दिन करीब 67 यात्रियों ने यहां से सफर किया था। लेकिन अब यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। तीन दिनों में यहां 500 से अधिक यात्रियों ने सफर किया। लेकिन खाने-पीने के स्टाल नहीं होने व स्टेशन तक पहुंचने के सड़क नहीं होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि यात्री के सुविधा के लिए पाने के पानी की उचित व्यवस्था की गई। जल्द ही स्टाल खोलने को लेकर टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।




प्लेटफॉर्म पर एक भी स्टॉल न होने से यात्री परेशान होते हैं।

### स्टॉल को लेकर टेंडर प्रक्रिया जल्द...

निशातपुरा स्टेशन पर खाने-पानी के स्टॉल खोलने को लेकर जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसमें करीब एक माह का समय लगेगा। जो सबसे अधिक बोली लगाएगा, उसे टेंडर प्रदान किया जाएगा।

**ग्रेसियस नाजरथ**, सहायक वाणिज्य प्रबंधक,भोपाल मंडल

विशेष ग्राम सभाओं में होंगे वन अधिकारों की जागरुकता के प्रयास

# वन अधिकार अधिनियम 2026, जनजाति कल्याण का प्रतिबद्ध प्रयासः राज्यपाल पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


सामुदायिक वन संसाधन अधिकारों की समीक्षा करते राज्यपाल।

राज्यपाल ने की सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के क्रियान्वयन की समीक्षा

वन अधिकार अधिनियम 2006 जनजाति कल्याण का प्रतिबद्ध प्रयास है। संबंधित विभाग इस अधिनियम के क्रियान्वयन को विशेष प्रयासों से और अधिक प्रभावी बनाए।

क्रियान्वयन कार्य में आवश्यकता अनुसार स्थानीय जन प्रतिनिधियों और ज़िम्मेदार नागरिकों का सहयोग लें। यह निर्देश गुरूवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने दिए। राज्यपाल पटेल गुरुवार को लोकभवन में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। सांदीपनि सभागार में आयोजित बैठक में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे।

राज्यपाल पटेल ने बैठक में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के कार्यों की जिलेवार समीक्षा की। सामुदायिक वन संसाधन, संरक्षण और प्रबंधन के अधिकारों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप ग्राम सभा की समुचित प्रक्रिया अपनाई जाये। समस्त प्रक्रिया को ग्राम सभा में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में किया जाए। राज्यपाल पटेल ने पेसा ग्रामों में अधिनियम की प्रगति जानी।

उन्होंने कहा कि ग्राम सभा के कार्यों और वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखें। समय-समय पर वित्तीय प्रबंधन के लिए ज़िम्मेदार अधिकारियों का निरीक्षण भी कराएं।

### जन जागरुकता के विशेष प्रयास किए जाएंगे

राज्यपाल पटेल को अपर मुख्य सचिव पंचायत ग्रामीण विकास दीपाली रस्तोगी ने बताया कि 15 अगस्त की विशेष ग्राम सभाओं के माध्यम से वन संसाधन अधिकार अभियान को और आगे बढ़ाया जायेगा। स्थानीय स्तर पर जन जागरूकता के विशेष प्रयास किए जाएंगे। अधिनियम के क्रियान्वयन से संबंधित सभी विभागों का सहयोग भी लिया जाएगा। प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य गुलशन बामरा ने प्रदेश भर में वनाधिकार कार्यों की प्रगति की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अधिनियम के क्रियान्वयन से जुड़ी समस्त प्रक्रियाओं की जानकारी दी। क्षेत्र विशेष की आवश्यकता अनुसार कार्यों पर चर्चा की। प्रमुख सचिव वन राघवेंद्र सिंह ने आगामी दिनों में वन संसाधन अधिकार से संबंधित लंबित कार्यों को तेज़ी से पूर्ण करने की बात कही।

### यह रहे मौजूद

*बैठक में जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक खांडेकर, राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव ई. रमेश कुमार, जनजाति प्रकोष्ठ की सचिव मीनाक्षी सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) शुभरंजन सेन, प्रधान मुख्य वन संरक्षक मनोज कुमार अग्रवाल और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।*

श्रवण नक्षत्र, त्रिगाही और आयुष्मान योग के साथ पवित्र माह शुरु

# सावनः शिव मंदिरों में भक्तों का तांता जगह-जगह हुआ शिवलिंग निर्माण


बिड़ला मंदिर में शिव अभिषेक करते हुए श्रद्धालुगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

धार्मिक-आस्था के प्रतीक पवित्र सावन मास की शुरूआत गुरुवार से हो गई है। 28 अगस्त रक्षाबंधन तक सावन माह होने के चलते श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन रहेंगे। सावन माह के पहले दिन शिव भक्तों की मंदिरों में भीड़ उमडी। मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान हुए और जगह-जगह पार्थिव शिवलिंग बनाए गए। सावन मास में भगवान भोलेनाथ की आराधना का विशेष महत्व है। सावन की शुरुआत के साथ ही शहर का माहौल शिवमय हो गया। एक माह तक श्रद्धालु भगवान की आराधना की जाएगी। सावन मास के पहले दिन गुरुवार को मंदिरों और घरों में भगवान शिव का पंचामृत से अभिषेक और चंदन, धतूरा, बेल पत्र से श्रृंगार किया गया।

सुभाष कॉलोनी, अशोका गार्डन स्थित मां भवानी, शिव हनुमान मंदिर में महिलाओं ने माटी से शिवलिंग निर्माण कर उनका पूजन-अभिषेक किया। गुफा मंदिर शहद आदि से अभिषेक और आरती की गई।

### गंगाजल, दूध-दही से भगवान का अभिषेक

शिव जी का गंगाजल, दूध-दही, सोमवारा स्थित बड़वाले महादेव मंदिर में भगवान बटेश्वर का अनेक यजमानों ने अभिषेक किया। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि श्रवण नक्षत्र, त्रिगाही योग और आयुष्मान योग के अत्यंत शुभ संयोग में सावन माह की शुरूआत हो गई। इस मौके पर शिवालयों में पार्थिव शिवलिंग का पूजा पाठ का शुभारंभ हो गया। शिव की आराधना करने वाले जातकों की आयु में वृद्धि होगी।



### मंदिरों में हुई विशेष पूजा

*सावन मास में शहर के शिवालय सहित अन्य मंदिरों में भगवान भोलेनाथ की आराधना,रुद्राभिषेक किया गया। पुराना माता मंदिर स्थित आदर्श नवदुर्गा मंदिर में महीने भर तक प्रतिदिन सुबह भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक और धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे।*

प्रवेश-निकासी के लिए अलग-अलग मार्ग

### श्रावण में ओंकारेश्वर दर्शन का नया प्लान, बदला रास्ता

**भोपाल।** श्रावण मास में आशुतोष भगवान बाबा ओंकार (ओम्कारेश्वर) के दर्शन के लिए उमड़ने वाले श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था में व्यापक बदलाव किया है। श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित दर्शन उपलब्ध कराने तथा मंदिर क्षेत्र में भीड़ के दबाव को नियंत्रित करने के उद्देश्य से एकांगी मार्ग व्यवस्था (वन-वे सिस्टम) लागू कर दी गई है। नई व्यवस्था के तहत श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास के मार्ग अलग-अलग निर्धारित किए गए हैं। सामान्य श्रद्धालुओं के साथ ही प्रोटोकॉल एवं शीघ्र दर्शन टिकटधारी श्रद्धालुओं के लिए भी पृथक मार्ग बनाए गए हैं। प्रशासन का उद्देश्य दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखते हुए श्रद्धालुओं के आवागमन को गति देना है।

**सामान्य श्रद्धालुओं के लिए यह रहेगा दर्शन मार्ग**

- पुराने बस स्टैंड से आने वाले श्रद्धालु निर्वाणी अखाड़ा जूता-चप्पल स्टैंड, जेपी चौक, पुराना पुल, रैम्प, गर्भगृह, झूला पुल, स्काईब्रिज, निर्वाणी अखाड़ा जा सकेंगे।
- न्यू बस स्टैंड (दांडी तिराहा) से आने वाले श्रद्धालु गजानन आश्रम ब्रह्मपुरी जूता-चप्पल स्टैंड, स्काईब्रिज, जेपी चौक, पुराना पुल, रैम्प, गर्भगृह, झूला पुल, स्काईब्रिज, निर्वाणी अखाड़ा जा सकेंगे।




यात्रियों की सुविधा के लिए निर्णय

### इसरदा स्टेशन पर भोपाल मंडल होकर संचालित ट्रेनों को मिलेगा ठहराव

**भोपाल।** श्रावण मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा जयपुर मंडल के इसरदा रेलवे स्टेशन पर अस्थायी ठहराव की सुविधा प्रदान की जा रही है।

इस व्यवस्था के अंतर्गत भोपाल मंडल होकर संचालित 5 ट्रेनों को 03 , 10 , 17 एवं 24 अगस्त, को इसरदा स्टेशन पर दो मिनट का अस्थाई ठहराव दिया जाएगा।

- *गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर एक्सप्रेस - प्रातः 10:01 बजे आगमन एवं 10:03 बजे प्रस्थान।*
- *गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस - सायं 18:32 बजे आगमन एवं 18:34 बजे प्रस्थान।*
- *गाड़ी संख्या 12975 मैसूर-जयपुर एक्सप्रेस - प्रातः 04:50 बजे आगमन एवं 04:52 बजे प्रस्थान।*
- *गाड़ी संख्या 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस - दोपहर 13:30 बजे आगमन एवं 13:32 बजे प्रस्थान।*
- *गाड़ी संख्या 04716 साईंनगर शिर्डी-बीकानेर स्पेशल - सायं 19:14 बजे आगमन एवं 19:16 बजे प्रस्थान।*
- *यह अस्थायी ठहराव श्रावण मेला के दौरान इसरदा क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रदान किया गया है, जिससे उन्हें आवागमन में अतिरिक्त सुविधा प्राप्त होगी।*

### श्रीजी मंदिर में हिंडोला उत्सव हुआ शुरू, 14 फीट ऊंचे चांदी के झूले में विराजे भगवान

**भोपाल।** पुष्टिमार्गीय वैष्णव संप्रदाय के श्रीजी मंदिर में गुरुवार से हिंडोला उत्सव शुरू होगा। प्राचीन मंदिर लखेरापुरा श्रीजी मंदिर में भगवान श्री कृष्ण को बाल स्वरूप में 14 फीट ऊंचे चांदी के झूले में झुलाया गया। वहीं शहर के बाकी राधा-कृष्ण मंदिरों में भी हिंडोला उत्सव की शुरुआत हो गई। श्रीजी मंदिर के मुखिया पंडित श्रीकांत शर्मा ने बताया कि मंदिर में भगवान 32 दिनों तक झूला झूलेंगे। श्रवण नक्षत्र से हिंडोली प्रारंभ हो जाते हैं जोकि उत्तराभाद्रपद नक्षत्र (31 अगस्त)तक होंगे। लगभग इस वर्ष प्रभु श्रीनाथजी 32 दिन हिंडोली में झूलेंगे।




बीएमएचआरसी में हुआ 'गर्भ संस्कार'

# मां की मानसिक सेहत शिशु के स्वस्थ भविष्य की नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएमएचआरसी में गर्भसंस्कार श्रृंखला के अंतर्गत 'गर्भावस्था में आहार, विचार और मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर स्वास्थ्य केंद्र-5, ओल्ड एमएलबी रोड गिन्नौरी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईसीएमआर-बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने की।

कार्यक्रम में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ज्योत्सना जैन ने मुख्य विशेषज्ञ के रूप में तथा आहार विशेषज्ञ अलका दुबे ने विशेष वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता डॉ. ज्योत्सना जैन ने बताया कि गर्भावस्था एवं प्रसव के बाद बड़ी संख्या में महिलाएं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से प्रभावित होती हैं।

### स्वस्थ मातृत्व, स्वस्थ समाज की आधारशिला

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि स्वस्थ मातृत्व, स्वस्थ समाज की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम गर्भवती महिलाओं को वैज्ञानिक एवं प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध कराने के साथ उन्हें अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों ने विशेषज्ञों से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से समाधान किया।

### सबसे अधिक पाए जाते हैं प्रसवोत्तर ब्लूज

प्रसवोत्तर ब्लूज सबसे अधिक पाए जाते हैं, जबकि प्रसवोत्तर मनोविकृति अपेक्षाकृत दुर्लभ, लेकिन अत्यंत गंभीर स्थिति है। उन्होंने कहा कि यदि इन मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का समय पर उपचार न किया जाए, तो इसका प्रतिकूल प्रभाव न केवल माँ बल्कि शिशु के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास के साथ-साथ पूरे परिवार के स्वास्थ्य, सामाजिक जीवन पर भी पड़ सकता है।

### असंतुलित भोजन और जंक फूड से बचें

आहार विशेषज्ञ अलका दुबे ने गर्भावस्था के दौरान संतुलित एवं पौष्टिक आहार की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि दैनिक भोजन में आयरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, प्रोटीन, ताजे फल, हरी सब्जियां तथा पर्याप्त मात्रा में पानी अवश्य शामिल करना चाहिए। उन्होंने असंतुलित भोजन एवं जंक फूड से बचने की सलाह दी।

डिजिटल कुरआ से हुआ हज यात्रियों का चयन, चयनित यात्रियों को भेजें एसएमएस

# हज के लिए मध्यप्रदेश को मिला 5 हजार 998 यात्रियों का कोटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


हज यात्रियों के लिए कुरआ निकालते हज कमेटी के सदस्य।

हज-2027 के लिए प्रदेश को इस बार 5 हजार 998 हज यात्रियों का कोटा जारी किया गया है। जिसके तहत दस हजार 58 हज यात्रियों के लिए डिजिटल कुरआ निकालकर 5 हजार 998 हज यात्रियों का चयन किया गया है। चयनित हज यात्रियों को एसएमएस से सेंट्रल हज कमेटी ने सूचना दे दी है। कुरआ के दौरान कई हज यात्रियों को अपने चयन की जानकारी एसएमएस से मिली, जिससे उनके चेहरे खिल गए। उन्होंने अल्लाह का शुक्र अदा करते हुए दुआ भी की। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने मुंबई स्थित हज कमेटी रूम में प्रदेश को 5 हजार 998 सीटों का आवंटन जारी किया है। इसके साथ वेटिंग वाले हज यात्रियों की लिस्ट भी जारी कर दी गई है। इस साल प्रदेश से 10 हजार 58 आवेदन मिले थे। जिनमें 972 आवेदन 65 वर्ष से अधिक आयु, 12 आवेदन 65 वर्ष से अधिक आयु की बिना मेहरम महिला, 65 आवेदन 45 वर्ष से अधिक आयु की बिना मेहरम महिला, 251 आवेदन वेटिंग (हज-2025 के प्रतीक्षासूची आवेदक) और 8 हजार 758 आवेदन सामान्य श्रेणी के थे।

■ चयनित हज यात्रियों के खिले चहरे, काबा के दीदार का मिलेगा मौका

### बिना कुरआ हुआ 13 सौ हज यात्रियों का चयन

*आरक्षित श्रेणियों के 1 हजार 300 आवेदकों का चयन बिना कुर्रा के किया गया। इसके बाद बची हुई 4 हजार 698 सीटों के लिए सामान्य श्रेणी के 8 हजार 758 आवेदकों के बीच ऑनलाइन डिजिटल रैंडम सिलेक्शन कराया गया। शेष सामान्य श्रेणी के आवेदकों को वेटिंग लिस्ट में रखा गया है।*

संस्था के निदेशक प्रो. त्रिपाठी ने पूरी टीम को बधाई दी, कहा राष्ट्रीय स्तर पर मिली महत्वपूर्ण पहचान

# गवर्नमेंट अचीवमेंट्स एंड स्कीम्स एक्सपो 2026 में निटर को प्राप्त हुआ प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


गवर्नमेंट अचीवमेंट्स एंड स्कीम्स एक्सपो में निटर को प्राप्त हुआ प्रथम पुरस्कार।

राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर) ने 25 से 27 जुलाई 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित गवर्नमेंट अचीवमेंट्स एंड स्कीम्स एक्सपो-2026 में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए फैकल्टी डेवलपमेंट एवं टेक्निकल पेडागॉजी में उत्कृष्टता श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

एक्सपो में निटर भोपाल ने अपनी शैक्षणिक परामर्श सेवाओं, औद्योगिक सहयोग तथा तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों का व्यापक प्रदर्शन किया। संस्थान के स्टॉल पर आगंतुकों को उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए आउटकम-आधारित पाठ्यक्रम निर्माण एवं मूल्यांकन सुधार, शैक्षणिक परामर्श, उभरती प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में विकसित 14 मूक्स, भारतीय ज्ञान प्रणाली तथा अन्य विशेष क्षेत्रों में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही स्वयं प्लेटफॉर्म के लिए विकसित 24 मूक्स भी प्रदर्शित किए गए, जिनसे अब तक 4.24 लाख से अधिक शिक्षार्थी लाभान्वित हो चुके हैं।

संस्थान के अधिकारियों ने रखी अपनी-अपनी राय

### राष्ट्रीय स्तर पर मिली महत्वपूर्ण पहचान

संस्थान के निदेशक प्रो. चन्द्र चारु त्रिपाठी के मार्गदर्शन में डॉ. अंजु रॉले, डॉ. संदीप एस. केदार, डॉ. रवि कुमार गुप्ता एवं डॉ. शिल्पी ने संस्थान का प्रतिनिधित्व किया। प्रथम पुरस्कार प्राप्त होने पर निदेशक प्रो. त्रिपाठी ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक, प्रशिक्षण एवं नवाचार संबंधी गतिविधियों की राष्ट्रीय स्तर पर मिली महत्वपूर्ण पहचान है।

# न्यूयॉर्क से आई महिला मरीज ने 4 दिन में कराया डेंटल इलाज, बोलीं- मुझे अपने भारतीय डॉक्टर पर गर्व है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


न्यूयार्क से इलाज कराने आईं महिला।

अमेरिका के न्यूयॉर्क से एक मरीज ने भोपाल आकर महज चार दिनों में अपना जटिल डेंटल इलाज पूरा कराया। उनका फुल माउथ रिहैबिलिटेशन उपचार राजधानी के डेनासिया डेंटल में डॉ. प्रशांत त्रिपाठी की देखरेख में किया गया। मरीज कई वर्षों से दांतों और जबड़े की गंभीर समस्या से परेशान थीं। उनके सभी दांत खराब हो चुके थे और जबड़े की हड्डी को भी काफी नुकसान पहुंचा था।

अमेरिका में विशेषज्ञों ने उन्हें पहले बोन ग्राफ्ट सर्जरी कराने और इसके बाद कई महीनों तक बिना दांत रहने की सलाह दी थी। इसके बाद इम्प्लांट प्रक्रिया पूरी होने में करीब एक साल तक का समय लगने की संभावना बताई गई थी। व्यस्त जीवन और नौकरी की वजह से इतना लंबा इलाज कराना उनके लिए संभव नहीं था। इसके बाद उन्होंने रिसर्च के बाद भारत आने का निर्णय लिया और डॉ. प्रशांत त्रिपाठी से संपर्क किया, जो बेसल इम्प्लांट और एडवांस इम्प्लांटोलॉजी के विशेषज्ञ हैं। इस जटिल केस में एशिया के प्रसिद्ध ओरल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अनिल घोम का मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण रहा। उनकी विशेषज्ञता और डॉ. त्रिपाठी की तकनीकी दक्षता से मरीज का सफल उपचार किया गया।

### बेसल इम्प्लांट तकनीक का उपयोग

*डॉ. प्रशांत त्रिपाठी ने बताया कि इस मामले में बेसल इम्प्लांट तकनीक का उपयोग किया गया। उन्होंने कहा कि इस तकनीक में कई मामलों में बोन ग्राफ्ट की आवश्यकता नहीं पड़ती और मरीज को सर्जरी के बाद जल्द ही फिक्स्ड दांत उपलब्ध कराए जा सकते हैं। अस्पताल के अनुसार, मरीज को सर्जरी के 24 घंटे के भीतर पूरे जबड़े के फिक्स्ड दांत लगाए गए, जिसके बाद वह सामान्य भोजन और अपनी दैनिक गतिविधियों में लौट सकीं। इलाज के बाद मरीज ने कहा कि उन्होंने काफी रिसर्च के बाद भारत को चुना और अपने इलाज से बेहद संतुष्ट हैं। उन्होंने बताया कि विदेशों से आने वाले मरीजों के लिए ऑनलाइन परामर्श, ट्रीटमेंट प्लानिंग और इलाज के बाद देखभाल जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।*

## मिनिमल इनवेसिव तकनीक से 72 साल के मरीज की सफल हार्ट बायपास सर्जरी

**भोपाल।** नर्मदापुरम रोड स्थित सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल (एसएमएच) के एडवांस्ड कार्डियक सेंटर में अत्याधुनिक मिनिमल इनवेसिव कार्डियक सर्जरी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई है। अस्पताल में 70 वर्षीय मरीज की मिनिमल इनवेसिव तकनीक से सफल हार्ट बायपास सर्जरी की गई।

पारंपरिक ओपन हार्ट सर्जरी, जिसमें बड़े चीरे और छाती की हड्डी को काटे जाने के विपरीत इस अत्याधुनिक प्रक्रिया में छाती के बाईं ओर छोटे चीरे के माध्यम से सर्जरी की गई, जिससे मरीज की रिकवरी काफी तेजी से हो रही है। यह सर्जरी एसएमएच के एडवांस्ड कार्डियक सेंटर में कंसल्टेंट, कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी सर्विसेज डॉ. संजीव गुप्ता और उनकी टीम के डॉ. अनुज मनोज कपूर सीनियर कंसल्टेंट, कार्डियक एनेस्थीसिया सर्विसेज़ व डॉ मनीष साहू असिस्टेंट सर्जन द्वारा की गई। डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि यह तकनीक उपयुक्त और चयनित मरीजों, विशेष रूप से अधिक उम्र या कुछ हाई-रिस्क मरीजों के लिए एक महत्वपूर्ण विकल्प हो सकती है।

एसएमएच में चीरे, छाती की हड्डी को काटे बिना सिर्फ 3 इंच का चीरा लगाया


एसएमएच में सर्जरी करते डॉक्टर्स।

### विशेषज्ञ टीम लेते हैं मरीज की सर्जरी से जुड़े अहम निर्णय

हालांकि, प्रत्येक मरीज के लिए सर्जरी की उपयुक्त तकनीक का निर्णय उसकी स्वास्थ्य स्थिति, हृदय की स्थिति और अन्य चिकित्सकीय मानकों के आधार पर विशेषज्ञ टीम द्वारा किया जाता है।

### 72 वर्षीय मरीज की तेजी से हो रही रिकवरी

*सर्जरी के बाद 72 वर्षीय मरीज की स्थिति पूरी तरह स्थिर और संतोषजनक है। मरीज तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं और चिकित्सकीय निगरानी में उनकी रिकवरी जारी है। उनकी स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए जल्द ही उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर घर भेजे जाने की उम्मीद है।*

## खबर संक्षेप



### हरियाणा और उत्तरप्रदेश की तर्ज पर बने ठोस आउटसोर्स नीति

**भोपाल।** मध्य प्रदेश संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए उत्तर प्रदेश एव हरियाणा की तर्ज पर ठोस नीति तैयार करने एव न्यूनतम 26 हजार रुपए वेतन किए जाने समेत अन्य मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री व लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग राजेंद्र शुक्ल को ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रदेशाध्यक्ष कोमल सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि प्रदेश शासकीय अस्पतालों में आउटसोर्स कर्मी सरकार की सभी योजनाओं में बढ़चढ़ कर पूर्ण ईमानदारी से कार्य करते हैं। फिर भी निजी आउटसोर्स एजेंसियों की मनमानी के कारण शासन द्वारा निर्धारित पूरा वेतन नहीं दिया जा रहा है ना ही समय पर दिया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने संघ के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि वह जल्द मुख्यमंत्री से चर्चा कर उनकी मांगों को निराकरण कराएंगे।

### अब आयुर्वेद, यूनानी चिकित्सकों को नहीं कह सकेंगे झोलाछाप डॉक्टर

**भोपाल।** नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन (एनसीआईएसएम) के आचार एवं पंजीयन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सुश्रुत कन्नौजिया ने सर्कुलर परिपत्र जारी करते हुए आयुर्वेद, यूनानी, सिद्धा व सोवा- रिग्पा चिकित्सकों को झोलाछाप अथवा फर्जी डॉक्टर नहीं कह सकेंगे। ज्ञात रहे कि इन पैथियों के पंजीकृत चिकित्सक विधिवत स्नातक डिग्री कर प्रशिक्षित होते हैं। संगठन के प्रांताध्यक्ष डॉ. विनोद बैरागी ने कहा कि संगठन के प्रयासों से ही यह संभव हो सका है। मप्र आयुर्वेद सम्मेलन के डॉ. राकेश पाण्डेय ने एनसीआईएसएम के डॉ. सुश्रुत कन्नौजिया व आयुष मंत्रालय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### जीएमसी: विद्यार्थियों को मिला बीएलएस एवं एसीएलएस का प्रशिक्षण

**भोपाल।** गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के निश्चेतना विभाग द्वारा वर्ष 2023 बैच के लगभग 250 स्नाकोत्तर विद्यार्थियों के लिए बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) एवं एडवांस्ड कार्डियोवैस्कुलर लाइफ सपोर्ट (एसीएलएस) प्रशिक्षण दिया गया। निश्चेतना विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया। जीएमसी डीन डॉ. कविता एन सिंह के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जुलाई माह में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. सोनल अवास्या एवं डॉ. आरपी. कौशल, डॉ. दीपेश गुप्ता, डॉ. सुरेंद्र कुमार रायकवार, डॉ. उर्मिला केशरी, डॉ. यशवंत धावले का योगदान रहा।

### विभागीय पदोन्नति में सीलबंद लिफाफा प्रक्रिया को लेकर असंतोष

**भोपाल।** विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया में डीपीसी से पहले सीलबंद लिफाफा अपनाए जाने को लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पीडब्ल्यूडी, वन समेत कई विभागों के कर्मचारियों के बीच कई गंभीर सवाल उठ रहे हैं, इससे कर्मचारियों में असंतोष है। उनका कहना है कि विभाग नियमों की गलत व्याख्या कर पदोन्नति प्रक्रिया संचालित की जा रही है।

### मुख्यमंत्री आज झाबुआ से 300 करोड़ रुपए के ऋण का करेंगे वितरण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में झाबुआ जिले के थांदला में शासकीय महाविद्यालय ग्राउंड में शुक्रवार 31 जुलाई को प्रदेश स्तरीय 'स्व-सहायता समूहों का क्षमतावर्धन एवं ऋण वितरण' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री प्रदेश के स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए 300 करोड़ रुप, के ऋण का वितरण करेंगे। वे प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से संवाद भी करेंगे।

## उज्जैन विक्रम उद्योगपुरी औद्योगिक परियोजनाओं का लिया जायजा

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- उद्योगों में स्थानीय किसानों एवं ग्रामीणों को प्राथमिकता से करवाएं रोजगार उपलब्ध

**विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में गुरूवार को विक्रम उद्योगपुरी का निरीक्षण कर औद्योगिक विकास एवं निवेश परियोजनाओं का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण में कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में लगने वाले उद्योगों में स्थानीय किसानों एवं ग्रामीणों को प्राथमिकता पर रोजगार के अधिक से अधिक अवसर मिले। किसानों को औद्योगिक इकाइयों में आवश्यक फसलों का उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो एवं उद्योगों को भी आवश्यकतानुसार कच्चा माल आसानी से उपलब्ध हो सके।

डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार की उद्योग-अनुकूल नीतियों, आधुनिक अधोसंरचना और निवेशकों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के कारण प्रदेश में उद्योगों का तेजी से विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री को एमपीआईडीसी के कार्यपालक निदेशक राजेश राठौड़ ने जिले में संचालित एवं प्रस्तावित औद्योगिक परियोजनाओं, औद्योगिक अधोसंरचना विकास, भूमि आवंटन तथा निवेश की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया।

- **विक्रम उद्योगपुरी में निवेश और रोजगार को मिलेगी नई गति**
- **ढाई वर्षों में 246 नई औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटित**



परियोजनाओं का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

**लगभग 16,150 करोड़ रुपए के निवेश**

उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि पिछले ढाई वर्षों में उज्जैन जिले में 246 नई औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटित की गई है। इनमें लगभग 16,150 करोड़ रुपए के निवेश तथा 14,500 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। निर्माणाधीन आईटी पार्क का प्रथम चरण पूर्ण हो चुका है। वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र में मेसर्स बेस्ट लाइफ कॉर्पोरेशन तथा मेसर्स प्रतिभा स्वराज लिमिटेड द्वारा 315 करोड़ से अधिक का निवेश किया जा रहा है।

### अत्याधुनिक खाद्य प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेसर्स पेप्सिको इंडिया लिमिटेड की अत्याधुनिक खाद्य प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री द्वारा लगभग 1,266 करोड़ रुपए के निवेश से स्थापित इस इकाई का वर्चुअल लोकार्पण किया गया था। इस परियोजना से लगभग 800 प्रत्यक्ष तथा बड़ी संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक क्षेत्र में 50.05 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन वर्किंग वूमेन हॉस्टल का भी निरीक्षण किया। यह आधुनिक आवासीय परिसर औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत लगभग 1,500 महिलाओं को सुरक्षित, सुविधायुक्त एवं सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराएगा। डॉ यादव ने कहा कि महिला कर्मचारियों के लिए बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होने से प्रदेश में महिला कार्यबल की भागीदारी बढ़ेगी तथा महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिलेगी।

## केले की फसल के नुकसान के लिए किसानों के खाते में डाली 107.82 करोड़ की राशि

# किसानों की समृद्धि और आय बढ़ाने के लिए हो रहे बलराम कृषि महोत्सव

**विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुरहानपुर में मई और जून में मौसम की मार ने केले की फसल को बहुत नुकसान पहुंचाया। बुरहानपुर नगर, बुरहानपुर ग्रामीण, नेपानगर और खकनार तहसीलों के 188 गांवों के 8 हजार 115 किसानों की केले की फसल प्रभावित हुई है। संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार कंधे से कंधा मिलाकर किसानों के साथ खड़ी है।

आज प्राकृतिक आपदा से प्रभावित जिले के 8 हजार से अधिक किसानों के खातों में 107 करोड़ 72 लाख रुपए से अधिक की राहत राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की जा रही है। डॉ. यादव गुरुवार को बुरहानपुर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को उज्जैन से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने केले की पैदावर में हुए नुकसान के लिए किसानों के खातों में सिंगल क्लिक से मुआवजा राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की समृद्धि और आय बढ़ाने के लिए जिलों में बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन हो रहा है। इसकी शुरुआत मां अहिल्याबाई होल्कर की धरती इंदौर से की गई थी।

**मुख्यमंत्री ने बुरहानपुर के बलराम कृषि महोत्सव को उज्जैन से किया वर्चुअली संबोधित**



किसानों के खातों में राशि अंतरित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### केले से बने उत्पादों ने देश-दुनिया में बनाई पहचान

डॉ. यादव ने कहा कि ताप्ती मैया के आशीर्वाद से बुरहानपुर क्षेत्र अपनी उद्यानिकी फसलों के लिए प्रसिद्ध है। यहां के स्वादिष्ट केले, हल्दी और कपास अपने आप में बेहद खास है। यहां कृषि से लेकर कपड़ा, दवा से लेकर फर्नीचर और पाइप उपकरण से लेकर अन्य कई सामग्रियों का निर्माण होता है। अब केले के रेशे से कपड़ा और सजावटी सामान भी तैयार किया जा रहा है। इन उत्पादों की ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से बिक्री के जरिए देश-दुनिया में बुरहानपुर को नई पहचान मिल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खंडवा और बुरहानपुर की कपास मंडी में टैक्स 1 रुपए से घटाकर आधा करने के निर्देश दिए गए हैं। बुरहानपुर के किसानों को धार के पीएम मित्र पार्क का भी लाभ मिलेगा। बुरहानपुर अब केवल कच्चे माल ही नहीं, बल्कि प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन, एक्सपोर्ट का भी बड़ा हब बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है।

### कावंडियों के लिए सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को पवित्र श्रावण मास की शुभकामनाएं देते हुए कलेक्टर्स को निर्देशित किया कि श्रावण मास में प्रदेश में जहां-जहां से कांवड़ यात्रा निकलने वाली हैं, वहां कांवड़ियों के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने आह्वान किया कि किसान नई तकनीक को आत्मसात करें, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती और उद्यानिकी फसलों से अपनी आय बढ़ाएं। खेती से सभी प्रकार के उद्योगों के लिए कच्चा माल और युवाओं को रोजगार के अवसर मिलते हैं। राज्य सरकार ने कृषक कल्याण वर्ष के माध्यम से किसानों को लाभान्वित करने के लिए 16 विभागों के साथ मिलकर कार्ययोजना तैयार की है।

### संग्रहालय निर्माण में पुरानी निर्माण पद्धति और गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए : मुख्यमंत्री




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में गुरूवार को कोठी महल स्थित निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत 'वीर भारत संग्रहालय' का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जीर्णोद्धार कार्य में इस्तेमाल की जा रही निर्माण सामग्री (कंस्ट्रक्शन मटीरियल) का निरीक्षण किया और स्थल पर काम कर रहे श्रमिकों व कारीगरों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने निर्देश दिए कि रिनोवेशन में पुरानी एवं पारंपरिक निर्माण पद्धतियों का ही अनुसरण किया जाए, जिससे इमारत की मौलिकता बनी रहे। इसके साथ ही उन्होंने गुणवत्ता से कोई समझौता न करने की बात कही। इस परियोजना का निर्माण कार्य आगामी नवंबर माह तक पूर्ण होने की संभावना व्यक्त की गई है।

# दतिया की जागरूक जनता ने बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत किया

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दतिया के मतदाताओं का जताया आभार**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने गुरूवार को संपन्न हुए दतिया विधानसभा उपचुनाव के मतदान में उत्साह, जागरूकता और जिम्मेदारी के साथ भागीदारी निभाने वाले सभी मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि दतिया की जागरूक जनता ने बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी अटूट आस्था और विश्वास का परिचय दिया है। लोकतंत्र की मजबूती में जनता की सक्रिय भागीदारी ही सबसे बड़ी शक्ति होती है और दतिया के मतदाताओं ने इस दायित्व का पूरी निष्ठा से निर्वहन किया है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मत का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान होता है। दतिया विधानसभा के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग कर यह संदेश दिया है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनकी गहरी आस्था है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि सभी वर्गों की भागीदारी लोकतंत्र को और अधिक सशक्त एवं समृद्ध बनाती है।

### लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि: खंडेलवाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बने प्रत्येक मतदाता का हृदय से अभिनंदन करती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दतिया की जनता ने प्रदेश के विकास, सुशासन और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि होती है और जनता का निर्णय सदैव सर्वोच्च एवं सर्वमान्य होता है। उन्होंने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित मतदान संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भारत निर्वाचन आयोग, जिला निर्वाचन प्रशासन, पुलिस प्रशासन, सुरक्षा बलों, मतदान दलों तथा चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों से मतदान प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिससे मतदाताओं को निर्भीक एवं सहज वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर मिला।

## मेपकास्ट के साथ साझा प्रयास

# आत्मनिर्भर भारत व नवाचार को गति देगा आईआईआईटी भोपाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

राजधानी स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) और मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (मेपकास्ट) के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को इंडस्ट्री-एकेडमिया मीट 2026 का आयोजन किया गया।

राष्ट्र निर्माण में उद्योग और शिक्षा जगत की साझेदारी: आर्थिक विकास, कौशल विकास और नवाचार को बढ़ावा विषय पर आधारित इस आयोजन का उद्देश्य उद्योग, शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थानों के बीच सहयोग को सुदृढ़ करना तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में नवाचार एवं अनुसंधान को गति प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में उद्योग, शिक्षा एवं अनुसंधान क्षेत्र की करीब 100 प्रमुख हस्तियों ने सहभागिता की। आईआईआईटी भोपाल के निदेशक प्रो. आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि एक शिक्षाविद् के लिए उद्योग जगत से जुडन्ना चुनौतीपूर्ण होता है, किंतु यदि उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग किया जाए तो उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। एमपीसीएसटी के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने भी आयोजन को संबोधित किया।

## आठ अगस्त को होगा मतदान

# टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन के चुनाव में 17 प्रत्याशी मैदान में

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

भोपाल टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के आगामी माह अगस्त की 8 तारीख को होने वाले चुनाव के लिए 17 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। मनोहर माली अधिवक्ता ने बताया कि एसोसिएशन के मुख्य चुनाव अधिकारी महेश कुमार मौर्य अधिवक्ता ने नामांकन फार्म की स्क्रूटनी के बाद 17 प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया है।

उन्होंने बताया कि मतदान 8 अगस्त को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक होटल निसर्ग एमपी नगर भोपाल में किया जाएगा। मतदाता अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करेंगे। मतदान के तुरंत बाद मतगणना कर चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगें। चुनाव में अध्यक्ष पद पर मुनिन्द्र वैद्य एवं मुकेश पाण्डे, उपाध्यक्ष पद पर राजीव आचार्य एवं नीलेश कुशवाहा, सचिव पद पर प्रशांत काबरा एवं शैलेन्द्र साहू, सह सचिव पद पर प्रेम प्रकाश मोटवानी एवं नीरज कलवानी, कोषाध्यक्ष पद पर दीपक चक्रवर्ती एवं जयंत जोशी, कार्यकारिणी सदस्य के 4 पद के लिए 7 प्रत्याशियों अमन सिंह राजपूत, गोविन्द प्रसाद यादव, विनोद ठाकुर, सैय्यद मोहम्मद अफजल, संतोष कुमार चौरे, संदीप साहू और राहुल सेन के बीच मुकाबला होगा।

# विभागीय पदोन्नति में सीलबंद लिफाफा प्रक्रिया को लेकर कर्मचारियों में असंतोष

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया में डीपीसी से पहले सीलबंद लिफाफा अपनाए जाने को लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पीडब्ल्यूडी, वन समेत कई विभागों के कर्मचारियों के बीच कई गंभीर सवाल उठ रहे हैं, इससे कर्मचारियों में असंतोष है।

उनका कहना है कि विभाग नियमों की गलत व्याख्या कर पदोन्नति प्रक्रिया संचालित की जा रही है. जिससे समान परिस्थितियों में कार्यरत कर्मचारियों के साथ भिन्न-भिन्न व्यवहार किया जा रहा है। कर्मचारियों का तर्क है कि मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 के नियम-10 के अनुसार पदोन्नति के लिए पात्रता एवं उपयुक्तता का निर्धारण विचारण तिथि के आधार पर किया जाना है। चयन वर्ष 2025 के लिए यह तिथि 31 दिसंबर 2024 निर्धारित है। वहीं नियम-14, जिसमें सीलबंद लिफाफा प्रक्रिया का प्रावधान है, उसमें विचारण तिथि के संबंध में कोई पृथक व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में दोनों नियमों का संयुक्त अध्ययन यही संकेत देता है कि सीलबंद लिफाफा प्रक्रिया में भी विचारण तिथि को ही आधार बनाया जाना चाहिए।

इसके विपरीत विचारण तिथि के बाद जारी आरोप-पत्रों अथवा प्रारंभ हुई विभागीय जांच के आधार पर सीलबंद लिफाफा प्रक्रिया अपनाई जा रही है, जिसे कर्मचारी नियमों की भावना एवं चयन वर्ष की अवधारणा के विपरीत बता रहे हैं। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के उस निर्णय का भी हवाला दिया जा रहा है जो उसने 1999 में बैंक ऑफ इंडिया विरुद्ध देगला सूर्यनारायण के केस में सुनाया था, जिसमें कहा गया है कि सीलबंद लिफाफा प्रक्रिया केवल उस स्थिति में अपनाई जा सकती है, जब पदोन्नति पर विचार किए जाने की विचारण तिथि में संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय अथवा आपराधिक कार्यवाही लंबित हो।

## सुविधाओं से लैस सर्प उद्यान बनेगा शोध, जन-जागरूकता का केंद्र

# होमगार्ड के जवानों को भी दिया जाए सांप पकड़ने और रेस्क्यू करने का प्रशिक्षण

**विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को रेप्टाइल पार्क (सर्प उद्यान) एवं अनुसंधान केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि होमगार्ड के जवानों को भी सांप पकड़ने और सुरक्षित रेस्क्यू करने का विशेष प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई बार रिहायशी क्षेत्रों में सांप निकलने की घटनाएं सामने आती हैं।

ऐसे समय प्रशिक्षित होमगार्ड जवान नागरिको की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सर्पों का सुरक्षित रेस्क्यू कर सकेंगे। इससे वन्यजीव संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा और आमजन में भय की स्थिति भी कम होगी। उज्जैन को वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बसंत विहार क्षेत्र में स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन रेप्टाइल पार्क (सर्प उद्यान) एवं अनुसंधान केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों से परियोजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

**निर्माणाधीन रेप्टाइल पार्क एवं अनुसंधान केंद्र का किया निरीक्षण**



पार्क का नक्शा देखते सीएम डॉ. मोहन यादव।

### सरीसृपों के वैज्ञानिक अध्ययन का मिलेगा अवसर

रेप्टाइल पार्क का उद्देश्य केवल सर्पों का प्रदर्शन करना नहीं, बल्कि लोगों में सांपों और अन्य सरीसृपों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना भी है। यह केंद्र आमजन को यह समझाने का प्रयास करेगा कि अधिकांश सांप पर्यावरण के लिए उपयोगी होते हैं और जैव विविधता के संरक्षण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। सर्प उद्यान के माध्यम से लोगों में वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी, वहीं बच्चों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को सरीसृपों के वैज्ञानिक अध्ययन का अवसर भी मिलेगा। यह केंद्र संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण, उनके प्राकृतिक आवासों के महत्व और जैव विविधता के संवर्धन की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही रेस्क्यू सेंटर के माध्यम से घायल अथवा संकटग्रस्त सर्पों का उपचार और पुनर्वास भी किया जाएगा।

### एजुकेशन सेंटर एवं अत्याधुनिक रेस्क्यू सेंटर का निर्माण हो रहा

रेप्टाइल पार्क को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। यहां आगंतुकों के लिए विशेष विजिटर जोन, विभिन्न प्रजातियों के सर्पों और अन्य सरीसृपों के प्रदर्शन के लिए प्रदर्शनी क्षेत्र, जनसुविधा केंद्र, चिकित्सालय, पोस्टमार्टम कक्ष, इंटरप्रिटेशन सेंटर, रिसर्च सेंटर, एजुकेशन सेंटर तथा अत्याधुनिक रेस्क्यू सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही स्नेक पार्क भी विकसित किया जाएगा, जहां सर्पों के प्राकृतिक व्यवहार और उनके संरक्षण से जुड़ी जानकारी लोगों को उपलब्ध कराई जाएगी।

### प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 224 करोड़ 75 लाख की राशि जारी

**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों की शिक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य को सुदृढ़ वित्तीय संबल प्रदान करने के ध्येय से शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 224 करोड़ 75 लाख रुपए की राशि स्वीकृत एवं जारी की गई है। कक्षा 9वीं एवं 10वीं में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति मिलेगी। आयुक्त डॉ. सतेन्द्र सिंह ने बताया कि राज्यमंत्री कृष्णा गौर की मार्गदर्शन के अनुरूप विभाग पिछड़े वर्ग के विकास एवं शैक्षणिक उन्नयन के लिए निरंतर कार्यरत है।

## पेज एक का शेष....

### दतिया उप चुनाव...

वजह से दोपहर बाद लोग घरों से बाहर कम निकले। हालांकि 4 बजे के बाद मतदान में फिर तेजी आई। यहां कांग्रेस के घनश्याम सिंह का मुकाबला भाजपा के आशुतोष तिवारी से है। आजाद समाज पार्टी के दामोदर यादव के कारण मुकाबला तीन कोणीय लग रहा है। वोटों की गिनती 3 अगस्त को होगी। उसी दिन रिजल्ट आएगा। क्षेत्र के बसई क्षेत्र के लखनपुर गांव में सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। ग्रामीणों ने सड़क नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए और मतदान केंद्र तक नहीं पहुंचे। सूचना मिलने पर एसडीएम अशोक अवस्थी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें मतदान के लिए राजी किया। प्रशासन की समझाइश के बाद करीब 50 ग्रामीणों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

**दिक्कत आई तो बदले गए उपकरण: स्वप्निल**

मतदान प्रारंभ होने से पहले तीन मतदान केंद्रों पर ईवीएम से जुड़े उपकरणों में तकनीकी खराबी सामने आई। मतदान केंद्र क्रमांक 186 पर वीवीपैट, केंद्र क्रमांक 108 पर बैलेटिंग यूनिट और केंद्र क्रमांक 290 पर कंट्रोल यूनिट में दिक्कत आई। हालांकि, मॉक पोल के दौरान सभी राजनीतिक दलों के एजेंटों और कैमरों की मौजूदगी में इन मशीनों को बदल दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेड़े ने बताया कि सभी उपकरण समय पर बदल दिए गए, जिससे निर्धारित समय पर मतदान शुरू हो सका और प्रक्रिया पर कोई असर नहीं पड़ा। उन्होंने कहा कि 71.44 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। यह संख्या अभी बढ़ सकती है। कांग्रेस के आरोप के बारे में वानखड़े ने कहा कि किसी भी एजेंट के साथ घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र के बाहर खड़े कुछ लोगों को वहां से जरूर हटाया गया और इनमें भाजपा और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता भी थे।

### कांग्रेस ने की ...

गई। जब साथियों ने इसका वीडियो बनाया तो पुलिस ने उन्हें रोका। बाद में कांग्रेस नेताओं के थाने पहुंचने पर पुलिस ने पोलिंग एजेंट को छोड़ दिया।

### कांग्रेस जब हारती...

किया। उन्होंने कहा कि दतिया की जनता विकास के मुद्दे पर मतदान कर रही है और मतदाता भाजपा के पक्ष में अपना समर्थन दे रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने तलैया मोहल्ला स्थित मतदान केंद्र पर मतदान करने के बाद कहा कि क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में सकारात्मक माहौल है और जनता परिवर्तन के लिए मतदान कर रही है। उन्होंने दावा किया कि उपचुनाव में कांग्रेस ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी।

### इस वजह से ...

सुनाए जाने के बाद उनका चुनाव शून्य घोषित कर दिया गया था और सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। इसके बाद निर्वाचन आयोग ने जुलाई में उपचुनाव की घोषणा की।

### छात्रों के भविष्य ...

ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। पिछले दो दिनों के दौरान संसद के दोनों सदनों में बड़ी संख्या में सांसदों ने इस पर अपने विचार रखे और अंततः कड़े प्रावधानों वाले इस विधेयक को अपनी स्वीकृति दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून बनना इस दिशा में पहला महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन सरकार का काम यहीं खत्म नहीं होता। आने वाले समय में परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह से आधुनिक, फुलप्रूफ और तकनीक-आधारित बनाने के प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

**'विकसित भारत' के निर्माण में जुड़ने की अपील :** संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से भावुक अपील करते हुए कहा कि भारत अब ऐसी किसी भी परिस्थिति को लंबे समय तक सहन नहीं कर सकता जो देश के युवाओं और छात्रों के भविष्य को अंधकार में धकेले। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश की शिक्षा व्यवस्था का मजबूत और भरोसेमंद होना बेहद जरूरी है। इसके लिए सभी नागरिकों, संस्थाओं और सरकारों को कंधे से कंधा मिलाकर काम करना होगा ताकि देश के हर मेधावी छात्र को उसका जायज हक मिल सके।

### खरगे:सिलेबस...

लेकिन आप जो सिलेबस बदल रहे हैं, उसमें आपत्तिजनक चीजें आ रही हैं। उसमें ये भी आ रहा है- शूद्र के वेद पाठ सुनने पर शीशे और जस्ते से उनके कान भर दिए जाएं। वेद मंत्र का उच्चारण करने पर उसकी जीभ काट ली जाए और वेद मंत्र धारण करने पर उसका शरीर काट लिया जाए।' उन्होंने कहा कि ये आरएसएस का सिलेबस है। ऐसे विचारों की निंदा करता हूं। ऐसी सामग्री को सिलेबस से हटाया जाए। यूनिवर्सिटी में आरएसएस के लोग भरे जा रहे हैं।

### शिक्षा पर जीडीपी...

याद दिलाती हैं, जिसका उल्लेख मनुस्मृति में मिलता है।

### सत्ता व विपक्षी...

किताब दिखाते हुए कहा कि यह किताब इनके कार्यकाल में छपी है, चल रही है, प्रतिबंधित नहीं है।

### खरगे ने जो ...

रचना महर्षि गौतम (या उनके सामवेद संप्रदाय के विद्वानों) द्वारा की गई थी और यह आज से लगभग 2400 से 2600 वर्ष पुराना यानी ईसा पूर्व छठी से चौथी सदी का माना जाता है। यह हिंदू धर्म के उपलब्ध कानूनों और सामाजिक नियमों के ग्रंथों (धर्मसूत्रों) में सबसे प्राचीन ग्रंथ है। आधुनिक इतिहासकारों और विद्वानों का मानना है कि इसकी रचना सामवेद की राणायनीय शाखा से जुड़े विद्वानों के समूह द्वारा एक स्वतंत्र ग्रंथ के रूप में की गई थी। प्रसिद्ध इतिहासकार पीवी काणे और अन्य विद्वानों के अनुसार इसकी रचना में बौधायन, आपस्तम्ब और वशिष्ठ जैसे अन्य सभी धर्मसूत्रों तथा मनुस्मृति जैसी बाद की स्मृतियों से भी पुराना ग्रंथ है। इस ग्रंथ का 26वां अध्याय लगभग पूरी तरह से सामवेद के सामविधान ब्राह्मण ग्रंथ से लिया गया है।

### 350 एकड़ में ...

इस जोन के प्रथम चरण के बुनियादी ढांचे के लिए केंद्र सरकार ने 500 करोड़ की शत-प्रतिशत वित्तीय सहायता स्वीकृत की है। इस एकीकृत परिसर में मोबाइल फोन, नेटवर्क उपकरण, फाइबर ऑप्टिक्स, सेमीकंडक्टर तथा 5जी और 6जी तकनीकों के अनुसंधान, परीक्षण और विनिर्माण की सुविधाएं होंगी। रिसर्च और डिजाइन से लेकर उत्पादन तक की पूरी वैल्यू चेन एक ही जगह उपलब्ध होगी।

### राज्य सरकार का....

कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए राज्य सरकार को उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी याद दिलाई।

### एयरपोर्ट या ...

तो उस पर सामान्य जुर्माने की तुलना में पांच गुना अधिक भारी जुर्माना लगाया जाएगा। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने महाराष्ट्र मोटर व्हीकल एग्रीगेटर नियम, 2026 लागू किया है। इसके तहत सभी कैब एग्रीगेटर कंपनियों को 1 सितंबर तक अपना अनिवार्य रजिस्ट्रेशन और लाइसेंसिंग प्रक्रिया पूरी करने की समय सीमा दी गई है। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि तय सीमा के बाद बिना वैध लाइसेंस और पंजीकरण के चल रही कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### कोर्ट रूम में...

तक कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। दूर-दराज से आए ग्रामीणों को भटकता देख कांग्रेस नेता पहले तहसीलदार की टेबल पर लेटे और फिर एसडीएम कोर्ट में गद्दा बिछाकर आराम करने लगे। इस वाकए का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि अफसर समय पर नहीं आते, जिससे आम जनता का समय और पैसा दोनों बर्बाद होता है। प्रदर्शन के दौरान दफ्तर में अफरा-तफरी का माहौल रहा। इस अनोखे विरोध ने प्रशासनिक ढर्रे और अधिकारियों की समय पाबंदी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### अस्पताल में डॉक्टर...

बच्चों को जन्म दे दिया। राजनगर के प्रतापपुरा निवासी अरुण यादव की पत्नी को बुधवार को प्रसव पीड़ा शुरू हुई थी। एंबुलेंस के लिए किया गया फोन बेकार साबित हुआ, जिसके बाद परिजन उसे निजी वाहन से अस्पताल लाए। परिजन रोहित अवस्थी का आरोप है कि वे लगातार डॉक्टर और स्टाफ की गुहार लगाते रहे, लेकिन किसी ने उनकी सुध नहीं ली। घटना से नाराज परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया ने कहा कि महिला अस्पताल आई थी और गैलरी में उसकी डिलीवरी हो गई। महिला को नीचे से ऊपर ले जाने में कुछ परेशानी हुई थी।

### शुक्रवार नमाज ...

करने से नहीं रोकेगा। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने कोर्ट से अनुरोध किया कि साइट प्लान में दरगाह भूमि के रूप में चिह्नित क्षेत्र पर भी शुक्रवार की नमाज के लिए विचार किया जाए। अदालत ने कहा राज्य सरकार केवल कानून-व्यवस्था का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकती।

### राज्य सरकार ...

कानून-व्यवस्था संभालने पर है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए राज्य सरकार को उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी याद दिलाई।

### पत्थर कारोबारी...

25 बैगों और लोहे के बक्सों में भरकर थाने ले जाया गया। छापेमारी में 1-1 किलो के 14 गोल्ड बार और 100-100 ग्राम के 10 गोल्ड बिस्किट मिले हैं। पूछताछ में आरोपी मिनार ने कबूला कि यह सारी संपत्ति उसके जीजा और मुख्य साजिशकर्ता टुल्लू मंडल उर्फ मोहम्मद नजीबुद्दीन की है, जो फिलहाल फरार है।

### बेटी की शादी...

माना जाता है। सीएम शुभेंदु अधिकारी ने छापेमारी की तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि माफिया सिंडिकेट और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी तथा जनता की संपत्ति लूटने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल जांच एजेंसियां मामले के वित्तीय तारों और अवैध सिंडिकेट की गहराई से जांच कर रही हैं।

### कई जिलों में ...

गई, जबकि उसका साथी शनि सिंह घायल हो गया। सतपुड़ा के पहाड़ी क्षेत्रों में हुई रात भर झमाझम बारिश से डेम का लेवल एकाएक बढ़ गया। पहाड़ी नदियों का पानी सतपुडा जलाशय में पहुंचते ही सतपुड़ा डेम के 7 गेट 4-4 फीट तक खोल दिए गए। बैतूल में 24 घंटे में 89 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके चलते तवा समेत निचली नदियों में बाढ़ जैसे हालात हो गए। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार तक पांच जिलों में अति भारी और 13 जिलों में कुछ जगह भारी बारिश का ऑरेंज और यलो अलर्ट है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार प्रदेश के दक्षिण पूर्वी हिस्से पर डीप डिप्रेशन और शियर जोन के कारण प्रदेश में अभी बारिश में तेजी बनी रहेगी। भोपाल सहित अधिकांश जिलों में मध्यम बारिश होगी।

---

## समाहरणालय, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी

(मध निषेध एवं उत्पाद विभाग)

बिहार सरकार

**—:अल्प कालीन नीलामी सूचना:—**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार मध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के अधीन दर्ज उत्पाद वादों को उक्त अधिनियम की धारा–58 (5) सहपठित बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद नियमावली, 2021 के नियम– 14 (2) के अधीन अधिहृत वाहनों को सार्वजनिक हित में सार्वजनिक नीलामी द्वारा बिक्री करने के आदेश हेतु समाहर्त्ता को प्रदत्त शक्ति के आलोक में इस निमित गठित समिति द्वारा अधोलिखित वाहनों की आम नीलामी स्थान सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, पूर्वी चम्पारण के कार्यालय में निर्धारित तिथि दिनांक–12.08.2026, को समय 11:30 बजे पूर्वाह्न से की जाएगी। उक्त तिथि को नीलामी के पश्चात् शेष बचे वाहनों की नीलामी आवश्यकतानुसार दिनांक–19.08.2026, को समय 11:30 बजे पूर्वाह्न एवं द्वितीय नीलामी के उपरान्त शेष बचे वाहनों की नीलामी दिनांक–27.08.2026, को समय 11:30 बजे पूर्वाह्न से सम्पन्न किया जायेगा।

| वाहन नीलामी की तिथि | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि | आवेदन प्राप्त करने का स्थान |
|---|---|---|
| नीलामी की पहली तिथि:– 12.08.2026 | 10.08.2026 (समय– 5 बजे अपराह्न तक) | कार्यालय सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी। |
| शेष बचे वाहनों की नीलामी की दुसरी तिथि:– 19.08.2026 | 17.08.2026 (समय– 5 बजे अपराह्न तक) | |
| शेष बचे चाहनों की नीलामी की तीसरी तिथि:– 27.08.2026 | 25.08.2026 (समय– 5 बजे अपराह्न तक) | |

राज्यसात के उपरान्त नीलामी हेतु वाहनों की सूची:–

| क्र० स० | अधिहरण संख्या | वाद संख्या | वाहन का प्रकार | नीलाम होने वाले वाहन का निबंधन संख्या, इंजन संख्या एवं चेचिस संख्या | वाहन के निर्माण का वर्ष | नीलामी हेतु वाहन की न्यूनतम बोली की राशि | वाहन अभिरक्षित पुलिस थाना/उत्पाद थाना | न्यूनतम बोली राशि का 50 प्रतिशत अग्रधन की राशि | वाहन स्वामी का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | 418/24 17.09.2024 | 429/24 | MOTORCYCLE | REG NO-MP14MV-3875 ENG NO-JA05EGH9D10538 CHE NO-MBLJAR036H9D06727 | 2017 | 3500 | उत्पाद | 1750 | SHIVAL PATHOD S/O- DAPULAL AT- BUDHA MALAGADH MADH PRADESH PIN- 458664 |

अधिक जानकारी के लिए पूर्वी चम्पारण जिला के बेवसाईट www.eastchamparan.bih.nic.in पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। सर्व साधारण को सूचनार्थ।

समाहर्त्ता
—सह—जिला दण्डाधिकारी
पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी

PR- 009020 (Excise) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

---

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल

क्रमांक // खनिज / 2026 — भोपाल, दिनांक //2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,

**द्वितीय सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक सैयद आहसीन अली आ. सैयद मोहसिन अली निवासी टी-5 सिटी सेन्टर अपार्टमेंट थाना तलैया के पास सुल्तानिया रोड भोपाल (म.प्र.) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 24.04.2026 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्र.जी-13643/26 दिनांक 29.05.2026 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | हुजूर | खौरी | 676, 682 683,684 690 | 2.0154, 0.1287 0.3459, 08657 0.6443 कुल रकबा 4.000 है. | शासकीय | खनिज पत्थर (अर्थात क्रेशर के उपयोग हेतु) एवं पत्थर से निर्मित रेत (यात्रिकी क्रिया द्वारा) एम-सेण्ड, बोल्डर एवं मुरूम | भाग रकबा 4.000 हे. |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज )
जिला भोपाल

जी - 16456/26 — स्वच्छता ही सेवा

---

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू अर्जन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन

- :: सार्वजनिक सूचना ::- — दिनांक 23.07.2026

प्रकरण कमांक 00 /अ-82/2026-27 चूंकि राज्य शासन को प्रतीत होता है कि निम्न अनुसूची में खाने (1) से (6) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (8) में उनके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यक्ता है अथवा आवश्यक्ता पडने की संभावना है। उक्त प्रयोजन हेतु प्रकरण में मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के परिपत्र कमांक एफ 12-2/2014/सात/शा 2 ए भोपाल दिनांक 12 नबम्बर 2014 के द्वारा प्रतिपादित आपसी सहमति से भूमि क्रय की नीति के तहत कार्यवाही प्रचलित है। अतएव निम्न दर्शित भूमि धारको से परियोजना के लिये राज्य सरकार से संबधित विभाग / उपक्रम में पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति की भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह नियत अवधि (सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर) में आधार सहित प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियो पर विचार नही किया जावेगा।

- :: अनुसूची :: -
भूमि का वर्णन

| क्र. | भूमि स्वामी का नाम | ग्राम का नाम | सर्वे क्रमांक | कुल रकवा हे. में | अर्जित रकवा हे. में | प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 01 | शारदाबाई, जमना, जानकीबाई ज्ञानबाई / प्रेमसिह गौण | गोरखा | 14/1/1 | 1.805 | 0.426 | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग रायसेन | बेगमगंज सागर मार्ग (SH-86 A) से महुआखेडाकलां, गोरखा, पडरिया राजाधार, से सिलवानी सागर (SH-15) मार्ग निर्माण |
| 02 | गोलू आ प्रहलाद सिह गौड | | 14/2/2/1 | 0.809 | 0.040 | | |
| 03 | जसवंत आ प्रहलाद सिंह गौड | | 14/2/2/2 | 0.810 | 0.041 | | |
| 04 | रामचरण/बलीराम गौड | | 17/3/1 | 3.108 | 0.572 | | |
| 05 | गनपत, मुन्ना, शकुन, ताराबाई पिता आलम नन्हीबाई बेबा मोतीलाल, बाबूलाल मंजूसिंह जीवन पिता मांतीलाल, गोराबाई, शीलाबाई पिता मोतीलाल | | 28/2 | 0.607 | 0.152 | | |
| 06 | अनन्या, विनय कुमार पत्नि मोसेस ल्युक | | 28/1/2 | 3.043 | 0.119 | | |
| 07 | अनिरूद्ध शरण शर्मा/ रमाकृष्ण आचार्य | | 27/1/1. | 0.164 | 0.024 | | |
| 08 | अवधेश कुमार श्रोत्रिय / रामकृष्ण आचार्य | | 27/1/2 | 0.164 | 0.023 | | |
| 09 | सरोजबाई, सरीता, विनीता, पप्पी राजकुमारी पिता मुशीदास | | 27/2/2 | 0.315 | 0.005 | | |
| 10 | रघुवीर आ हल्का गौड | | 24 | 1.304 | 0.061 | | |
| | | | 26 | 0.182 | 0.164 | | |
| | | | | 1.486 | 0.225 | | |
| 11 | मोनू आदिवासी आ विजयसिह | | 32/1 | 0.405 | 0.028 | | |
| 12 | रामबाबू / प्रहलाद दास वैरागी | | 32/2 | 0.570 | 0.077 | | |
| | | | | 13.358 | 1.132 | | |

सक्षम प्राधिकारी (भू अर्जन)
एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
अनुविभाग बेगमगंज जिला - रायसेन

जी - 16461/26 — स्वच्छता ही सेवा

---

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD



**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

\- व्यावस्थापक

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना
आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
Timing 10:30 am to 8:00 pm
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi)
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION | AFFORDABLE FEES | A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED अंतिम अवसर
ESTD. 1999
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A.
• B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ
• B.Sc. Microbiology / Biotechnology
• B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology • Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS D.El.Ed. B.Ed. B.P.Ed. M.P.Ed. M.Ed.
Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660949, 2661064 www.jncbpl.com jlnpgcollege_bhopal@yahoo.com

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेंगे। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**वृष** — मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — परिश्रम भी अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कर्क** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सिंह** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में फायदा होगा।

**धनु** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी जा सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।


**मकर** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**कुंभ** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा खर्च बढ़ेंगे।

**मीन** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

---

## शब्द पहेली - 6303



**बाएँ से दाए**

1. मूर्ख,बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश,खानदान-2
6. आह,पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी,इच्छा,चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास,नौकर,सेवक-5
14. अग्नि,आग-3
16. चयनित,स्वीकृत-4
17. जाति,संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत,व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश,अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान,माइन-2
32. आश्रय,पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में,अधर में-2,2
3. आफत,आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति,चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति,प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम ,आसक्ति-3
13. नीर,जल-2
15. भाग्य,तकदीर-3
17. जंबुल,जांब-3
18. टेंशन,परेशानी-3
20. काया,बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी,रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा,चोंचला-3
27. पूड़ी,गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक,गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 6302 का हल**



## सूडोकु नवताल- 6313

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6312 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

# मूंग की बिक्री से किसानों ने खींचे हाथ, मंडियों में आवक 75 फीसदी घटी

## दो दिन में भाव 500 रुपए क्विंटल तक उछले, भाव अभी भी समर्थन मूल्य से 2 हजार रु. नीचे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की सरकारी घोषणा के बाद किसानों ने मंडियों में मूंग की बिक्री रोक दी है। इसका सीधा असर प्रदेश की कृषि उपज मंडियों पर दिखाई देने लगा है। राजधानी भोपाल सहित कई मंडियों में मूंग की आवक घटकर सामान्य की तुलना में सिर्फ 25 प्रतिशत रह गई है।

आवक में भारी कमी के चलते बीते दो दिनों में मूंग के भाव में 500 रुपए प्रति क्विंटल तक की तेजी दर्ज की गई है। हालांकि, बाजार में तेजी के बावजूद मूंग के भाव अभी भी सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 8,780 रुपए प्रति क्विंटल से करीब 2,000 रुपए नीचे चल रहे हैं।

*आवक घटकर सामान्य की तुलना में सिर्फ 25 प्रतिशत रह गई*

*भाव अभी भी एमएसपी से करीब 2,000 रुपए नीचे चल रहे हैं*

### गुरूवार को मात्र 35 बोरी की हुई आवक, जबकि बुधवार को थी 170 बोरी की आवक : संजीव





भोपाल की करोंद कृषि उपज मंडी के अनाज कारोबारी और भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के प्रवक्ता संजीव जैन ने बताया कि बुधवार को मंडी में मूंग की आवक करीब 170 बोरी रही थी। उस दिन गुणवत्ता के आधार पर मूंग के भाव 3,050 रुपए से 6,605 रुपए प्रति क्विंटल तक रहे। वहीं, गुरुवार को मंडी में मूंग की आवक घटकर मात्र 25 बोरी रह गई। कम आवक के बीच मूंग के भाव बढ़कर 5,600 रुपए से 6,800 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच गए। कारोबारियों के अनुसार, बुधवार की तुलना में गुरुवार को मंडी में मूंग की आवक करीब 25 प्रतिशत ही रह गई।

### सरकारी खरीदी घोषणा का मंडियों पर असर

मंडी कारोबारियों का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों से 3 क्विंटल प्रति एकड़ (60 प्रतिशत उपज) मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी की घोषणा के बाद किसानों ने मंडियों में बिक्री रोक दी है। किसान अब सरकारी खरीदी शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार, आवक कम होने से बाजार में मांग और आपूर्ति का संतुलन प्रभावित हुआ है, जिससे अच्छी गुणवत्ता वाली मूंग के भावों में तेजी आई है। आने वाले दिनों में मूंग की कीमतें सरकारी खरीदी की शुरुआत, मंडियों में आवक और बाजार मांग के आधार पर तय होंगी। कम आवक और मजबूत मांग के चलते मूंग बाजार में फिलहाल तेजी का माहौल बना हुआ है।

## खबर संक्षेप

### आशीर्वाद का प्रोटीन रोस्टेड चना सत्तू लांच

**नई दिल्ली।** आशीर्वाद ने पूर्वी भारत में आशीर्वाद चना सत्तू लांच करके अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को और मजबूत किया। यह लॉन्च ब्रांड के उस बड़े लक्ष्य के अनुरूप है जिसके तहत ऐसे उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं जो प्राकृतिक रूप से प्रोटीन और फाइबर से भरपूर हों। साथ ही, यह किफायती दाम और असली स्वाद से समझौता किए बिना पौष्टिक और जरूरी खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग को भी पूरा करता है। यह उत्पाद 47 ग्राम, 200 ग्राम, 250 ग्राम और 500 ग्राम के पैक में जनरल ट्रेड के माध्यम से उपलब्ध है ।

### अमेजन की ग्रेट फ्रीडम सेल 7 अगस्त से शुरू

**भोपाल।** अमेजन ने अपनी बहुप्रतीक्षित ग्रेट फ्रीडम सेल 2026 की घोषणा कर दी है। यह सेल 7 अगस्त 2026 की रात 12 बजे से शुरू होगी, जिसमें ग्राहकों को स्मार्टफोन, फैशन, अन्य श्रेणियों के उत्पादों पर आकर्षक ऑफर्स और भारी छूट मिलेगी। सेल के दौरान ग्राहकों को एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड और ईजीईएमआई ट्रांजेक्शन पर 10 फीसदी की इंस्टेंट छूट मिलेगी। चुनिंदा क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर नो-कॉस्ट ईएमआई के साथ 2,000 रुपए तक के कैशबैक रिवॉर्ड्स का लाभ भी दिया जाएगा।

### तनिष्क का 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' शुरू

**मुंबई।** टाटा समूह की ज्वेलरी रिटेल कंपनी तनिष्क ने बहुप्रतीक्षित 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' की वापसी की घोषणा की है। यह आयोजन कंपनी के प्राकृतिक हीरों के कलेक्शन का साल का सबसे बड़ा उत्सव माना जाता है, रोजमर्रा में पहनने योग्य हल्के आभूषणों से लेकर विशेष अवसरों के लिए तैयार प्रीमियम डायमंड ज्वेलरी तक की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराई जाएगी। इस वर्ष का फेस्टिवल खास तौर पर रोजमर्रा के उपयोग के लिए डिजाइन किए गए प्राकृतिक हीरों के नए कलेक्शन पर केंद्रित है।

### ईबीजी ग्रुप ने डायवू एक्सपीरियंस स्टोर खोला

**नई दिल्ली।** ईबीजी ग्रुप ने गाजियाबाद में डायवू एक्सपीरियंस स्टोर लांच किया। यह शोरूम देश में डायवू के विकास के अगले चरण की शुरुआत का प्रतीक है। 3,200 वर्ग फीट में फैले इस फ्लैगशिप स्टोर का उद्घाटन अभिनेता मुरली शर्मा ने पीओएससीओ इंटरनेशनल के प्रतिनिधियों, ईबीजी ग्रुप के वरिष्ठ नेतृत्व, उद्योग भागीदारों की उपस्थिति में किया। डॉ. इरफान खान, संस्थापक, ईबीजी ग्रुप ने कहा कि भारत का पहला डायवू एक्सपीरियंस स्टोर खोलना हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### गोदरेज ग्रुप को मिली सुरक्षा की जिम्मेदारी

**मुंबई।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप (जीईजी) के सिक्योरिटी सॉल्यूशंस कारोबार को जीएमआर विशाखापटनम इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीवीआईएएल) और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) से भोगापुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एकीकृत सुरक्षा समाधान उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण अनुबंध मिला है। इसके साथ ही कंपनी ने भारत के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और नई पीढ़ी की विमानन परिसंपत्तियों की सुरक्षा में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में अपनी मजबूत स्थिति को और बेहतर बनाया है।

### सिग्निफाई ने फिलिप्स फोकसग्लो रेंज पेश की

**नई दिल्ली।** सिग्निफाई ने फिलिप्स फोकसग्लो रेंज पेश की है। यह रेंज उन लोगों के लिए विकसित की गई है, जिन्हें घंटों तक आर्टिफिशियल लाईट में पढ़ना-लिखना या काम करना पड़ता है। फोकसग्लो रेंज कम फ्लिकर के साथ हाई कलर एक्युरेसी प्रदान करती है, जिससे आँखों पर पड़ने वाला तनाव कम होता है और लाईट का एक आरामदायक एवं भरोसेमंद सोर्स मिलता है। फोकसग्लो रेंज 90 से अधिक सीआरआई (कलर रेंडरिंग इंडेक्स) प्रदान करती है। यानी कलर बिल्कुल प्राकृतिक दिखाई देते हैं ।

## गुरु पूर्णिमा पर स्वामी रामदेव का संदेश

# फिल्मी सितारों को नहीं, माता पिता को बनाएं अपना रोल मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि फेज-दो योग भवन में दिव्य और भव्य तरीके से गुरु पूर्णिमा मनाया गया। इस दौरान पतंजलि योगपीठ पूरी तरह से गुरु-शिष्य परंपरा में डूबा रहा। यज्ञ, हवन से पूरा वातावरण बेहद 'भावमय' हो गया था। आवासीय विद्यालय आचार्यकुलम में आज के पावन पर्व पर वैदिक रीति से 1176 विद्यार्थियों का उपनयन व वेदारंभ संस्कार संपन्न हुआ। वहीं, पतंजलि फेज-दो के योग भवन में 111 कुण्डीय महायज्ञ का दिव्य आयोजन किया गया।

स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण से आशीष लेने के लिए हजारों शिष्य मौजूद रहें। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि कुछ मुर्ख गुरु-शिष्य परंपरा को गुरु की गुलामी कहते हैं जबकि खुद वो विलासिता में डूबे हुए हैं। स्वामी रामदेव ने कहा कि नायक और नायिका को अपना आदर्श, रोल मॉडल और आईकन मत मानो, अपने माता-पिता, दादा-दादी, नानी-नानी को रोल मॉडल मानो। आचार्य बालकृष्ण ने गुरु-शिष्य परंपरा का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए स्वामी रामदेव से चरण छूकर आशीर्वाद लेकर कहा कि गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व सकारात्मकता व पुरुषार्थ का संवाहक है। गुरु के बताये पथ पर चलने वाला कभी गलत रास्तों पर नहीं जा सकता। पतंजलि फेज-दो योग भवन में स्वामी रामदेव ने कहा कि हमारी संस्कृति में गुरु को साक्षात ब्रह्मस्वरूप माना गया है। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को साक्षात ब्रह्मस्वरूप माना गया है और गुरु-शिष्य परंपरा समाज की महत्वपूर्ण धरोहर है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस परंपरा को गलत तरीके से प्रस्तुत करते हैं।

- पुरुषार्थ का संवाहक पर्व गुरु पूर्णिमा : आचार्य बालकृष्ण
- पतंजलि में 111 कुण्डीय महायज्ञ का दिव्य आयोजन



संदेश देते हुए

### उपनयन संस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया

इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने स्वामी रामदेव के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और कहा कि गुरु पूर्णिमा सकारात्मकता, पुरुषार्थ और आत्मविकास का पर्व है। उन्होंने कहा कि गुरु के बताए मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति कभी गलत दिशा में नहीं जाता। महापुरुषों के आदर्शों का अनुसरण ही जीवन को सार्थक बनाता है। कार्यक्रम के दौरान आचार्यकुलम में उपनयन संस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया गया। इस मौके पर भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एनपी सिंह, अनिल आचार्य, कर्मचारी , श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक ने रचा इतिहास

# ओजीएल 4,000 इलेक्ट्रिक बसें उतारने वाली देश की पहली कंपनी बन गई

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

इलेक्ट्रिक बस निर्माता ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड (ओजीएल) ने भारत में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने देश में 4,000 इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर उतारकर नया रिकॉर्ड बनाया है और यह मुकाम हासिल करने वाली पहली इलेक्ट्रिक बस निर्माता कंपनी बन गई है।

कंपनी की 4,000वीं इलेक्ट्रिक बस हिमाचल प्रदेश सरकार को सौंपी गई। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बस हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एचआरटीसी) के बेड़े में शामिल 297 इलेक्ट्रिक बसों का हिस्सा है।




हिमाचल के सीएम सुक्खू और डिप्टी सीएम अग्निहोत्री को 4 हजार वीं बस का मोमेंटो सौंपते हुए

### तय कर चुकी हैं 73 करोड़ किमी. की दूरी

ओलेक्ट्रा की इलेक्ट्रिक बसें देश के कई राज्यों में सार्वजनिक परिवहन के रूप में संचालित हो रही हैं। कंपनी के अनुसार, उसकी बसें अब तक 73 करोड़ किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुकी हैं, जिससे 6.5 लाख टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आई है। ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक के प्रबंध निदेशक महेश बाबू ने कहा कि 4,000इलेक्ट्रिक बसों की उपलब्धि भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को नई दिशा देने वाली है। उन्होंने बताया कि कंपनी के पास वर्तमान में 8,500 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों के ऑर्डर हैं और कंपनी स्वच्छ, हरित एवं टिकाऊ परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। कंपनी की यह उपलब्धि देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते इस्तेमाल और पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## 1,500 से अधिक प्रौद्योगिकी उपयोग मामलों का प्रदर्शन

# आईएमसी 2026 की थीम 'स्केल विदआउट बाउंड्रीज' घोषित, 7 से 10 अक्टूबर तक होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने भारत के प्रमुख डिजिटल प्रौद्योगिकी मंच इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2026 के 10वें संस्करण की आधिकारिक थीम ₹स्केल विदआउट बाउंड्रीज₹ (सीमाओं से परे विस्तार) का अनावरण किया। यह आयोजन 7 से 10 अक्टूबर 2026 तक नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में होगा। आईएमसी का 10वां संस्करण भारत की डिजिटल प्रगति के एक दशक का उत्सव मनाएगा। इसका उद्देश्य नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत, स्टार्टअप, निवेशकों, शिक्षाविदों और वैश्विक तकनीकी विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर डिजिटल परिवर्तन की अगली दिशा तय करना है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) और सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 100 से अधिक देशों के 1.5 लाख से ज्यादा प्रतिभागियों, 300 से अधिक प्रदर्शकों और साझेदारों के शामिल होने की उम्मीद है। कार्यक्रम में 1,500 से अधिक प्रौद्योगिकी उपयोग मामलों का प्रदर्शन किया जाएगा।

### 1.33 अरब लोगों के हाथ में मोबाइल फोन

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि तकनीक तभी सार्थक है जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि आज देश में 1.33 अरब लोगों के हाथ में मोबाइल फोन है और डेटा की कीमत 287 रुपए प्रति जीबी से घटकर लगभग 8 रुपए प्रति जीबी रह गई है। संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत ने दूरसंचार क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है।

# महाराष्ट्र एफडीए जांच में मशरूम-एड सूप पाउडर स्टेरॉयड-मुक्त, गुणवत्ता और सुरक्षा पर लगी मुहर

*मशरूम प्राकृतिक पोषक तत्वों से होता है भरपूर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नागपुर

स्वास्थ्य एवं पोषण क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में मशरूम-एड सूप पाउडर को महाराष्ट्र राज्य के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ( एफडीए) की अधिकृत प्रयोगशाला द्वारा किए गए परीक्षण में स्टेरॉयड-मुक्त पाया गया है। कंपनी के अनुसार, यह रिपोर्ट उत्पाद की गुणवत्ता, शुद्धता और उपभोक्ता सुरक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। कंपनी ने बताया कि मशरूम-एड सूप पाउडर प्राकृतिक औषधीय मशरूम और चयनित आयुर्वेदिक एवं हर्बल घटकों से तैयार किया गया फूड सप्लीमेंट है। आधिकारिक प्रयोगशाला जांच में इसमें किसी भी प्रकार के स्टेरॉयड की मौजूदगी नहीं मिली। कंपनी का कहना है कि इस परीक्षण परिणाम से उपभोक्ताओं, विक्रेताओं और वितरकों का भरोसा और मजबूत हुआ है। कंपनी ने दोहराया कि उत्पाद की गुणवत्ता बनाए रखना और उपभोक्ताओं का विश्वास कायम रखना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, मशरूम-एड सूप पाउडर में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं।





**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्रमांक / लो.क.वि./2026/940 रिसाली दिनाँक 28/07/26

नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्रं. | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 22 मैत्री कुंज, वार्ड क्र. 23 एवं डुण्डेरा में जल आपूर्ति हेतु ओवर हैड टैंक का निर्माण कार्य। | 196260 | 299.82 | 18.08.2026 |

(नोट :- ई टेण्डर में ऑफलाईन डी.डी, धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली


## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के विधि छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**भोपाल।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश राज्य मध्यस्थता अधिकरण का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को अधिकरण की कार्यप्रणाली और वैकल्पिक विवाद समाधान प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने सार्वजनिक अवसंरचना परियोजनाओं, यूटिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर, सप्लाई एवं सर्विस एग्रीमेंट, अनुबंधों के उल्लंघन एवं समाप्ति तथा भुगतान और बिल क्लेम से जुड़े मामलों में चल रही लाइव मोशन हियरिंग और अंतिम बहस की कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इससे छात्रों को न्यायिक प्रक्रिया के व्यावहारिक पहलुओं को समझने का अवसर मिला। इसके बाद विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश राज्य मध्यस्थता अधिकरण के चेयरमैन सेवानिवृत्त हाईकोर्ट न्यायाधीश न्यायमूर्ति पीएन सिंह, लीगल मेंबर बीआर यादव एवं पीके शर्मा तथा अधिकरण के रजिस्ट्रार से मुलाकात की। अधिकारियों ने छात्रों को मध्यस्थता की प्रक्रिया, उसके महत्व और विवादों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान में उसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की सफलता पर एलएनसीटी ग्रुप के सेक्रेटरी डॉ. अनुपम चौकसे, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर धर्मेंद्र गुप्ता, विश्वविद्यालय के कुलपति, रजिस्ट्रार एवं अन्य अधिकारियों ने आयोजन से जुड़े सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### फिटनेस ट्रेनर जयदीप ने हासिल की स्पेशल पापुलेशन ट्रेनिंग में विशेषज्ञता



**भोपाल।** फिटनेस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए भोपाल के फिटनेस ट्रेनर जयदीप शर्मा ने आईएसओ प्रमाणित वायएफओजी अकादमी से दो विशेष सर्टिफिकेशन वर्कशॉप सफलतापूर्वक पूरी की हैं। इनमें 'फीमेल फिटनेस' (महिला फिटनेस) और 'स्पेशल पापुलेशन' (विशेष स्वास्थ्य स्थितियों वाले लोगों के लिए प्रशिक्षण) शामिल हैं। यह प्रमाण पत्र वायएफओजीअकादमी के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विकास दुबे के मार्गदर्शन और प्राधिकरण के तहत प्रदान किए गए। प्रोफेसर दुबे वर्तमान मेंवायएफओजीअकादमी में एचओडी के पद पर कार्यरत हैं और गोल्ड्स जिम फिटनेस इंस्टीट्यूट में लेक्चरर भी हैं। नई विशेषज्ञताओं के साथ जयदीप शर्मा अब महिला क्लाइंट्स और विशेष स्वास्थ्य परिस्थितियों वाले लोगों के लिए अधिक सुरक्षित, प्रभावी और जरूरत के अनुसार कस्टमाइज्ड एक्सरसाइज प्लान तैयार कर सकेंगे। फिटनेस ट्रेनिंग में विशेष आबादी के लिए अलग-अलग जरूरतों को समझना महत्वपूर्ण होता है। इन नई योग्यताओं के माध्यम से शर्मा व्यक्तिगत प्रशिक्षण के स्तर को और बेहतर बनाने के साथ स्वास्थ्य लक्ष्यों के अनुरूप वैज्ञानिक प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार करने में सक्षम होंगे।

### क्यूपिड ने जीआईआई हेल्थकेयर में 5 मिलियन डॉलर का निवेश किया

**मुंबई।** क्यूपिड लिमिटेड ने जीआईआई द्वारा प्रबंधित हेल्थकेयर-केंद्रित निवेश मंच जीआईआई हेल्थकेयर इन्वेस्टमेंट लिमिटेड में 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर का अतिरिक्त फॉलो-ऑन निवेश करने की घोषणा की है। यह निवेश कंपनी ने अपने आंतरिक अर्जित संसाधनों से किया है। यह निवेश जीआईआई की हेल्थकेयर निवेश रणनीति में उसके निरंतर विश्वास को दर्शाता है और दोनों संस्थाओं के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करता है। यह निवेश क्यूपिड के पहले किए गए निवेश के बाद किया गया है। जो प्लेटफॉर्म की दीर्घकालिक मूल्य सृजन क्षमता पर कंपनी के भरोसे को रेखांकित करता है।

### एथर ने रिज्टा जेड में लांच किया 'पॉटहोल प्लस अलर्ट्स' फीचर

**बेंगलुरु।** एथर एनर्जी ने अपने जेन 2 और उससे नए स्कूटरों एथर 450 एपेक्स, 450 एक्स और रिज्टा जेड के लिए नया पॉटहोल प्लस अलर्ट्स फीचर जारी करना शुरू कर दिया है। यह फीचर इंटरनेट से जुड़े एथर स्कूटरों से प्राप्त रियल-टाइम डेटा के आधार पर राइडर्स को रास्ते में आने वाले गड्ढों, टूटी सड़कों, ऊबड़-खाबड़ मार्गों और स्पीड ब्रेकर की पहले से जानकारी देगा। कंपनी के अनुसार, यह फीचर केवल सबसे तेज़ रास्ता ही नहीं, बल्कि सफर शुरू होने से पहले सबसे आरामदायक और बेहतर मार्ग का सुझाव भी देगा, जिससे राइड अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बन सके। एथर एनर्जी के सह-संस्थापक और सीईओ तरुण मेहता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस फीचर की जानकारी साझा करते हुए बताया कि इसे विकसित करने में करीब 9 वर्ष का समय लगा।


सत्यमेव जयते

**भारत सरकार**
**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**
**दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग**
:: सार्वजनिक सूचना ::

**दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार - 2026**
**आवेदन / नामांकन की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने के संबंध में**

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन/नामांकन 15 मई, 2026 से आमंत्रित किए गए थे तथा आवेदन/नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 निर्धारित की गई थी।

2. सभी इच्छुक व्यक्तियों, संस्थाओं एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (Rashtriya Puraskar Portal) पर ऑनलाइन आवेदन/नामांकन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 15 अगस्त, 2026 कर दी गई है।

3. सभी संबंधितों से अनुरोध है कि आवेदन / नामांकन केवल ऑनलाइन माध्यम से राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://awards.gov.in पर ही प्रस्तुत करें। डाक कूरियर ई-मेल अथवा किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन/नामांकन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

4. पुरस्कारों से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश, पात्रता मानदंड तथा अन्य आवश्यक जानकारी निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध है:

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग:
https://depwd.gov.in
राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल:
https://awards.gov.in

CBC 38117/11/0006/2627

चिंतन

# विद्वानों पर टिप्पणी करने से बचें राजनेता

विद्वान और शिक्षाविद देश की अमूल्य धरोहर होते हैं। वे किसी भी दल, धर्म, जाति या दल से ऊपर होते हैं। ऐसे में राजनेताओं को विद्वानों पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से बचना चाहिए। हाल ही में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के नवगठित शिक्षा सुधार समिति के एक सदस्य आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि को गोमूत्र विशेषज्ञ कहे जाने पर लोकसभा में हंगामा हो गया। प्रोफेसर कामकोटि गोमूत्र के कथित औषधीय गुणों पर अपनी राय के कारण पहले भी चर्चा में रहे हैं। इस मामले को लेकर 215 वर्तमान और पूर्व कुलपतियों तथा शिक्षाविदों ने प्रियंका गांधी को खुला पत्र लिखकर इसी चिंता को सामने रखा है। पत्र में कहा गया है कि किसी शिक्षाविद् से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, उनके विचारों और शोध पर सवाल भी उठाए जा सकते हैं, लेकिन सार्वजनिक मंच पर उनका मजाक उड़ाना उचित नहीं है। प्रो. कामकोटि को पारंपरिक ज्ञान या किसी वैज्ञानिक परिकल्पना पर अपनी राय रखने का अधिकार है। यदि उनके किसी दावे या विचार से असहमति है तो उसके प्रमाणों और वैज्ञानिक आधार को चुनौती दी जानी चाहिए। वैज्ञानिक विमर्श की यही स्वस्थ परंपरा है। प्रो. वी. कामकोटि कंप्यूटर वैज्ञानिक और शिक्षाविद् हैं तथा आईआईटी मद्रास के निदेशक हैं। उन्होंने इसी संस्थान से कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग में उच्च शिक्षा और पीएचडी हासिल की। उनके नेतृत्व में उस टीम ने भारत के स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर 'शक्ति' के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे देश की तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि माना जाता है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया जा चुका है। वे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्वों में भी भूमिका निभा चुके हैं। ऐसे व्यक्ति की किसी एक राय को आधार बनाकर उसकी पूरी विद्वत्ता को एक उपहासपूर्ण संबोधन में सीमित कर देना निश्चित रूप से स्वस्थ बहस का तरीका नहीं हो सकता। यदि गोमूत्र के औषधीय गुणों को लेकर कोई दावा वैज्ञानिक कसौटी पर खरा नहीं उतरता, तो वैज्ञानिक समुदाय और राजनेताओं को उसके प्रमाण मांगने चाहिए। शोध को शोध से चुनौती दी जानी चाहिए, व्यक्ति का उपहास नहीं करना चाहिए। यह भी ध्यान रखना होगा कि शिक्षा और परीक्षा सुधार जैसे गंभीर विषयों पर बनी समितियों में अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है। पेपर लीक जैसी समस्या केवल शिक्षा विभाग की समस्या नहीं है। इसमें तकनीक, साइबर सुरक्षा, प्रशासन, खुफिया तंत्र और परीक्षा संचालन से जुड़े विशेषज्ञों की भी भूमिका हो सकती है। राजनीतिक दलों के बीच तीखी बहस लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया है। सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार और जिम्मेदारी है, लेकिन व्यक्तिगत कटाक्ष और उपहास से बहस का स्तर गिरता है। सत्ता पक्ष के नेताओं पर भी यही कसौटी लागू होनी चाहिए। किसी वैज्ञानिक, शिक्षक, न्यायविद् या अन्य विद्वान की राजनीतिक विचारधारा से असहमति हो सकती है, लेकिन उसकी शैक्षणिक उपलब्धियों का सम्मान बना रहना चाहिए। शिक्षाविदों की आपत्ति को इसी व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए। उनका संदेश स्पष्ट है कि विचारों पर कठोर बहस कीजिए, प्रमाण मांगिए, गलत दावों को तथ्यों से खारिज कीजिए, लेकिन विद्वानों का उपहास मत उड़ाइए। भारत को आज ऐसी ही संवाद संस्कृति की जरूरत है, जिसमें राजनीतिक असहमति के बावजूद ज्ञान और विद्वता के प्रति सम्मान बना रहे।



मुद्दा
रोहित कौशिक

# फर्जी शिक्षण संस्थानों पर नकेल जरूरी

देश में उच्च शिक्षा के लिए नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने वाला है। सत्र से पहले विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी ने छात्रों और अभिभावकों को चेताया है कि वे प्रवेश लेने से पहले उच्च शिक्षण संस्थानों की मान्यता, संबंधित कोर्स और डिग्री की मंजूरी के बारे में सही तरीके से जांच कर लें। यूजीसी ने सभी राज्यों व विश्वविद्यालयों को पत्र भी लिखा है। इस पत्र में कहा गया है कि डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी और निजी विश्वविद्यालयों से संबद्ध कॉलेजों की डिग्री मान्य नहीं होगी। दरअसल, हर साल देश के अनेक युवा फर्जी शिक्षण संस्थानों के चक्कर में फंस जाते हैं। बाद में उन्हें पछताना पड़ता है। इन दिनों देश में कई संदिग्ध शिक्षण संस्थान अनेक तरह की फर्जी डिग्रियां प्रदान कर रहे हैं।

देश में उच्च शिक्षा के लिए नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने वाला है। सत्र से पहले विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी ने छात्रों और अभिभावकों को चेताया है कि वे प्रवेश लेने से पहले उच्च शिक्षण संस्थानों की मान्यता, संबंधित कोर्स और डिग्री की मंजूरी के बारे में सही तरीके से जांच कर लें। यूजीसी ने सभी राज्यों व विश्वविद्यालयों को पत्र भी लिखा है। इस पत्र में कहा गया है कि डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी और निजी विश्वविद्यालयों से संबद्ध कॉलेजों की डिग्री मान्य नहीं होगी। दरअसल, हर साल देश के अनेक युवा फर्जी शिक्षण संस्थानों के चक्कर में फंस जाते हैं। बाद में उन्हें पछताना पड़ता है। इन दिनों देश में कई संदिग्ध शिक्षण संस्थान अनेक तरह की फर्जी डिग्रियां प्रदान कर रहे हैं। ऐसे अनेक मामले प्रकाश में आते भी रहते हैं। ऐसे संस्थानों के संदिग्ध क्रियाकलापों का खुलासा होने पर कार्रवाई भी होती है, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर ऐसे संस्थान फिर शुरू हो जाते हैं।

पिछले दिनों राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित पीटीआई भर्ती में फर्जी बीपीएड डिग्रियां बांटने वाले उत्तर प्रदेश के एक विश्वविद्यालय पर कार्रवाई भी की गई थी। कुछ समय पहले उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स ने एक निजी विश्वविद्यालय में चल रहे फर्जी डिग्री घोटाले का भंडाफोड़ कर बड़ी कार्रवाई की थी। एसटीएफ ने छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में फर्जी डिग्रियां, प्रोविजनल और माइग्रेशन सर्टिफिकेट समेत अन्य कई तरह की सामग्री बरामद की थीं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक तरफ फर्जी डिग्रियों के माध्यम से शिक्षा का मजाक बनाया जा रहा है तो दूसरी तरफ फर्जी विश्वविद्यालय छात्रों को ठग रहे हैं। कुछ समय पहले यूजीसी ने देश भर में खुले कई फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की थी। इन विश्वविद्यालयों को किसी भी तरह की डिग्री देने का अधिकार नहीं है। शर्मनाक यह है कि ये विश्वविद्यालय हाल ही में पैदा नहीं हुए हैं, बल्कि कई वर्षों से चल रहे हैं। सही जानकारी के अभाव में हजारों छात्र इन फर्जी विश्वविद्यालयों के भंवर में फंस जाते हैं। सवाल यह है कि कई वर्षों से चल रहे इन फर्जी विश्वविद्यालयों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है? अगर इन पर पहले ही कार्रवाई हो जाती तो हजारों छात्रों के भविष्य पर मंडराते खतरे को दूर किया जा सकता था। दरअसल, ऐसे मामलों में हर कोई अपनी जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहता है। यूजीसी समय-समय पर विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध कराता रहता है। सवाल यह है कि जब यूजीसी और सरकार को फर्जी विश्वविद्यालयों की जानकारी है तो उनके संचालकों की धरपकड़ कर इन अवैध विश्वविद्यालयों को बन्द क्यों नहीं कराया जाता? फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची प्रकाशित कर देने मात्र से ही यूजीसी और सरकार अपनी जिम्मेदारी से बरी नहीं हो जाते। यह विडम्बना ही है कि आज गली-गली में निजी शिक्षा संस्थानों की बाढ़ आ गई है। इनमें से कुछ शिक्षा संस्थानों के क्रियाकलाप संदिग्ध हैं। सवाल यह है कि शिक्षा को व्यापार बनाने के लिए जिम्मेदार कौन है ? नब्बे के दशक में शुरू हुई उदारीकरण की आंधी ने अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया। हालांकि इससे पहले भी कुछ राज्यों में उच्च शिक्षा निजी हाथों में जा चुकी थी, लेकिन नब्बे के दशक में




व्यापक रूप से पूरे देश में शिक्षा को निजी हाथों में सौंपने का काम किया गया। सरकार ने खुद खाओ, खुद कमाओ की नीति के तहत शिक्षा का निजीकरण करते हुए गर्व का अनुभव किया। सरकार की इस नीति से अनेक औद्योगिक घराने अपना पारम्परिक व्यापार त्याग कर शिक्षा के क्षेत्र में कूद पड़े। उनके लिए यह उपक्रम सिर्फ एक व्यापार को त्याग कर दूसरे व्यापार को अपनाना भर था। इनकी देखा देखी छोटे व्यापारी भी इस क्षेत्र की तरफ भागने लगे। हमारे देश में प्रारम्भ से ही शिक्षा प्रदान करने का प्रायोजन धर्मार्थ माना गया है। इसलिए सरकार की नई नीति के तहत शिक्षा प्रदान करते हुए इन सभी व्यापारियों को धर्म एवं समाज सेवा का आवरण अपने आप मिल गया। धर्म एवं समाजसेवा के आवरण में मुनाफा कमाने का इससे अच्छा साधन और कोई नहीं हो सकता था। इसलिए शिक्षा के निजीकरण ने एक नए किस्म के व्यापार को जन्म दिया, जिसमें मुनाफा तो पूरा था, लेकिन व्यापारी की छवि मुनाफा कमाने वाले की नहीं बल्कि उपकार करने वाले की थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक के बाद एक सरकारें इसी नीति पर चलती रहीं। सभी सरकारों द्वारा धड़ल्ले से निजी एवं डीम्ड विश्वविद्यालयों को मान्यता दी जाती रही। सरकारें बार-बार ये बताती रहीं कि हमारे देश के हालात को देखते हुए अभी और विश्वविद्यालय खोले जाने की जरूरत है। इस हड़बड़ी में शिक्षा की गुणवत्ता की तरफ किसी का ध्यान नहीं गया। कई बार जानबूझकर इन विसंगतियों को नजरअन्दाज किया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में शिक्षा जगत से जुड़े अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध रहती है। अपना मुंह बन्द रखने और अवैध रूप से मान्यता देने के लिए शिक्षण संस्थाओं द्वारा इन अधिकारियों को मोटी रकम दी जाती है। स्पष्ट है कि शिक्षा जगत में फैले भ्रष्टाचार को बढ़ाने में इस क्षेत्र से जुड़े अधिकारी और विभिन्न समितियों में स्थान प्राप्त प्रोफेसर्स भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दरअसल, निजी शिक्षण संस्थानों के मालिक विभिन्न राजनेता और अन्य प्रभावशाली लोग होते हैं इसलिए इस मामले में जानबूझकर चुप्पी साध ली जाती है। ऐसे मामलों में जितने दोषी विश्वविद्यालयों के संचालक हैं, उतनी ही दोषी सरकार और उससे जुड़े अधिकारी भी हैं।

आजादी के बाद कुछ हद तक शिक्षा नीति की कमजोरी को दूर करने के प्रयास किए गए, लेकिन ये प्रयास पर्याप्त सिद्ध नहीं हुए। एक बार फिर शिक्षा नीति में परिवर्तन की कोशिशें हो रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हमारे नीति-निर्माता शिक्षा नीति में परिवर्तन करने की हड़बड़ाहट में अपना विवेक खोकर कुछ ऐसे निर्णय ले रहे हैं जो शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को ठेस पहुंचा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या हमारा मुख्य उद्देश्य शिक्षा नीति में परिवर्तन करना है या फिर इस परिवर्तन के माध्यम से शिक्षा की कमजोरियों को दूर करना है? हमारे नीति-निर्माताओं की नीतियों एवं क्रियाकलापों को देखकर तो ऐसा लगता है कि उनका मुख्य उद्देश्य केवल शिक्षा नीति में परिवर्तन करना भर है। इस दौर में उच्च शिक्षा की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। कहने को तो शिक्षा नीति में काफी बदलाव हुए हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि हम अभी भी लीक ही पीट रहे हैं। शिक्षा जगत में मौजूद इन विसंगतियों के बीच नई शिक्षा नीति में भी एक बार फिर निजी शिक्षण संस्थानों को अनेक तौर-तरीकों से पनपने का मौका दिया गया है। सवाल यह है कि क्या ये संस्थान शिक्षा के मूल उद्देश्य को पूरा करने की तरफ ध्यान देंगे? अब समय आ गया है कि सरकार निजीकरण की आड़ में पनपे संदिग्ध विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों के क्रियाकलापों पर गम्भीरता से ध्यान दें ताकि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकारमय होने से बचाया जा सके।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष
बाल मुकुन्द ओझा



# आम आदमी की बोली के रचनाकार थे मुंशी प्रेमचंद

आज उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती है। ग्रामीण जन जीवन के चितेरे लेखक मुंशी प्रेमचंद की रचनाएं आज भी न केवल प्रासंगिक हैं अपितु हिंदी साहित्य की अमर अजय रचनाएं हैं। प्रेमचंद ने कहानी और उपन्यास विधा में एक नई और जीवंत परंपरा की शुरुआत की। उनकी प्रत्येक रचना सच्चाई के इर्दगिर्द घूमती है। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से आम आदमी की समस्याओं और पीड़ाओं को यथार्थ रूप से चित्रित किया। यही कारण है कि वे साहित्य के अमर अजर रचनाकार के रूप में ख्यात हैं। उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को बनारस के पास लमही नामक गांव में हुआ था। उनका असली नाम धनपतराय था। प्रेमचंद ने 1901 में उपन्यास लिखना शुरू किया। कहानी 1907 से लिखने लगे। उर्दू में नवाबराय नाम से लिखते थे। स्वतंत्रता संग्राम के दिनों लिखी गई उनकी कहानी सोजेवतन 1910 में जब्त की गई। उसके बाद अंग्रेजों के उत्पीड़न के कारण वे प्रेमचंद नाम से लिखने लगे। 1923 में उन्होंने सरस्वती प्रेस की स्थापना की। 1930 में हंस का प्रकाशन शुरु किया। इन्होंने मर्यादा, हंस, जागरण तथा माधुरी जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं का संपादन किया। ये आधुनिक कथा साहित्य के जन्मदाता कहलाए। उन्हें कथा सम्राट की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने 300 से अधिक कहानियां लिखी हैं। इन कहानियों में आम आदमी



की घुटन, चुभन व कसक को अपनी कहानियों में उन्होंने प्रतिबिम्बित किया। उनकी कहानियों में रूढ़ियों, अंधविश्वासों, अंधपरंपराओं पर कड़ा प्रहार किया गया है वहीं दूसरी ओर मानवीय संवेदनाओं को भी उभारा गया है। ईदगाह, पूस की रात, शतरंज के खिलाड़ी, नमक का दारोगा, दो बैलों की आत्म कथा जैसी कहानियां कालजयी हैं। तभी तो उन्हें कलम का सिपाही, कथा सम्राट, उपन्यास सम्राट आदि अनेक नामों से पुकारा जाता है। प्रेमचंद के साहित्य में समस्याओं को न केवल उठाया गया है, बल्कि उनका समाधान भी प्रस्तुत किया गया है। सेवा सदन में वेश्यावृत्ति की समस्या, गबन में नारी के आभूषण प्रेम की समस्या, कर्म भूमि में जमीदारों के अत्याचारों का पूंजीपतियों की हठधर्मिता की समस्या, निर्मला में अनमेल विवाह की समस्या आदि का चित्रण किया गया है। इस प्रकार प्रेमचंद अपने साहित्य में इन समस्याओं को उनके दुष्प्रभावों से परिचित कराते हैं तथा उन्हें दूर करने के लिए प्रेरित भी करते हैं। प्रेमचंद का साहित्य ग्रामीण जीवन की संपूर्ण झांकी को प्रस्तुत करता है। गोदान उपन्यास तो ग्रामीण जीवन का महाकाव्य कहलाता है। बड़े घर की बेटी, पंच परमेश्वर, दो बैलों की कथा आदि कहानियां भी ग्रामीण पृष्ठभूमि में लिखी गई हैं। इन रचनाओं में उन्होंने ग्रामीणों के प्रति एक नवीन व स्वस्थ दृष्टिकोण अपनाकर उनकी समस्याओं को प्रभावशाली ढंग से उठाया है। मुंशी प्रेमचंद एक महान कथाकार के साथ-साथ एक अच्छे समाज सुधारक भी रहे हैं, उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम सामाज में फैली कुरीतियों का विरोध किया है। मुंशी प्रेमचंद देश के ऐसे पहले रचनाकार थे जिन्होंने उपन्यास साहित्य को तिलस्मी और ऐयारी से बाहर निकाल कर जमीनी हकीकत से परिचय कराया। उन्होंने अपनी रचनाओं में आम लोगों विशेषकर मेहनतकश वर्ग की भावनाओं और सच्चाइयों को वर्णित किया। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से देश की वास्तविक और जमीनी समस्याओं से देशवासियों को अवगत कराया। प्रेमचंद ने साहित्य को सच्चाई के धरातल पर उतारा। वह आम भारतीय के रचनाकार थे। उनकी रचनाओं में ऐसे नायक हुए,जिसे भारतीय समाज अछूत और घृणित समझता था। उन्होंने सरल,सहज और जनसाधारण की बोल-चाल की भाषा का उपयोग किया और अपने प्रगतिशील विचारों को दृढ़ता से समाज के सामने प्रस्तुत किया। प्रेमचंद हिन्दी साहित्य के युग प्रवर्तक माने गए। उनकी रचनाओं में समाज का पूरा 'परिवेश' उसकी 'कुरूपता' और 'असमानता', 'छुआछूत', 'शोषण' की विभीषिका कमजोर वर्ग और स्त्रियों का दमन आदि वास्तविकता प्रकट हुई है। उन्होंने सामान्य आदमी का जीवन अत्यंत निकट से देखा था तथा खुद उस जिंदगी को भोगा भी था। उपन्यास के क्षेत्र में उनके योगदान को देखकर बंगाल के विख्यात उपन्यासकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने उन्हें उपन्यास सम्राट कहकर संबोधित किया था। प्रेमचंद ने हिन्दी कहानी और उपन्यास की एक ऐसी परंपरा का विकास किया, जिसने पूरी सदी के साहित्य का मार्गदर्शन किया। प्रेमचंद ने अपनी रचनाओं में सामाजिक कुरीतियों जमकर विरोध किया और आम आदमी की कहानी उनकी बोलचाल की भाषा में चित्रित की।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कथनी और करनी में न हो कोई अंतर



संकलित
दर्शन

सभी के हित का ध्यान रखते हुए मनसा, वाचा, कर्मणा अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निर्वाह करना कर्त्तव्य है। कर्त्तव्य का पालन यदि समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्त्तव्यनिष्ठ है। वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है। वह परमार्थ पोषक एवं प्रामाणिक होता है। वह जैसा रहता है, वैसा ही करता भी है। ऐसी कथनी-करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है और प्रत्येक उससे प्रेरणाएं ग्रहण करता है। कर्त्तव्य परिपालन की बात करना और कर्त्तव्य परिपालन के नाम पर शोर-शराबा मचाना अलग बात है और कर्त्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर-शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। आज हम देखते हैं कि कर्त्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे-चौड़े उपदेश दिये जाते हैं, पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दायें-बायें देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्त्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों हैं, पर कर्त्तव्यों के पावन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही हैं। कई बार मुझे चिंतन के क्षणों में लगता है कि आज व्यक्ति कर्त्तव्यों से विमुख हो गया है। इस विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है। कर्त्तव्यों के पावन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नहीं कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्त्तव्य पालन में ही है।

## संतान गुस्सा हो तो उसे शांत करने की कोशिश करें



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में एक दिन शिव जी और पार्वती जी ने विचार किया कि अब गणेश और कार्तिकेय का विवाह कर देना चाहिए। ये विचार करने के बाद उन्होंने कार्तिकेय स्वामी और गणेश जी को बुलाया और दोनों से कहा कि आप दोनों में से जो इस संसार की परिक्रमा करके पहले आएगा, हम उसका विवाह पहले कराएंगे। कार्तिकेय स्वामी तो अपने वाहन मोर पर बैठकर तुरंत उड़ गए, लेकिन गणेश जी अपने वाहन चूहे पर बैठे हुए थे। गणेश जी ने तुरंत ही माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कह दिया कि आप दोनों ही मेरे लिए संसार हैं। दूसरी ओर, कार्तिकेय स्वामी को संसार की परिक्रमा करके लौटने में थोड़ा समय लग गया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो उन्होंने देखा कि गणेश का विवाह हो गया है। गणेश जी को विवाहित देखकर कार्तिकेय स्वामी नाराज हो गए। उन्होंने शिव-पार्वती से कहा कि आपने ये सही नहीं किया है। क्रोधित होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर चले गए। शिव जी और देवी पार्वती ने कार्तिकेय स्वामी को समझाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कार्तिकेय शांत नहीं हुए। शिव-पार्वती समझ गए कि कार्तिकेय बहुत ज्यादा गुस्से में है और ये वापस भी नहीं आएगा। तब दोनों ने तय कि वे ही कार्तिकेय से मिलने जाते रहेंगे। इसके बाद हर अमावस्या पर शिव जी और पूर्णिमा पर देवी पार्वती कार्तिकेय से मिलने श्रीपर्वत पर आती हैं। ऐसी मान्यता है। श्रीपर्वत पर मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग स्थित है।

## सटाका




## आज की पाती


### क्या इस्तीफे लेने-देने से भ्रष्टाचार रुक जाएगा?

पेपर लीक के मामलों और अन्य गड़बड़ घोटालों के लिए शत-प्रतिशत भ्रष्टाचार जिम्मेदार है और हमारे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी हो चुकी हैं। जब तक भ्रष्टाचार की जड़ों को काटने के लिए काम नहीं किया जाएगा, तब तक देश में कोई भी गलत काम नहीं रुकेगा। सरकारों में चेहरे बदलने से भ्रष्टाचार नहीं रुकेगा, बल्कि सरकारों को धरातल पर काम करना होगा। अफसरों और अन्य सभी भ्रष्ट लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, जिसके लिए सरकारें ढुलमुल रवैया अपनाए हुए हैं।

**- नेहा**, रोहतक

## ट्रेंड

### विपक्ष की भूमिका



संसद में विपक्ष की भूमिका पूरी तरह से नकारात्मक और गैर-जिम्मेदाराना रही है। सत्र शुरू होने के बाद से ही उनका एकमात्र मकसद सदन की कार्यवाही में बाधा डालना रहा है। विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है।

**- जगत प्रकाश नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### टेलीकॉम सेक्टर



टेलीकॉम सेक्टर को लेकर भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार के बीच होने वाला एमओयू ग्वालियर के लिए एक बड़ी सौगात है... इस समझौते के ज़रिए देश की कई टेलीकॉम कंपनियाँ मध्य प्रदेश में निवेश करेंगी, जिससे युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोज़गार के अवसर पैदा होंगे।

**- डॉ. मोहन यादव,** सीएम, मध्यप्रदेश


### युवा आंदोलन



युवा आंदोलन से बड़े मीडिया घरानों के लिए भी एक अहम सबक मिलता है: मुख्यधारा की मीडिया को 'मेन स्ट्रीट मीडिया' बनना होगा। आज संकट सिर्फ़ 'राष्ट्रीय सरकार' के लिए ही नहीं, बल्कि तथाकथित 'राष्ट्रीय मीडिया' के लिए भी उतना ही बड़ा है।

**- अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

### फास्ट-ट्रैक कोर्ट



आज सरकार फास्ट-ट्रैक कोर्ट की बात तो करती है, लेकिन 2024 के नीट पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया को क्लीन चिट दे दी गई है। हालात ऐसे हैं कि पिछले 10 सालों में 152 बार पेपर लीक हुए हैं।

**- मल्लिकार्जुन खड़गे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

### फ्रांस में आग के विस्थापितों को घर लौटने की दी अनुमति

फ्रांस के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को दक्षिण-पश्चिमी फ्रांस में जंगल की भीषण आग के कारण अपने घरों को छोड़कर गये 84,000 लोगों को वापस लौटने की अनुमति दे दी है। इसे इस बात का संकेत माना जा रहा है कि दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस अग्निकांड में पेरिस के क्षेत्रफल से लगभग चार गुना बड़ा क्षेत्र जलकर खाक हो चुका है। जिन क्षेत्रों के निवासियों को अपने घर वापस लौटने की अनुमति दी गई है, उनमें उन नौ इलाकों को भी शामिल किया गया है, जिन्हें पहले खाली कराया गया था। पिछले सप्ताह से अब तक कुल मिलाकर 2.20 लाख से अधिक लोगों को अपने घरों को छोड़कर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। अधिक नमी, कम तापमान और हल्की बारिश से उम्मीद जगी है कि आग पर जल्द ही काबू पा लिया जायेगा। आग पहले से प्रभावित 42,000 हेक्टेयर क्षेत्र से आगे नहीं फैली। फ्रांस के गिरोंद क्षेत्र में लगी देश की सबसे बड़ी जंगल की आग रात में और नहीं फैली, लेकिन बुधवार दोपहर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचने और हवाएं तेज होने के साथ राहत अल्पकालिक साबित होने का खतरा पैदा हो गया।



## ऑफ बीट

### प्रतिदिन मांस खाने से बढ़ता है कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा

प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस के सेवन के प्रभाव पर विश्व कैंसर अनुसंधान कोष द्वारा 500 पेज के अध्ययन के सैकड़ों परिणामों में से केवल एक के बारे में खबर दी। अखबार ने पाठकों को बताया कि



हर दिन एक बेकन सैंडविच खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ सकता है। यदि यह सापेक्ष जोखिम अनुपात एक से ऊपर है, तो संपर्क में आए व्यक्ति में बिना जोखिम के किसी व्यक्ति की तुलना में रोग विकसित होने की संभावना अधिक होती है। यदि यह एक से नीचे हो तो जोखिम कम हो जाता है। पूर्ण जोखिम किसी विशेष उपचार या जोखिम कारक (उदाहरण के लिए, बेकन सैंडविच खाने या न खाने) के संपर्क में आने या न आने वाले लोगों का अनुपात है, जिनसे किसी दिए गए परिणाम (उदाहरण के लिए, कैंसर) के विकसित होने की आशंका होती है। प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' विकसित होने का पूर्ण जीवनकालिक जोखिम पांच से छह प्रतिशत तक बढ़ जाता है। तो यह सच है कि प्रतिदिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने वालों के लिए सापेक्ष जोखिम 20 प्रतिशत बढ़ जाता है, लेकिन पूर्ण जोखिम केवल एक प्रतिशत बढ़ता है।

**विदेशी महिला ने एम्स्टर्डम से पार्सल भेजने के नाम पर किया था ठगी का प्रयास, नाकाम होने पर रची ड्रग तस्करी में फंसाने की कहानी**

# विदेशी महिला ने ड्रग तस्करी के झूठे केस में फंसाने के नाम पर महिला के खाते से 15 बार में निकाले आठ लाख 35 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला के साथ हाईटेक ठगी का मामला सामने आया है। उन्हें एक विदेशी महिला ने ड्रग तस्करी के झूठे मामले में फंसाने का झांसा देकर 8 लाख 35 हजार रुपए का ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। विदेशी महिला से उनकी वाराणसी में मुलाकात हुई थी। उसके बाद उसने एम्स्टर्डम से पार्सल देने का झांसा देकर रकम वसूलने की कोशिश की।

नाकाम होने पर ड्रग तस्करी के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर 15 बार में अलग-अलग ट्रांजेक्शन कर रकम वसूल कर ली। ऐशबाग पुलिस ने अज्ञात साइबर जालसाज गिरोह के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**ऐशबाग पुलिस ने जालसाज के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की**

**फरियादी महिला की विदेशी महिला से वाराणसी में हुई थी मुलाकात**

**पार्सल की जांच में करीब 70 हजार डॉलर की विदेशी मुद्रा पाई गई**

## कॉलर ने एयरपोर्ट अर्थारिटी का अधिकारी बताया




पुलिस के अनुसार अहाता सिकंदर कुली ऐशबाग निवासी शाजिया खान पत्नी फीरोज खान (41) ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि कुछ समय पहले एमंडा नामक एक महिला से वाराणसी में उनकी मुलाकात हुई थी। इसके बाद तीन सितंबर 2025 से दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होने लगी। एमंडा ने बताया कि वह एम्स्टर्डम में रहती है और उसके पति डॉक्टर हैं। कुछ समय बाद उसने क्रिसमस के मौके पर एक पार्सल भेजने की बात कही और शाजिया खान का पता भी पार्सल भेजने के लिए ले लिया। इसके कुछ दिन बाद शाजिया के पास एक कॉल आया और कॉलर ने खुद को एयरपोर्ट अर्थारिटी का अधिकारी बताते हुए कहा कि आपका पार्सल एम्स्टर्डम (नीदरलैंड) से आया है।

**पार्सल की डिलीवरी लेने के लिए 35 हजार रुपए जमा करना होंगे**

पार्सल की डिलेवरी लेने के लिए 35 हजार रुपए जमा करना होंगे। इसके बाद बार-बार कॉल आने लगे और बताया गया कि पार्सल की जांच में करीब 70 हजार डॉलर की विदेशी मुद्रा पाई गई है। इस पर भारी पेनाल्टी लगेगी। इस प्रकार अलग-अलग बहानों से अलग-अलग तिथियों में शाजिया खान से 15 बार में कुल 8 लाख 35 हजार रुपए वसूल किए गए। जब शाजिया ने पैसा देने में असमर्थता जताई तो एमंडा नामक महिला ने भरोसा दिलाया कि वह अपने पति को भारत भेज रही है। वह पूरा मामला सुलझा देंगे। वह पार्सल भी रिलीज करवा देंगे और कस्टम या अन्य शुल्क भी वापस दिला देंगे।

### कहा- पति को भारत भेज दिया

एमंडा ने अपने कथित पति का एक फर्जी हवाई टिकिट भेजा। विश्वास कर शाजिया खान उसकी बातों में आती रहीं। कुछ समय बाद साजिया खान को पुनः एमंडा से एक कॉल आया और उसने कहा कि मेरे पति भारत पहुंच चुके हैं। उसे एयरपोर्ट पर रोक लिया गया है। इसके बाद खुद को एयरपोर्ट अर्थारिटी का अधिकारी बताने वाले व्यक्ति ने कॉल कर कहा कि उनके पास ड्रग्स बरामद हुए हैं। साजिया को बार-बार डराया-धमकाया गया कि यदि मैने पैसे नहीं दिए तो उस पर भी ड्रग्स तस्करी का मामला दर्ज कर दिया जाएगा। शाजिया को डरा धमकाकर अगल-अलग बहाने से लगातार पैसे ऐंठे गए। साजिया का कहना है कि सामाजिक बदनामी और मानसिक दबाव के कारण ही उन्होंने पैसे ट्रांसफर किए हैं। जांच के बाद पता चला कि उक्त पूरा मामला साइबर ठगी का है। शाजिया के पति दिल्ली भी गए, लेकिन वहां कोई व्यक्ति नहीं मिला। जब उन्हें ठगी में फंसने का विश्वास हो गया तो पुलिस को शिकायत की थी।

### बिजली कनेक्शन काटने का डर दिखाकर मेल नर्स से की 1.13 लाख रुपए की ठगी

टीटी नगर पुलिस ने निजी अस्पताल के मेल नर्स की शिकायत पर अज्ञात साइबर जालसाज के खिलाफ ऑनलाइन धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी ने बिल बकाया होने और बिजली कटने का डर दिखाकर एक लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करते ही फरियादी के खाते से एक लाख 13 हजार रुपए कटने का मैसेज आ गया। पुलिस के अनुसार 12 दफ्तर जवाहर चौक टीटी नगर निवासी संतोष रजक (44) चिल्र्डन अस्पताल में मेल नर्स हैं। विगत 27 जुलाई की सुबह करीब सवा 11 बजे उनके मोबाइल पर एक लिंक आई। उसके बाद अज्ञात नंबर से कॉल आया और कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि तुम्हारा बिजली का बिल बकाया है। इस लिंक के माध्यम से पैमेंट कर दो वरना तुम्हारे घर की बिजली कट जाएगी। वो व्यक्ति कॉल पर बना रहा और पैमेंट करवाने लगा। फरियादी संतोष ने लिंक पर क्लिक किया और अपने क्रेडिट कार्ड का नंबर व सीवीवी डाला। उसके बाद उसके अकाउंट से एक लाख 13 हजार रुपए कटने का मैसेज आ गया। अकाउंट से पैसे निकलनी की जानकारी मिलते ही संतोष ने बैंक के कस्टर केयर पर संपर्क कर घटना की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप



### दस दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर शुरू

**संतनगर।** संत हिरदाराम योगा एवं नेचर क्योर हॉस्पिटल आरोग्य केन्द्र द्वारा 10 दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर का आयोजन किया गया हैं। शिविर में डॉ. रमेश टेवानी ने बताया कि मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ हैं, इस जीवन का अंतिम लक्ष्य यह हैं कि हम प्रभु के चरणों में समा जाए, ये लक्ष्य पूरा तब होता हैं जब हम तन व मन से स्वस्थ हों, तन से स्वस्थ होने के लिए प्राकृतिक चिकित्सा, मन से स्वस्थ होने के लिए ध्यान, प्रणायाम और योग व जीवन को सार्थक करने के लिए समाज सेवा। आजीवन निरोगी रहने के लिए उपवास, पेट की सफाई व नींद ये तीन चीजें जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है, उपवास रसाहार व फलाहार के माध्यम से करते हैं।

### झूलेलाल महोत्सव :108 महिलाओं ने की महाआरती



**संतनगर।** झूलेलाल चालिया पर्व के अवसर पर मंदिर में 108 महिलाओं ने महाआरती की। इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्य जवाहर मूलचंदानी (बाबू भाई), भगवान तेजवानी, नारायण दास लालवानी, लक्ष्मण धर्मदासानी, राज मनवाणी और अन्य भक्तगण, महिलाओं ने भगवान झूलेलाल की आरती उतार कर मंदिर परिसर की परिक्रमा की। यह थाली सभी महिलाओं को ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध कराई गई थी। इस अवसर पर समाज सेवी बाबू भाई ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज एकता की और अग्रसर होगा।

### प्राणघातक हमले के दोषियों को 3 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** पुराने विवाद को लेकर फरियादी पर छुरी से दाहिने हाथ की गदेली एवं बायें पैर की पिंडली पर व दाहिने पैर की जांघ पर वार कर गंभीर रूप से घायल करने के आरोप में अभियुक्तगण मोहम्मद नदीम पिता अब्दुल समद आयु 46 वर्ष एवं मोहम्मद नौशाद पिता मोहम्मद असलम आयु 27 वर्ष निवासीगण हिनोतिया अशोका गार्डन भोपाल म.प्र. को तृतीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, भोपाल मप्र प्रीति साल्वे ने भादसं की धारा- 326 एवं 34 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास और 2000-2000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। न्यायाधीश ने प्रकरण के एक अन्य अभियुक्त मोहम्मद इमरान आयु- 34 वर्ष निवासी- न्यू कॉलोनी, दीपक कॉलोनी अंबरनाथ ठाणे महाराष्ट्र को फरार घोषित कर दिया है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 8350 | | |
| दिन: | 147 | 28 | 134 |
| रात: | 136 | 02 | 679 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 369 | 85 | 780 |
| रात: | 127 | 01 | 245 |

**कार की तेज टक्कर लगने से बुजुर्ग उछलकर दूर जा गिरे, आई गंभीर चोट**

# गेहूंखेड़ा सब्जी मंडी के पास अज्ञात कार ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौत

» गुरुवार सुबह साले के साथ मजदूरी करने के लिए निकले थे बुजुर्ग

» टक्कर के बाद कार का चालक रुका नहीं, वहां से भाग निकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित डीमार्ट गेहूंखेड़ा सब्जी मंडी के पास तेज रफ्तार कार ने सड़क पार करे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बुजुर्ग उछलकर दूर गिरा था। उनके साथ मौजूद उनका साला उन्हें उठाकर अस्पताल ले गया, वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया।



पुलिस के अनुसार शोभालाल अहिरवार (59) मस्जिद के पास कजलीखेड़ा में रहते थे और मजदूरी करते थे। गुरुवार सुबह वह अपने साले के साथ मजूदरी करने के लिए निकले थे। दोनों डीमार्ट से कुछ दूरी पर सब्जी मंडी के पास पहुंचे थे और सुबह करीब 9 बजे के आसपास सड़क पार कर रहे थे। शोभालाल सड़क पर पहुंच गए थे, जबकि उनका साला पीछे था और सड़क पर आ ही रहा था कि डीमार्ट की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने शोभालाल को टक्कर मार दी। कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि टक्कर लगते ही शोभालाल उछलकर कर दूर जा गिरे। कार के चालक ने रुकने की बजाय कार की रफ्तार और बढ़ा ली और भाग निकला। इधर टक्कर लगने से शोभालाल को गंभीर चोट आई थी। उनका साला प्राइवेट वाहन से उन्हें लेकर निजी अस्पताल ले गया, वहां डॉक्टर ने कुछ ही देर बाद शोभालाल को मृत घोषित कर दिया।

### छत से गिरकर नव विवाहिता की मौत, दो साल पहले की थी लव मैरिज

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित राजधानी पार्क सिटी कॉलोनी फेस वन में एक नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पहली मंजिल की छत से गिरने के कारण उसे मोहल्ले के लोग निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां करीब पांच घंटे चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग जांच एसडीओपी बिलखिरिया के द्वारा की जा रही है। पुलिस के अनुसार पलक मीणा पति सुमित सेन (25) राजधानी पार्क सिटी फेस-1 थाना बिलखिरिया में रहती थी। वह गृहणी थी, जबकि पति सुमित सेन मिनाल के एक सलून में काम करता है। मूलतः रायसेन जिल के भोजपुर के पास गांव में रहने वाली पलक और सुमित ने दो साल पहले ही प्रेम प्रसंग के बाद शादी की थी और यहां किराए के मकान में रह रहे थे। सुमित प्रतिदिन की तरह बुधवार सुबह काम पर चला गया। दोपहर करीब डेढ़ बजे के आसपास पलक छत पर किसी काम से गई थी और वह नीचे गिर गई। करीब पंद्रह फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण उसे सिर और शरीर में गंभीर चोट आई थी। आसपास के लोग उसे उठाकर निजी अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान शाम करीब छह बजे के आसपास उसकी मौत हो गई।

### दादी को कमरे से बाहर निकालने के बाद युवक ने लगाई फांसी

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित दीप मोहनी कॉलोनी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसने दादी को घर से बाहर जाने का कहा था। इसके बाद फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में पारीवारिक विवाद की बात सामने आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार राजा मिश्रा (26) दीप मोहिनी अवधपुरी में अपनी दादी के साथ रहता था, जबकि उसका छोटा भाई और बहन उदयपुरा रायसेन में पिता के साथ रहते हैं। मंगलवार रात राजा मिश्रा अपने घर से कुछ दूरी पर बुआ के घर के सामने बुआ और परिवार के साथ बैठा था। इसके बाद उसके छोटे भाई का कॉल आया और वह बात करते हुए घर चला गया। घर जाने के बाद उसने दादी से कहा कि आप थोड़ी देर के लिए बाहर जाओ। उसके कहने पर दादी बाहर निकली तो राजा ने कमरे में फांसी लगा ली। किसी तरह दरवाजा तोड़कर बुआ के परिजन उसे एम्स लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर राजा को मृत घोषित कर दिया।

**बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना**

## पूज्य एलक 105 श्री दयासागरजी महाराज का चातुर्मास आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

पूज्य एलक 105 श्री दयासागर जी महाराज का 44वां चातुर्मास औबेदुल्लागंज में शुक्रवार दोपहर 1 बजे से मंगल कलश स्थापना के साथ चातुर्मास का शुभारंभ होगा। यह आयोजन आचार्य गुरुदेव 108 श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद में संपन्न होगा।



यह आयोजन श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, स्टेशन रोड, औबेदुल्लागंज में आयोजित किया जाएगा। समिति अध्यक्ष सुनील तामोट ने बताया कि चातुर्मास के दौरान धर्मसभा, प्रवचन, स्वाध्याय, पूजन एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए आवास एवं भोजन की व्यवस्था भी समाज द्वारा की गई है। सकल दिगंबर जैन समाज, ओबेदुल्लागंज ने नगर एवं आसपास के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## विकास और समन्वय की कार्यशैली से विधायक पटवा की अलग पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधायक सुरेंद्र पटवा की कार्यशैली को लेकर उनके समर्थकों का कहना है कि वे सकारात्मक सोच, सबका साथ और सबके सहयोग की भावना के साथ कार्य करते हैं।

समर्थकों के अनुसार पटवा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में विश्वास रखते हैं। समर्थकों का कहना है कि विधायक पटवा अधिकारियों को सम्मान देते हुए क्षेत्र के विकास में सहयोग के लिए प्रेरित करते हैं। उनका मानना है कि विकास कार्य बेहतर तालमेल और संवाद से ही संभव है। इसी कारण वे अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सौहाद्रपूर्ण व्यवहार बनाए रखते हैं तथा क्षेत्र के विकास के लिए सभी का सहयोग लेने का प्रयास करते हैं।

**विद्यार्थियों की गुरु महिमा पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा**

## संतनगर में गुरु पूर्णिमा पर विद्यालयों में हुए 'गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन' समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर के विभिन्न विद्यालयों में गुरु पूर्णिमा पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में भारत विकास परिषद के तत्वावधान में 'गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन' समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा श्रेष्ठ शिक्षकों को सम्मानित किया ।

मुख्य अतिथि कमल प्रेमचंदानी, जीटी खेमचंदानी, विनय दादलानी एवं नवरंग धाकड़ ने विद्यार्थियों को माता-पिता, गुरु एवं राष्ट्र के प्रति सम्मान, अनुशासन और व्यसनमुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गुरु महिमा पर




गुरु पूर्णिमा पर नन्हे बच्चों के साथ शिक्षक।

आधारित गीत, नृत्य एवं श्लोकों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर निखिल मंगलानी, आदित्य पेसवानी एवं भव्य कृपलानी को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से नेहा वासवानी, पिंकी दादलानी एवं मरियम रईस को सम्मानित किया गया।



उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान करते अतिथि।

**माता-पिता को बताया प्रथम गुरु**

लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ हायर सेकंडरी स्कूल, प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल, वीना चार्ली दासवानी गर्ल्स स्कूल एवं एलवीएस प्ले स्कूल में संचालक योगेश हिंगोरानी व योगेश हिंगोरानी ने संत हिरदाराम साहिब के शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए कार्यों को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। विद्यासागर पब्लिक स्कूल में प्रधानाध्यापिका मिष्ठी वासवानी ने विद्यार्थियों को माता-पिता को प्रथम गुरु और शिक्षकों को जीवन का मार्गदर्शक बताते हुए उनका सम्मान करने की सीख दी। नन्हे विद्यार्थियों ने गुरुजनों के सम्मान में नृत्य, भाषण, कविता एवं हनुमान चालीसा का पाठ प्रस्तुत किया।

### सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद युवती से दुष्कर्म, शादी से मुकरा

**भोपाल।** सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद मुंबई की युवती से दुष्कर्म और दैहिक शोषण का मामला सामने आया है। करीब एक साल तक युवती का दैहिक शोषण करने के बाद युवक शादी की बात से मुकर गया। इसके बाद युवती ने कोहेफिजा पुलिस को शिकायत की थी।

पुलिस के अनुसार 26 साल की युवती मूलतः मुंबई की रहने वाली है। वह भोपाल में रेडिमेट गार्मेंट्स फेरी लगाकर बेचती है। एक साल पहले मोहित राठौर नामक युवक से उसकी सोशल मीडिया पर दोस्ती हो गई। एक ही समाज के होने के कारण मोहित ने उसे शादी का प्रलोभन दिया और कोहेफिजा के एक होटल में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वह लगातार दैहिक शोषण करने लगा। गत दिनों युवती ने शादी का दबाव बनाया तो वह मुकर गया।



छात्रावास परिसर में छात्राओं के साथ पौधरोपण करते विधायक पटवा।

## पटवा ने शासकीय छात्रावास का निरीक्षण कर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधायक सुरेंद्र पटवा ने गुरुवार को शासकीय छात्रावास में ओचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर छात्राओं से सीधा संवाद किया। विधायक पटवा ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत शासकीय आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास, औबेदुल्लागंज में पौधरोपण किया। इस अवसर पर छात्राओं के साथ संवाद कर पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, संस्कार तथा राष्ट्र निर्माण पर चर्चा की। इस दौरान अशोक यादव, नरेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, रामकिशोर चौहान, दीपू परमार, नरेश सेठी, कोमल चौहान, माधव यादव, लोकेश परमार, माखन परमार आदि उपस्थित रहे।

## पादुका यात्रा में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल, गुरु पूजन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावदान में आयोजित गुरुपूर्णिमा महापर्व संत आशाराम आश्रम गांधीनगर (भोपाल) में धूमधाम से मनाया गया।

पधारे हुए भक्तों ने सामूहिक पाठ व पादुका यात्रा में भाग लिया, फिर सत्संग भवन में सभी ने गुरुजी का मानस पूजन किया। समिति के मीडिया प्रभारी, हरीश मेहरचंदानी व समिति सदस्य ओमप्रकाश कृपलानी, राजू गजवानी, रितेश राजदेव, मोहन लाल गुप्ता एवं युवा सेवा संघ प्रभारी सुनील पाटीदार व अन्य सहयोगियों ने सामूहिक आरती की। आश्रम की और से सभी भक्तों के लिए प्रसाद एवं भंडारे की व्यवस्था की।

**मांगें नहीं मानी तो कार्य बंद करेंगे एमईएस बिल्डर्स**

# एमईएस के साथ कार्यरत बिल्डर्स ने विरोध प्रदर्शन कर अपनी समस्याओं को लेकर जोनल चीफ इंजीनियर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

एमईएस विभाग से जुड़ी विभिन्न व्यवहारिक एवं नीतिगत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एमईएस बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने देशव्यापी विरोध का बिगुल फूंक दिया है। संगठन के आह्वान पर बुधवार को देशभर में एमईएस के साथ कार्यरत बिल्डर्स ने विरोध प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर संबंधित जोनल चीफ इंजीनियरों को ज्ञापन सौंपे।

भोपाल ब्रांच के चेयरमैन धर्मेंद्र वासंदानी (दीपू) ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीएस मग्गो द्वारा लंबे समय से एमईएस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें और पत्राचार कर बिल्डर्स की समस्याओं के निराकरण की मांग की जा रही थी। आश्वासन मिलने के बाद भी समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे देशभर के बिल्डर्स में असंतोष बढ़ता गया और अंततः संगठन को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ा।




एमईएस बिल्डर्स विरोध जताते हुए।

### देशभर की सभी शाखाओं ने सौंपा ज्ञापन

सचिव सुनील सोनी ने बताया कि देशभर की सभी शाखाओं ने अपने-अपने जोनल चीफ इंजीनियरों को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की है। साथ ही प्रेस वार्ता के माध्यम से सरकार और विभाग के उच्च अधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि इसके बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बिल्डर्स के सामने कार्य बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

### आंदोलन की रणनीति तैयार की

कार्यक्रम संयोजक पीयूष मिश्रा ने बताया कि संगठन महासचिव संदीप श्रीवास्तव ने चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति तैयार की है। बिल्डर्स की मांगों का निराकरण होने तक आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर राजन खुल्लर, प्रशांत मजूमदार, इंदरजीत सिंह, विमल कुमार मांडिल, अनिल कुमार साहू, तपेश उपाध्याय, अजय जैन, अनिल उपाध्याय, कपिल आसुदानी, मोहम्मद हफीज खान, राकेश सराफ, कमल मजूमदार, विकास सराफ, जयंत मिश्रा, राजेश बंसल, राजा, अजीत मेवाड़ा, रमीज सहित बड़ी संख्या में बिल्डर्स उपस्थित रहे।

## शाह पर बोले खरगे तो मचा राज्यसभा में हंगामा

# गृहमंत्री.. बंद एसी कमरे में आप मेरी बात सुन रहे होंगे, लेकिन छिपकर आप बहुत दिन रह नहीं सकते, एक दिन हम आपको बाहर खींचकर लाएंगे



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

संसद के उच्च सदन राज्यसभा में हंगामे के बीच विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर ऐसा बोले कि हंगामा मच गया। उन्होंने एंटी पेपर लीक बिल पर चर्चा के दौरान कहा कि छात्र जब महीनों से धरने पर बैठे थे, तब आप क्यों नहीं उनकी बात सुनी। जब वह धरने पर बैठे थे, उसके दो दिन बाद ही नड्डा जाते तो छात्र लाठी नहीं खाते। शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि इस तरफ क्यों नहीं आते, मुझे मालूम नहीं। प्रधानमंत्री भी मुंह नहीं खोल रहे हैं। मेरे विद्यार्थी जो गांव-गांव से आए, उनको पैलेट गन का इस्तेमाल करके मार रहे हैं। उनके हाथ-पैर टूटे। इसका जिम्मेदार कौन है। होम मिनिस्टर है। बंद एसी कमरे में आप मेरी बात सुन रहे होंगे, लेकिन बहुत दिन रह नहीं सकते। एक दिन हम बाहर खींचकर लाएंगे।

### पेपर चुराने वाले बचते रहे, मेहनत करने वाले पिटते रहे, पहले यह काम क्यों नहीं किया?



खरगे ने भाषण की शुरुआत एक शायरी से की, जिसमें उन्होंने कहा कि पेपर लीक करने वाले बचते रहे और छात्र आवाज उठाने पर पीट दिए गए। पेपर चुराने वाले बचते रहे, मेहनत करने वाले पिटते रहे। ये कैसा न्याय, ये कैसी रीत, गुनहगार हंसते रहे, मासूम सिसकते रहे। जो काम आप दो साल बाद कर रहे हैं, उसे आपने 2024 में ही क्यों नहीं किया?

### संसद के बाहर 1997 का हिसाब | हमारे नेता को तोड़ाः प्रियंका, कल्याण बोले- दीदी को किसने निकाला था?

संसद परिसर में मकर द्वार के बाहर टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी गद्दार लिखे पोस्टर लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। वहां कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा पहुंचीं। दोनों के बीच पुरानी यादों और शिकायतों को लेकर हल्की-फुल्की बहस छिड़ गई। प्रियंका के साथ पप्पू यादव भी थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आप लोगों ने कांग्रेस के नेताओं को तोड़ा और टीएमसी में मिला लिया। प्रियंका का इशारा उन नेताओं की तरफ था, जो तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए हैं।



**1997 के इतिहास पर क्या हुआ पलटावार?** कल्याण ने तुरंत पलटवार किया और इतिहास की याद दिलाई। ममता बेनर्जी को तो 1997 में कांग्रेस से बाहर निकाल दिया गया।

### अब लोकसभा में पास हो गया वंदे मातरम बिल

राज्यसभा के बाद लोकसभा में भी वंदे मातरम बिल पास हो गया है। अब ये बिल राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

**अपमान करने पर मिलेगी 3 साल की सजा और जुर्माना :** बिल के कानून बनने के बाद अब राष्ट्रीय गीत को भी राष्ट्रगान जन-गण-मन जैसी कानूनी सुरक्षा मिलेगी। नए कानून के लागू होने से वंदे मातरम का अपमान करना अपराध माना जाएगा। इसके गाए जाने के दौरान बाधा डालना या किसी को वंदे मातरम गाने से रोकना भी अपराध होगा। अपमान करने पर 3 साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### छात्रसंघ चुनाव को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन



**जयपुर।** राजस्थान में पिछले चार वर्षों से बंद छात्रसंघ चुनावों की बहाली की मांग को लेकर गुरुवार को जयपुर में एनएसयूआई के 3छात्र नेताओं ने टोंक फाटक पुलिया के पास रेलवे प्रशासन की पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में नारेबाजी कर रहे हैं।

### एआई की बिल्डिंग में होगा देवेंद्र का ऑफिस



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का ऑफिस राज्य सचिवालय (मंत्रालय) मुंबई की मशहूर एअर इंडिया बिल्डिंग में शिफ्ट हो रहा है। एअर इंडिया की ये बिल्डिंग नरीमन प्वाइंट के पास है। एअर इंडिया के प्राइवेटाइजेशन के बाद इसकी गैर-मुख्य संपत्तियां को एअर इंडिया एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड को सौंप दिया गया।

### 'दुर्गा सुरक्षा स्क्वाड' को मिले यूनिफॉर्म, हेलमेट



**कोलकाता।** यहां दुर्गा पूजा के लिए सुरक्षा और तैयारियां शुरू होने लगी हैं। कोलकाता पुलिस के 'दुर्गा सुरक्षा स्क्वाड' की सदस्य, अब ड्यूटी के दौरान अपनी यूनिफॉर्म के ऊपर खास तौर पर डिजाइन की गई गुलाबी और नारंगी रंग की वेस्टकोट पहनेंगी। इन वेस्टकोट पर देवी दुर्गा और त्रिशूल बनी होगी। जागरूकता के लिए इसे शुरू किया था।

### अब स्टालिन से नाराज पन्नीरसेल्वम छोड़ेंगे पार्टी



**चेन्नई।** तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री और विधायक ओ. पन्नीरसेल्वम डीएमके से नाराज हैं। उनकी नाराजगी की वजह स्टालिन की ओर से डीएमके में कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं दिया जाना है। पन्नीरसेल्वम चुनाव से पहले अपने बेटे के साथ डीएमके में शामिल हुए थे, लेकिन न उन्हें और न ही उनके बेटे को कोई जिम्मेदारी दी गई है।

### स्कूलों में परोसी जाएगी चिकन बिरयानी!



**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार की मिड डे मील योजना में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री राजमोहन ने कहा है कि सरकार विचार कर रही है कि छात्रों को हफ्ते में एक दिन चिकन बिरयानी परोसी जाए। इस संबंध में प्रस्ताव मुख्यमंत्री विजय को भेजा गया है और वे इस पर विचार कर रहे हैं।

## नीट पेपर लीक के खिलाफ छात्र प्रदर्शन पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

# पुलिस कर सकती है पैलेट गन का इस्तेमाल आरएएफ के असलहा का रिकॉर्ड सुरक्षित रखें

### किसी विशेष घटना में इस्तेमाल की वैधता की हो सकती है जांच

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नीट पेपर लीक के खिलाफ हालिया छात्र प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन के इस्तेमाल से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जंतर-मंतर पर तैनात रैपिड एक्शन फोर्स आरएएफ ) के गोला-बारूद का रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो की एडवाइजरी के अनुसार पुलिस को असाधारण परिस्थितियों में पैलेट गन के इस्तेमाल का अधिकार है। ऐसे में पैलेट गन के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग साफ नहीं है। कोर्ट ने कहा कि किसी विशेष घटना में पैलेट गन के इस्तेमाल की वैधता की जांच की जा सकती है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया है कि छात्र आंदोलन के दौरान कथित तौर पर पैलेट गन से घायल हुए लोगों का अच्छी तरह से इलाज कराएं। पीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि जंतर-मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान घायल हुए लोगों का इलाज कराया जाए, और खासकर उन लोगों का जो कथित तौर पर पैलेट गन से घायल हुए।

### पैलेट गन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध की मांग



सुप्रीम कोर्ट ने ये निर्देश आईबी के पूर्व विशेष निदेशक और सेंट्रल इंफोर्मेशन कमिश्नर रहे यशोवर्धन आजाद और दो अन्य पीड़ितों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। पैलेट गन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध की मांग की गई है और साथ ही छात्र आंदोलन के पीड़ितों को मुआवजा देने की भी मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया है। याचिका में दावा किया गया है कि 20 जुलाई को 'संसद चलो' मार्च के दौरान, कनॉट प्लेस के पास भीड़ नियंत्रण के लिए तैनात आरएएफ ने पहले आंसू गैस और लाठीचार्ज किया, उसके बाद पैलेट से लैस पंप-एक्शन गन का इस्तेमाल किया।

#### मांग को बताया अस्पष्ट

जस्टिस बागची ने कहा कि आम लोगों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पैलेट गन के इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग अस्पष्ट है, क्योंकि इसमें पुलिस के उन नियमों को चुनौती नहीं दी गई थी जो ऐसे हथियारों के इस्तेमाल की इजाजत देते हैं। कोर्ट ने माना कि ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट एडवाइजरी के नियमों के तहत पुलिस विशेष परिस्थितियों में पैलेट गन का इस्तेमाल कर सकती है।

### आवश्यक सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखे जाएंगेः एसजी मेहता

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती और उनके गोला बारूद के इस्तेमाल के रिकॉर्ड भी सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है।



सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को भरोसा दिलाया कि जांच के लिए आवश्यक सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखे जाएंगे। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कभी भी असामाजिक तत्वों की घुसपैठ के कारण हिंसक हो सकता है। ऐसी स्थिति में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा बलों को परिस्थितियों के अनुसार चरणबद्ध प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता पड़ सकती है।

### बॉर्डरलाइन पर्सनैलिटी डिसऑर्डर से जूझ रहे | आईआईटी रुड़की में ट्रांसफर करें, प्रमाणपत्र भी दें

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार कोआईआईटी खड़गपुर के एक छात्र को, जिसे 'बॉर्डरलाइन पर्सनैलिटी डिसऑर्डर' है, मेडिकल आधार पर रुड़की में ट्रांसफर करने की इजाजत दे दी। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने विशेष अधिकारों का उपयोग करते हुए आर्किटेक्चर के छात्र को रुड़की में ट्रांसफर करने की अनुमति दे दी। कोर्ट ने आईआईटी खड़गपुर को निर्देश दिया कि वह एक सप्ताह के भीतर छात्र को ट्रांसफर और माइग्रेशन से जुड़े सभी जरूरी दस्तावेज और प्रमाणपत्र जारी करे।

#### छात्र ने इलाज के लिए मांगी थी ट्रांसफर की अनुमति



याचिकाकर्ता छात्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि आईआईटीखड़गपुर द्वारा ट्रांसफर की अनुमति नहीं दिए जाने के कारण उसे जरूरी चिकित्सा उपचार नहीं मिल पा रहा था। छात्र का कहना था कि इसी तरह के मेडिकल कारणों से पहले भी कुछ छात्रों को दूसरे संस्थानों में ट्रांसफर की अनुमति दी जा चुकी है।

## छत्तीसगढ़ में बारिश का कहर

# कई इलाके हो गए जलमग्न मुख्य मार्ग बंद व 5 की मौत



एजेंसी ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। लगातार वर्षा से निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं, नदियां और नाले उफान पर हैं। बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं। वर्षाजनित विभिन्न हादसों में अब तक कम से कम 5 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है।

रायपुर, बस्तर और दुर्ग संभाग इस आपदा से सबसे अधिक प्रभावित हैं। रायपुर को पड़ोसी राज्य ओडिशा से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग-130 भारी जलभराव के कारण पूरी तरह बंद है। गरियाबंद-महासमुंद, गरियाबंद-नगरी-धमतरी और कोचबाय-मालगांव-कसानाला मार्ग भी यातायात के लिए बाधित हैं।

### पीएम मोदी ने अरुणाचल नगालैंड के सांसदों के साथ बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में आई भीषण बाढ़ की स्थिति को गंभीरता से लिया है। उन्होंने दोनों राज्यों के सांसदों के साथ संसद भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक की और बाढ़ से उत्पन्न चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत, बचाव और पुनर्वास के कार्यों में राज्य सरकारों के साथ मिलकर पूरी ताकत से काम करेगी।

### 2 दिन के बाद फिर शुरू हुई चारधाम यात्रा

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा दो दिन स्थगित रहने के बाद गुरुवार को फिर से संचालित की गई। यात्रा प्रशासन के विशेष कार्यधिकारी (एसओडी) प्रजापति नौटियाल ने यह जानकारी दी। विशेष कार्यधिकारी प्रजापति नौटियाल ने समाचार एजेंसी को बताया कि शासन और गढ़वाल आयुक्त के निर्देशानुसार गुरुवार को यात्रा सुबह 6 बजे से सुचारु संचालित कर दी गई है।

## संसद में गोमूत्र विवाद का मामला गहराया, उठे सवाल

### कामकोटि पर दिया था गलत बयान | प्रियंका की टिप्पणी गलत और निंदनीय 215 कुलपति-शिक्षाविदों ने पत्र लिखा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा में आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि पर प्रियंका गांधी की 'गोमूत्र एक्सपर्ट' टिप्पणी को लेकर विवाद गहरा गया है। इस मामले में 215 से अधिक कुलपतियों, पूर्व कुलपतियों और शिक्षाविदों ने संयुक्त रूप से एक खुला पत्र जारी कर इसकी निंदा की है। कहा गया है किसी विद्वान के विचारों पर बहस के बजाय उसे संबोधित करना वैज्ञानिक सोच और स्वस्थ सार्वजनिक संवाद को कमजोर करता है।



#### पूरे शैक्षणिक और वैज्ञानिक समुदाय को गलत संदेश दिया

पत्र में कहा गया है कि संसद ऐसे मंच के रूप में देखी जाती रही है, जहां विचारों पर गंभीरता से चर्चा हो,किसी व्यक्ति का मूल्यांकन उसके तर्कों के आधार पर किया जाए, न कि व्यंग्य या कटाक्ष के आधार पर। हस्ताक्षरकर्ताओं ने लिखा कि गांधी की कामकोटि के लिए 'गोमूत्र एक्सपर्ट' शब्द का इस्तेमाल किया गया। इससे शैक्षणिक वैज्ञानिक समुदाय में गलत संदेश जाता है।

## सिर्फ सजा-जुर्माने पर नहीं, पेपर लीक रोकने पर चर्चा करे सरकार

### पेपर लीक की समस्या को लेकर सियासी बयानबाजी तेज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



परीक्षा प्रणाली में पेपर लीक की समस्या को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हैं। सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने विधेयक पर सवाल उठाए। उन्होंने सरकार से मांग की कि केवल सजा और जुर्माने की बात नहीं, बल्कि पेपर लीक रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। दीपके ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

#### वांगचुक ने की रेलवे की तारीफ, परीक्षा सुधार



जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने गुरुवार को एक नया वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में उन्होंने भारतीय रेलवे की सराहना की है। उन्होंने सरकार से सीजेपी के साथ हुए समझौते के पालन का भी आग्रह किया। दिल्ली से श्रीनगर तक वंदे भारत की जो सेवा शुरू की गई है, उस पर मेरा पहला अनुभव था और चेनाब पर बने पुल को भी देखना चाहता था।

#### विधेयक लाने पर जताई खुशी

उन्होंने परीक्षा प्रणाली में सुधार के मुद्दे पर कहा कि मैं खुश हूं संसद में विधेयक लाया गया। सुधार सिर्फ परीक्षाओं में नहीं, शिक्षा प्रणाली में भी हो। ये जारी रहे।

#### 'चलो संसद' प्रदर्शन में एआई का इस्तेमाल

#### हैट, मास्क व चश्मे तक पहुंची पुलिस की जांच

दिल्ली पुलिस ने बताया कि सीजेपी के चलो संसद प्रदर्शन की जांच चल रही है। कुछ ने मुकाबला करने एआई उपकरणों का उपयोग किया हो। इसमें गीले जूट के बैग का, हैट मास्क का उपयोग शामिल है।

## 1 अगस्त से बदलेंगे तत्काल टिकट और सीकेवाईसी के नियम

# तत्काल टिकटों के लिए नया 'टोकन सिस्टम' लागू होगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हर नए महीने की पहली तारीख देश में कई महत्वपूर्ण नियम बदलने जा रहे हैं, जो सीधे आपकी जेब, यात्रा, टैक्स और बैंकिंग सेवाओं से जुड़े हुए हैं। इन नए नियमों में रसोई गैस की कीमतों से लेकर, रेलवे की तत्काल टिकट खिड़की, क्रेडिट कार्ड, आईटीआर पेनल्टी और पहचान सत्यापन की पूरी व्यवस्था शामिल है। केंद्र सरकार 5 बड़े बदलाव करने वाली है।

**केंद्र सरकार कर रही 5 बड़े बदलाव**

### एलपीजी सिलेंडर की नई कीमतें



तेल विपणन कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को रसोई गैस सिलेंडरों के दामों की समीक्षा करती हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव को देखते हुए 1 अगस्त को एलपीजी सिलेंडरों के नए रेट जारी किए जाएंगे। अगर सिलेंडरों के दाम बढ़ते हैं, तो बाहर होटलों और रेस्टोरेंट में खाना-पीना महंगा हो सकता है।

### तत्काल टिकट के लिए सुबह 8:30-9:00 बजे तक मिलेंगे टोकन



पश्चिम मध्य रेलवे 1 अगस्त से रिजर्वेशन काउंटरों पर तत्काल टिकटों की बुकिंग के लिए नया 'टोकन सिस्टम' लागू कर रहा है। अब काउंटरों पर लंबी लाइन और धक्का-मुक्की रोकने के लिए टोकन बांटने का समय तत्काल बुकिंग खुलने के समय के साथ मिलाया जा रहा है। एसी तत्काल के लिए सुबह 8:30-9:00 बजे और नॉन-एसी के लिए सुबह 9:00-9:30 बजे टोकन मिलेंगे, इसके बाद ही तत्काल टिकट बुक कर सकेंगे।

### क्रेडिट कार्ड और बैंकिंग चार्ज में बड़ा बदलाव

1 अगस्त से कुछ बैंक अपने क्रेडिट कार्ड से जुड़े शुल्क, रिवॉर्ड पॉइंट्स या अन्य नियमों में बदलाव कर सकते हैं।यह बदलाव सभी बैंकों पर लागू नहीं होगा। इसलिए अगर आप क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, तो अपने बैंक की वेबसाइट या एप पर जाकर नए नियम और शुल्क जरूर चेक करें।

### आईटीआर फाइलिंग पर भारी लेट फीस और पेनल्टी

बिना जुर्माने के इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। जो रिटर्न फाइल नहीं करेंगे भारी जुर्माना (पेनल्टी) देनी होगा।

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा

# कीड़े मिलने पर होटल 'बंद' गलत, एफडीए का आदेश रद्द

एजेंसी ▸▸ मुंबई



बॉम्बे हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन को कहा,हम भारत में हैं। कोर्ट ने यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाने का सुझाव दिया है। स्वच्छता संबंधी मुद्दों को लेकर नवी मुंबई के एक चार सितारा होटल का लाइसेंस निलंबित करने वाले उसके आदेश को रद्द कर दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश रविंद्र घुगे और न्यायमूर्ति गौतम अंखड़ की पीठ ने कहा कि एफडीए का निर्णय 2 छोटे कीड़ों की मौजूदगी के आधार पर लिया गया था, जो लाइसेंस के निरंतर निलंबन को उचित नहीं ठहराता है।

### यह था पूरा मामला

कोर्ट ने कहा कि एफडीए ने पार्क इन बाय रेडिसन होटल का भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण लाइसेंस निलंबित कर दिया, जिसमें उसने परिसर के अचानक निरीक्षण के एक दिन बाद स्वच्छता, सफाई, खाद्य भंडारण और खाद्य प्रबंधन प्रथाओं में गंभीर खामियों का हवाला दिया।

## बलूचिस्तान में आतंक का खूनी खेल

# बीएलए ने अगवा किए 6 मजदूरों की हत्या की

बीएलए ने चीन के सहयोग से चल रही किसी भी परियोजना, खान या खनिज स्थल के पास काम करने वाले लोगों को चेतावनी दी गई है कि वे इन जगहों से दूर रहें

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

बलूचिस्तान में तुर्बत के पास केच जिले में अगवा किए गए 6 निर्दोष मजदूरों के शव बरामद होने के साथ ही क्षेत्र में आतंक का एक नया अध्याय खुल गया है। सुरक्षा अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से इस हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित आतंकी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) पर डाली है। उनके अनुसार, यह खूनी खेल 27 जुलाई को केच जिले के क्लाटुक इलाके में शुरू हुआ।

हथियारबंद आतंकवादियों के एक समूह ने विकास कार्यों में लगे मजदूरों के एक काफिले को रास्ते में रोक लिया। उन्होंने खैबर पख्तूनख्वा के स्वाबी जिले के रहने वाले जावेद नाम के एक मजदूर को मौके पर ही गोली मारकर हत्या कर दी।

मृतकों में पंजाब के 4 और खैबर पख्तूनख्वा के 2 मजदूर



बलूच लिबरेशन आर्मी फाइल फोटो

### कई दिनों तक बंधकों का नहीं मिला था सुराग

इसके बाद उन्होंने 6 अन्य मजदूरों को जबरन अगवा कर लिया और अज्ञात स्थान की ओर ले गए। कई दिनों तक इन बंधकों का कोई सुराग नहीं मिल सका। और अब तुर्बत के पास एक दूरदराज और सुनसान इलाके से इन 6 मजदूरों के शव बरामद किए गए।

### विकास परियोजनाओं को बंद करने की चेतावनी

बीएलए ने चीन के सहयोग से चल रही किसी भी परियोजना, खान या खनिज स्थल के पास काम करने वाले लोगों को चेतावनी दी गई है कि वे इन जगहों से दूर रहें। यह धमकी सिर्फ बाहरी प्रांतों से आने वाले मजदूरों के लिए नहीं, बल्कि पाकिस्तानी और चीनी विकास परियोजनाओं से जुड़े स्थानीय मजदूरों, इंजीनियरों, अधिकारियों और ठेकेदारों के लिए भी है।

खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमला

## 9 सुरक्षाकर्मी की मौत, 15 आतंकवादी मारे गए

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक अभियान में 9 सुरक्षा अधिकारी और 15 आतंकवादी मारे गए। वहीं, कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह अभियान अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के हांगू जिले में बुधवार को एक पुलिस चौकी पर हुए हमले के प्रतिशोध में शुरू किया गया था। चौकी पर हुए हमले के बाद सहायता के लिए अतिरिक्त कर्मियों को ले जा रहे वाहन पर भी आतंकवादियों ने गोलीबारी की। इस दौरान 9 पुलिसकर्मी की मौत हुई। जबकि 28 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि अभियान के दौरान हुई भीषण गोलीबारी में 15 आतंकवादी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। खैबर पख्तूनख्वा के सीएम सुहैल अफरीदी ने आतंकवादी हमले की निंदा की और विस्तृत रिपोर्ट मांगी।

पीओके में पाक सेना का दमन

## यूएन पहुंचा मामला, तत्काल हिंसा रोकने की मांग

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओके) में शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर के खिलाफ लगातार प्रदर्शन जारी है। जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी के लॉन्ग मार्च पर पाकिस्तानी सेना और रेंजर्स की अंधाधुंध फायरिंग में 40 लोगों की मौत हो गई, जबकि 200 से अधिक नागरिक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, सेना की इस बर्बर कार्रवाई में सैकड़ों लोग घायल बताए जा रहे हैं। लोगों का आरोप है की सेना ने बहुत सी लाशों को गायब कर दिया है। इसके साथ ही पूरे पीओके में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं जिससे लोग अपना दर्द दुनिया को न बता सकें। जम्मू-कश्मीर ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन ने संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क को ज्ञापन सौंपकर हिंसा पर तत्काल रोक की मांग की है। ज्ञापन में मांग की गई है कि निहत्थे नागरिकों पर सीधी गोलीबारी तुरंत रोकी जाए। रावलकोट में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार विशेषज्ञ और मानवीय सहायता टीमें पहुंचाई जाएं। इधर मुजफ्फराबाद स्थित ह्यूमन राइट्स काउंसिल ऑफ आजाद जम्मू एंड कश्मीर ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव, रेड क्रॉस, एमनेस्टी इंटरनेशनल और ह्यूमन राइट्स वॉच से यही अपील की है।



## खबर संक्षेप

### रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला, 8 की मौत

**कीव।** रूस ने गुरुवार तड़के यूक्रेन पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से बड़ा हमला किया, जिसमें कम से कम 8 नागरिकों, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं, की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। यह हमला यूक्रेन के कई इलाकों में हुआ, जिनमें पोलैंड सीमा के पास के क्षेत्र भी शामिल हैं। हमले के बाद पोलैंड ने जांच शुरू की कि क्या रूस की एक क्रूज मिसाइल उसके हवाई क्षेत्र में दाखिल हुई थी। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने कम से कम 10 क्षेत्रों पर हमला किया, जिससे दर्जनों घर, कारोबारी प्रतिष्ठान और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा।



### ऑस्ट्रेलिया ने भी दिखाई टेलीग्राम पर सख्ती

**मेलबोर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े वीडियो और पोस्ट को न हटाने के मामले को लेकर कानूनी मोर्चा खोल दिया है। ऑस्ट्रेलिया के इंटरनेट रेगुलेटर (ई-कमिश्नर) ने टेलीग्राम पर आरोप लगाया है कि वह अपने प्लेटफॉर्म से 'आतंकवाद का समर्थन' करने वाले पोस्ट और वीडियो हटाने में पूरी तरह से नाकाम रहा है। रेगुलेटर के मुताबिक, इस लापरवाही के लिए कंपनी पर 54.6 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 38 मिलियन अमेरिकी डॉलर) तक का भारी-भरकम जुर्माना लगाया जा सकता है।




### ऑल्टमैन बोले- एआई को धीमा करना होगा

**वॉशिंगटन।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े बढ़ते साइबर जोखिमों और स्वायत्त सिस्टम की क्षमताओं को देखते हुए ओपनएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैम ऑल्टमैन ने पहली बार स्वीकार किया है कि भविष्य में एआई के विकास की गति को नियंत्रित करना जरूरी हो सकता है, ताकि समाज इस तकनीक के साथ सुरक्षित तरीके से तालमेल बिठा सके। बताया गया है कि ओपनएआई और एंथ्रोपिक के 1,100 से अधिक कर्मचारियों ने पेसिंग द फ्रंटीयर नाम की एक याचिका का समर्थन किया है।



## होर्मुज संकट पर एक्शन मोड में सरकार!

# पीएम मोदी ने मंत्रियों संग की समीक्षा बैठक कहा- जनता व किसान को नहीं हो दिक्कत



पीएम नरेंद्र मोदी फाइल फोटो

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में काम कर रहे हर भारतीय नाविक की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जरूरत पड़ने पर सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी

**ऊर्जा, कृषि, व्यापार, सुरक्षा पर हो नियमित समीक्षा**

**सरकार वैश्विक परिस्थितियों पर लगातार नजर बनाए हुए**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े हालात को देखते हुए केंद्र सरकार पूरी तरह सतर्क हो गई है। इसी मुद्दे पर पीएम नरेंद्र मोदी ने वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में देश की ऊर्जा सुरक्षा, खाद की उपलब्धता, भारतीय नाविकों की सुरक्षा और निर्यात पर पड़ने वाले असर जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

पीएम ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में आम लोगों और किसानों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में काम कर रहे हर भारतीय नाविक की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह भारतीय जहाज पर तैनात हैं या किसी विदेशी जहाज पर। जरूरत पड़ने पर सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी।

### पीएम की फेसबुक पोस्ट मामला | सरकार ने मेटा से मांगा विस्तृत जवाब

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मेटा के वरिष्ठ अधिकारियों को सरकार के सामने पेश होकर पीएम नरेंद्र मोदी की उस पोस्ट के लिए विस्तृत जवाब देने को कहा है, जिस पर कुछ समय के लिए फेसबुक ने अस्थाई रोक लगा दी थी। यह बैठक अगले 7 से 10 दिनों के बीच हो सकती है। इस मामले को लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि सरकार मामले को पूरी तरह से समझने के लिए मेटा से नीतिगत स्तर और तकनीकी स्तर दोनों प्रकार का स्पष्टीकरण लेना चाहती है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी चिंताएं सीधे मेटा तक पहुंचाना चाहता है और उन हालात के बारे में पूरी जानकारी चाहता है जिनकी वजह से यह अस्थायी रोक लगाई गई थी। कृष्णन ने बताया कि मेटा ने इस घटना पर पहले ही खेद जताया है और सरकार को शुरुआती स्पष्टीकरण दिया है। हालांकि, केंद्र सरकार ने और अधिक विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है, जिसमें यह भी शामिल है कि कंपनी ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए क्या उपाय कर रही है।




### निर्यातकों को राहत देने पर चर्चा

*होर्मुज संकट का असर भारत के निर्यात कारोबार पर भी पड़ सकता है। इसी को देखते हुए बैठक में निर्यातकों को राहत देने के संभावित उपायों पर चर्चा की गई। साथ ही देश की अर्थव्यवस्था पर इस संकट के प्रभाव का भी आकलन किया गया। सरकार ने संकेत दिए कि जरूरत पड़ने पर समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। सरकार का कहना है कि वह वैश्विक परिस्थितियों पर लगातार नजर बनाए हुए है। ऊर्जा, कृषि, व्यापार और नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े हर पहलू की नियमित समीक्षा की जा रही है, ताकि किसी भी चुनौती का समय रहते प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके।*

### खाद का रिजर्व तैयार करें

बैठक में कृषि क्षेत्र की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। पीएम को बताया कि अगली रबी फसल के लिए पर्याप्त खाद का भंडार उपलब्ध है। साथ ही 2027 की खरीफ फसल के लिए भी खाद का रिजर्व तैयार करने का काम जारी है। सरकार का उद्देश्य है कि किसानों को किसी भी तरह की खाद की कमी का सामना न करना पड़े।

### आपूर्ति निरंतर बनी हुई

कैबिनेट सचिव ने सीसीएस को मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एलपीजी की खरीद के स्रोतों में पहले ही विविधता लाई जा चुकी है और प्रमुख पेट्रोलियम उत्पादों का कुल स्टॉक और आपूर्ति की स्थिति पर्याप्त बनी हुई है। कच्चे तेल की पर्याप्त उपलब्धता के कारण केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) की रिफाइनरियां 100% से अधिक क्षमता पर काम कर पा रही हैं, जिससे पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन लगातार जारी है।

### पीएनजी का उपयोग बढ़ाएं

पीएम ने देश में पीएनजी के इस्तेमाल को और तेजी से बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि ऊर्जा आपूर्ति मजबूत बनी रहे और किसी भी संभावित संकट का असर कम किया जा सके। ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए, सौर ऊर्जा और गैर जीवाश्म ईंधन वाले अन्य स्रोतों सहित नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों पर जोर दिया जाना चाहिए।

## कोयंबटूर बम धमाका मामला

# जांच में ईडी ने की 3 राज्यों में 16 स्थानों पर 'छापेमारी'




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को तीन राज्यों में कई स्थानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई वर्ष 2022 में कोयंबटूर में हुए आईएसआईएस से प्रेरित कार बम धमाके के लिए कथित तौर पर जुटाई गई आतंकी फंडिंग से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत की गई।

- ईडी ने पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया

अधिकारियों के अनुसार, सुबह से ही तमिलनाडु के चेन्नई और कोयंबटूर, तेलंगाना के हैदराबाद तथा महाराष्ट्र के मुंबई में कुल 16 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। केंद्रीय एजेंसी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई कोयंबटूर के संगमेश्वर मंदिर के पास वर्ष 2022 में हुए आत्मघाती कार बम विस्फोट के संबंध में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा दर्ज कई एफआईआर के आधार पर की जा रही है।

### आरोपी आईएसआईएस की विचारधारा से प्रेरित

ईडी के मुताबिक, आरोपियों को कोवई अरबी कॉलेज के प्रमोटर जमील बाशा ने मार्गदर्शन दिया। यह हमला जेमेशा मुबीन और उसके अन्य साथियों ने आईएसआईएस की विचारधारा से प्रेरित होकर अंजाम दिया था। इसके लिए विस्फोटकों से भरी एक मॉडिफाइड कार का इस्तेमाल किया गया था। आरोपियों ने अपनी कथित आतंकी गतिविधियों के लिए दो तरीकों से धन जुटाया। पहला, कोविड-19 महामारी के दौरान फर्जी वैक्सीन प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने का नेटवर्क चलाकर और दूसरा, कोयंबटूर के कोवई अरबी कॉलेज में कथित तौर पर धोखाधड़ी वाले निवेश (डोनेशन) के माध्यम से। जांच में पता चला कि इस मामले के एक दर्जन आरोपी, जिनमें जेमेशा मुबीन भी शामिल था, ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से कोवई अरबी कॉलेज के विभिन्न सत्रों में शामिल हुए थे।

### कुलगाम में आतंकी ठिकाना ध्वस्त

**कुलगाम।** कश्मीर में सुरक्षाबलों ने आतंकियों का एक और षड्यंत्र बुधवार को विफल कर दिया। सुरक्षाबलों को इनपुट मिले थे कि आतंकी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। इसके लिए आतंकियों ने कुलगाम के सुरसूनू इलाके में हथियार छिपा रखे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस, सेना की 34 राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ 18वीं बटालियन ने संयुक्त अभियान चलाकर तंत्रिपोरा सुरसूनू इलाके व्यापक स्तर पर तलाशी अभियान चलाया। इसे सर्च एंड डिस्ट्रॉय ऑपरेशन (साडो) नाम दिया गया। इसी दौरान सुरक्षाबलों ने एक छिपाकर रखे गए हथियारों को खोज निकाला।

## चीन-भारत के बीच बढ़ेंगे संबंध

# कल से खुलेगा परंपरागत बार्टर ट्रेड, खच्चरों से होगी माल ढुलाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में स्थित शिपकी ला दर्रे से होकर परंपरागत बार्टर-ट्रेड ( सामान के बदले सामान ) रूट 1 अगस्त से फिर से खुलने वाला है।

भारत-चीन सीमा पर 3,930 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह व्यापार मार्ग पिछले 6 वर्षों से बंद पड़ा है। भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास स्थित यह क्षेत्र भारत और तिब्बत के बीच परंपरागत व्यापार मार्ग रहा है। पहले यह मार्ग इस साल 1 जून से ही खुलने वाला था, लेकिन इमिग्रेशन से जुड़ी औपचारिकताओं की वजह से इसमें दो महीने की देरी हो रही है। भारत के व्यापारी वास्तविक नियंत्रण रेखा तक माल को वाहनों से ले जा सकेंगे। इसके बाद अंदर के दो किलोमीटर तक उन सामानों को खच्चरों पर लाद कर ले जाना होगा।



शिपकी ला दर्रा

## वायुसेना प्रमुख की दो टूक

# वो तकनीक काम की नहीं जिसे बाकी देश पहले हासिल कर चुके

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि प्रौद्योगिकी में देरी का अर्थ उससे वंचित हो जाना है। ऐसी तकनीक से कोई फायदा नहीं है। जो तब उपलब्ध हो, जब दुनिया के बाकी देश उसे पहले ही हासिल कर उससे आगे बढ़ चुके हों। उनके अनुसार, सिर्फ प्रयोगशाला में तकनीक विकसित कर लेना ही पर्याप्त नहीं है। अगर ये तकनीक प्रयोगशाला की दहलीज पार कर व्यावहारिक उपयोग के साथ-साथ उत्पादन के चरण तक नहीं पहुंचती है। तो उसका कोई वास्तविक लाभ नहीं है। सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स द्वारा आयोजित कार्यशाला में उन्होंने कहा कि ड्रोन के विकास के मामले में हमें बुनियादी स्तर तक आत्मनिर्भर होना पड़ेगा। इससे जुड़े हर पुर्जे को देश के अंदर बनाया जाना चाहिए। जिसके बाद ही हम यह कह सकते हैं कि मामले में भारत पूरी तरह से आत्मनिर्भर हुआ है।



## सुरक्षा चुनौतियों के दौर में बढ़ेगी बल की युद्धक क्षमता

# नौसेना को मिला दूसरा गोताखोरी में सहयोग देने वाला जहाज 'निपुण'

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) ने गुरुवार को स्वदेश में निर्मित गोताखोरी में सहयोग प्रदान करने वाला जहाज 'निपुण' नौसेना को सौंप दिया है। विशाखापट्टनम में आयोजित समारोह में इसे समुद्री बल को प्रदान किया गया। जहाज का डिजाइन सहित निर्माण भारतीय रजिस्टर ऑफ शिपिंग (आईआरएस) के नियमों के तहत किया गया है। निपुण नाम दरअसल संस्कृत भाषा से लिया गया है। जिसका अर्थ, किसी विशेष क्षेत्र या विधा में दक्ष, सक्षम और पारंगत व्यक्ति होता है। जहाज का मूल कार्य गहरे समुद्र में गोताखोरी के कार्य के अलावा समुद्र में बचाव अभियान का संचालन करना है।



### जहाज में लगाई गई 75% सामग्री

*निपुण में कुल 75% स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। गहरे समुद्र में किसी भी अभियान का संचालन करने के लिए जहाज में अत्याधुनिक गोताखोरी उपकरण लगाए गए हैं। इसमें एक अतिरिक्त डाइविंग स्टेज भी मौजूद है। निपुण में रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल्स का मुख्य काम गोताखोरों की निगरानी-बचाव, मलबा निकालने से संबंधित अभियानों में सहायता प्रदान करना है। पनडुब्बी में सवार कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकालने में भी यह जहाज मददगार साबित होगा।*

## पीओके के मुद्दे पर अमेरिकी अखबार को भारत की लताड़

# दूतावास बोला- पाक कश्मीर जैसा कोई क्षेत्र मौजूद नहीं, पीओके सही

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका में भारतीय दूतावास ने न्यूयॉर्क टाइम्स की एक खबर के शीर्षक पर कड़ी आपत्ति जताई है। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि न्यूयॉर्क टाइम्स की हेडलाइन भ्रामक और तथ्यात्मक रूप से गलत है। दूतावास ने कहा कि 'पाकिस्तानी कश्मीर' जैसी कोई इकाई मौजूद नहीं है, केवल पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) है। दूतावास ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश पहले भी भारत का अभिन्न हिस्सा थे, आज भी हैं और हमेशा रहेंगे।



वॉशिंगटन में भारतीय दूतावास

### पीओके में विरोध प्रदर्शन पर छापी रिपोर्ट

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों और स्वतंत्र आकलनों के हवाले से बताया गया है कि जून की शुरुआत से लेकर हालिया हिंसा तक प्रदर्शनकारियों, सुरक्षाकर्मियों और आम नागरिकों सहित कम से कम 30 लोगों की मौत हो चुकी है।

### लोगों को मूल अधिकारों से वंचित कर रहेः भारत

रिपोर्ट के मुताबिक, जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी नामक संगठन पिछले महीने से तथाकथित क्षेत्रीय विधानसभा की 12 विवादित सीटों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहा है। संगठन का आरोप है कि इन सीटों का इस्तेमाल अपनी पसंद की सरकार बनाने के लिए किया जाता है। भारत का कहना है कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में जारी जनआंदोलन पाकिस्तान के आर्थिक शोषण, लोगों के मूल अधिकारों से वंचित किए जाने और प्रशासनिक दमन का सीधा परिणाम है।

## 4 महासागरों में 314 दिनों की 'समुद्र प्रदक्षिणा' त्रि-सेवा यात्रा पूरी

## करीब 25,500 नॉटिकल मील दूरी तय की

# भारतीय सेनाओं की 9 महिलाओं को रक्षा मंत्री ने किया सम्मानित

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज तीनों सेनाओं की उन नौ महिला अधिकारियों को सम्मानित किया, जिन्होंने 'समुद्र प्रदक्षिणा' नाम के पहले 'ट्राई-सर्विस ऑल-वूमेन सर्कमनेविगेशन सेलिंग एक्सपेडिशन' (तीनों सेनाओं की महिलाओं का दुनिया का चक्कर लगाने वाला नौका अभियान) को सफलतापूर्वक पूरा किया। ये अधिकारी भारतीय सेना के सेलिंग वेसल 'त्रिवेणी' पर 314 दिन की यात्रा के बाद लौटीं। नई दिल्ली में अधिकारियों से बातचीत करते हुए राजनाथ सिंह ने चार महासागरों में लगभग 25 हजार 500 नॉटिकल मील की दूरी तय करने के लिए टीम को बधाई दी।




'समुद्र प्रदक्षिणा' अभियान की टीम के साथ राजनाथ सिंह

### यह उपलब्धि हर भारतीय के लिए प्रेरणा

*राजनाथ सिंह ने इस अभियान को 'नारी शक्ति' और तीनों सेनाओं के आपसी सहयोग का एक शानदार उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हर भारतीय को प्रेरित करेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि टीम की सफलता साहस, दृढ़ संकल्प और समर्पण को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि मजबूत विश्वास और लगन से जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।*


### रक्षा मंत्री ने बढ़ाया हौसला

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं पूरे देश की ओर से आप सभी का स्वागत करना चाहता हूं। आपने न सिर्फ समुद्र को जीता है, बल्कि उन सभी को भी गलत साबित किया है, जो कहते थे कि हमारी बेटियां ऐसे मुश्किल अभियानों का हिस्सा नहीं बन सकतीं।



### बेटियां दुनिया जीत सकती हैं

राजनाथ सिंह ने कहा कि टीम की यह उपलब्धि देश की हर बेटी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी सफलता युवा महिलाओं को बड़े सपने देखने, चुनौतियों का सामना करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करेगी। आज, भारत की हर बेटी आपको देख रही है और उसे पूरा भरोसा है कि वह भी समुद्र पार कर सकती है और पूरी दुनिया को जीत सकती है।



# मिस्ट्री गर्ल संग नजर आए शाहरुख के बेटे आर्यन

**नई दिल्ली।** आर्यन खान अपनी किसी मूवी या सीरीज को लेकर नहीं, बल्कि लव लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। असल में आर्यन खान की कुछ तस्वीरें और वीडियोज इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं, जिनमें वो किसी मिस्ट्री गर्ल के साथ दिखाई दे रहे हैं। आर्यन की ये तस्वीरें लंदन की सड़कों से वायरल हुईं हैं। ऐसे में हर कोई ये जानने के लिए बेताब है कि आखिर आर्यन की ये मिस्ट्री गर्ल है, जिसने उनका दिल चुरा लिया है। दरअसल, आर्यन खान इन दिनों विदेश में अपना वेकेशन एंजॉय कर रहे हैं। ऐसे में आर्यन अपनी फैमिली नहीं, बल्कि अपने दोस्तों के साथ लंदन में छुट्टियां बिता रहे हैं। आर्यन के लंदन वेकेशन की कुछ तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर जंगल में लगी आग की तरफ वायरल हो रही हैं।

लाइफ Style

# महिमा

## प्रीति मेरे कॅरियर का सबसे यादगार किरदार रहेगा

कुछ किरदार सिर्फ पर्दे पर नहीं रहते, कलाकार के भीतर भी बस जाते हैं। अभिनेत्री महिमा मकवाना के लिए 'मुसाफिर कैफे' की 'प्रीति' ऐसा ही किरदार रही। महिमा कहती हैं कि इस रोल ने उन्हें खुद को स्वीकार करना और खुद से प्यार करना सिखाया। महिमा कहती हैं कि 'मुसाफिर कैफे' की स्क्रिप्ट पढ़ते ही उन्हें लगा कि वह प्रीति का किरदार निभाना चाहती हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

'जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी, तभी मुझे लगा कि मुझे प्रीति ही बनना है। वह बहुत एस्पिरेशनल है। सोलो ट्रैवल करती है, अपने आसपास के लोगों को अपनापन महसूस कराती है, बहुत अच्छी लिस्नर है और बेहद इमोशनली इंटेलिजेंट है। अगर मुझे कभी असल जिंदगी में प्रीति मिले, तो मैं उससे दोस्ती जरूर करना चाहूंगी। वह ऐसी इंसान है, जो आपको रास्ता भी दिखाएगी और यह भी महसूस कराएगी कि आप अकेले नहीं हैं।' महिमा के लिए 'प्रीति' सिर्फ एक रोल नहीं रही। वह मानती हैं कि इस किरदार ने उनकी निजी जिंदगी पर भी असर डाला ..'मुझे पहले खुद को स्वीकार करना बहुत मुश्किल लगता था। आसपास का शोर और लोगों की बातें कहीं न कहीं असर करती थीं। लेकिन प्रीति ने मुझे खुद को एक्सेप्ट करना सिखाया। उसने मुझे खुद से प्यार करना सिखाया। मुझे एहसास हुआ कि जब तक आप खुद को आजादी नहीं देंगे... तब तक आप अपने आसपास के लोगों को भी आजादी महसूस नहीं करा पाएंगे। मेरे लिए इससे बड़ा गिफ्ट कोई नहीं हो सकता। मैं यह सिर्फ फिल्म प्रमोट करने के लिए नहीं कह रही हूं। मुझे सच में लगता है कि प्रीति मेरे करियर का सबसे यादगार किरदार रहेगी।' जिंदगी और कॅरियर के इस सफर ने महिमा का नजरिया भी बदला है।



हॉलीवुड मसाला



# निजी पलों की तस्वीरें वायरल

**लॉस एंजिल्स।** कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और सिंगर कैटी पेरी रिश्ते में हैं। उनके डेटिंग की अफवाहें 2025 के बीच में शुरू हुई थीं और बाद में, पब्लिक अपीयरेंस और इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए दोनों ने कन्फर्म किया कि वे साथ हैं। अब, सोशल मीडिया पर उनकी कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिनमें जस्टिन, कैटी की बॉडी पर सनस्क्रीन लोशन लगाते हुए दिख रहे हैं। खबरों के मुताबिक, दोनों फ्रांस में छुट्टियां मना रहे हैं और वायरल तस्वीरें चर्चा का विषय बन गई हैं।




# स्पाइडर मैन-ब्रांड न्यू डे में चला टॉम का जादू

**मुंबई।** मार्वल स्टूडियो की 'स्पाइडर मैन' फ्रेंचाइजी की फिल्मों की दुनिया भर में अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। गुरुवार को सिनेमाघरों में 'स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे' रिलीज हुई। अब सोशल मीडिया पर फैंस के रिएक्शन सामने आ रहे हैं। एक फैन ने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर फिल्म देखने के बाद कमेंट लिखा, 'कई आलोचकों का कहना है कि 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे', 'स्पाइडर-मैन 2' के बाद आई सबसे बेहतरीन स्पाइडर-मैन फिल्म है।'इसी तरह एक फैन ने कमेंट में लिखा, 'यह फिल्म मेरी पसंदीदा स्पाइडर-मैन फिल्म है। यह सच में जबरदस्त है। यह बहुत शानदार दिखती है। इसकी कहानी बहुत बढ़िया है। सभी की परफॉर्मेंस बेहतरीन है। मैं पूरी फिल्म के दौरान मुस्कुराता रहा।



# भूमि हुईं भगवान शिव की आराधना में लीन

**मुंबई।** सावन का महीना शुरू हो गया है और बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आ रही हैं। दरअसल, गुरुवार के दिन उन्होंने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो और कुछ फोटोज पोस्ट की हैं, जिसमें वे शिवलिंग पर जल अर्पित करती दिख रही हैं। हालांकि, उनके लुक ने लोगों को खफा कर दिया और वे अब उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। सामने आए वीडियो में भूमि पेडनेकर ब्लैक टॉप और ब्लू डेनिम जीन्स पहनकर पूजा करती नजर आ रही हैं। हालांकि, लोगों को इससे कोई समस्या नहीं है। वे कह रहे हैं कि शिवलिंग पर जल चढ़ाते वक्त भूमि ने काला चश्मा क्यों पहना है। उन्हें लग रहा है कि भूमि पूजा करने नहीं बल्कि फोटोशूट कराने गई हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने कमेंट सेक्शन में अपनी नाराजगी जाहिर की।



# तेरा साईं का पोस्टर रिलीज संजय निभाएंगे लीड रोल

**मुंबई।** संजय मिश्रा पर्दे पर साईं बाबा की भूमिका में नजर आएंगे। वे फिल्म 'तेरा साईं' में यह रोल करने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन पलाश मुछाल करेंगे। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें संजय मिश्रा को साईं बाबा के रूप में देखा जा सकता है। पलाश मुछाल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का पोस्टर साझा किया ह साथ उन्होंने लिखा है, 'गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरुः साक्षात परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः' ॥ बता दें कि संजय मिश्रा के अलावा इस फिल्म में सयाजी शिंदे, मनोज जोशी, ओंकारदास मानिकपुरी, अविकागोर और रोहन मेहरा भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'तेरा साईं' हिंदी, मराठी, तेलगु और तमिल भाषाओं में रिलीज की जाएगी।

## स्थानीय खेल समाचार



### एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल में सीबीएसई

# भंडारी पब्लिक स्कूल खंडवा, डीपीएस, पिानिया,एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल की टीमें जीतीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल में गुरुवार को सीबीएसई क्लस्टर-12 बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता-2026 का भव्य उद्घाटन समारोह उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्गों की 70 से अधिक टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें विभिन्न जोनों से आईं प्रतिभाशाली छात्रा खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अनुपम चौकसे, सचिव, एलएनसीटी ग्रुप एवं प्रो-चांसलर, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, भोपाल रहे। विशिष्ट आमंत्रित अतिथि के रूप में डॉ. श्वेता चौकसे, कार्यकारी निदेशक, एलएनसीटी ग्रुप एवं प्रो-चांसलर, एलएनसीटीवीयू, इंदौर उपस्थित रहीं। समारोह के विशिष्ट अतिथि कुलविंदर सिंह गिल, सचिव जनरल, बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं अध्यक्ष, मध्यप्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन तथा विशिष्ट अतिथि मुख्तियार सिंह, पूर्व मुख्य बास्केटबॉल कोच, साई एवं विश्वामित्र अवार्डी की उपस्थिति रही। औचारिक उद्घाटन के बाद प्रतियोगिता के पहले सत्र में अंडर-14 वर्ग में भंडारी पब्लिक स्कूल, खंडवा ने सेंट पॉल कॉन्वेंट स्कूल, उज्जैन को 8-4 से पराजित किया। दूसरे मुकाबले में डीपीएस, निपानिया ने द न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल, इंदौर को 25–0 से हराया। वहीं, मेजबान एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल ने द आइकॉनिक पब्लिक स्कूल को 20–0 से पराजित कर विजयी शुरुआत की।

### सीबीएसई वेस्ट ज़ोन स्विमिंग चैंपियनशिप

# सेज इंटरनेशनल स्कूल के छात्र अर्थ जैन ने जीते 4 गोल्ड और 1 सिल्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सेज इंटरनेशनल स्कूल, कोलार रोड के छात्र अर्थ जैन ने स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल, विदिशा में आयोजित सीबीएसई वेस्ट ज़ोन स्विमिंग चैंपियनशिप 2026-27 में शानदार परफॉर्मेंस करते हुए 4 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीतकर स्कूल और भोपाल का नाम रोशन किया है। इस चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात सहित कई राज्यों के करीब 800 स्विमर्स ने हिस्सा लिया। अर्थ जैन ने 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, 50 मीटर बटरफ्लाई और 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीते। वहीं 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में सिल्वर मेडल हासिल किया। उन्होंने 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक 1 मिनट 10 सेकंड, 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक 30 सेकंड, 50 मीटर बटरफ्लाई 29 सेकंड और 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले 2 मिनट 37 सेकंड में पूरा कर शानदार प्रदर्शन किया। इस शानदार अचीवमेंट पर सेज ग्रुप के सीएमडी इंजीनियर संजीव अग्रवाल और एमडी साक्षी बंसल ने अर्थ जैन, उनके कोच और अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता अर्थ की कड़ी मेहनत,



डेडिकेशन, अनुशासन और लगातार की गई प्रैक्टिस का नतीजा है। उन्होंने विश्वास जताया कि अर्थ आगे भी नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर शानदार प्रदर्शन कर स्कूल, प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। यह उपलब्धि सेज इंटरनेशनल स्कूल, कोलार रोड की बेहतर स्पोर्ट्स कल्चर, आधुनिक ट्रेनिंग और विद्यार्थियों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने की कमिटमेंट को दर्शाती है। स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी लगातार नए बेंचमार्क स्थापित कर रहा है।

# बारिश बाद सभी वर्गों के खिलाड़ियों के लिए चयन प्रक्रिया होगी आयोजित



**भोपाल।** बीडीसीए कार्यालय में मैनेजिंग कमेटी की बैठक भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित की गई, जिसमें भोपाल की क्रिकेट को सुचारू रूप से चलाने के लिए दिशा निर्देश तय किए गए। सबसे पहले मध्य प्रदेश के ऑलराउंडर खिलाड़ी सारांश जैन को भारतीय टीम में शामिल किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया तथा एमपीसीए और इंदौर संभाग क्रिकेट संघ को बधाई दी गई। बीडीसीए के तीनों चयन समितियों के चेयरमनों को यथावत रखा गया और चयन प्रक्रिया और उसमें क्या सुधार किए जा सकते हैं, पर विचार किया गया। साथ ही सभी वर्गों के बालक और बालिकाओं के अच्छे प्रदर्शन के लिए कार्य योजना बनाने का निर्णय लिया गया। बीडीसीए अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह ने निर्णय लिया की अकादमी के कोचों के लिए भी एक सेमिनार आयोजित किया जाएगा तथा वर्षा ऋतु के खत्म होने के साथ ही सभी वर्गों के खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी और चयनित खिलाड़ियों के लिए कैंप आयोजित किए जाएंगे ।

### 11वीं ऑल इंडिया पुलिस जूडो क्लस्टर

# रेगू इवेंट में तृप्ति, दीप्ति, दीक्षा ने जीता कांस्य तो दीक्षा को तुंगल में में भी मिला ब्रॉन्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हैदराबाद के गच्चीबौली इंडोर स्टेडियम में 23 से 30 जुलाई तक आयोजित 11वीं ऑल इंडिया पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश पुलिस की महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता के रेगू इवेंट में तृप्ति पांडे, दीप्ति पटेल एवं दीक्षा शर्मा की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं तुंगल इवेंट में दीक्षा शर्मा ने व्यक्तिगत स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर मध्यप्रदेश पुलिस का मान बढ़ाया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मध्यप्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। खिलाड़ियों की




इस सफलता ने राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश पुलिस की खेल प्रतिभा का एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

## आंगनबाड़ी में अक्षर ज्ञान के साथ सिखा रहीं योग-बॉक्सिंग

# उज्जैन की बॉक्सर दिव्या नागर बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए कर रहीं तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उज्जैन के इंगोरिया विकासखंड की एक छोटी सी आंगनवाड़ी में रोज़ की तरह खिलखिलाते बच्चों का शोर था, लेकिन यहां बच्चों को केवल पोषाहार या प्राथमिक अक्षर-ज्ञान ही नहीं मिल रहा था, बल्कि उनके नन्हे हाथों में एक नया आत्मविश्वास बुना जा रहा था। इस बदलाव की सूत्रधार थीं दिव्या नागर। एक ऐसी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, जिनके भीतर एक मुक्केबाज़ (बॉक्सर) का जज़्बा और एक मां जैसी ममता दोनों एक साथ धड़कते हैं। दिव्या जानती थीं



कि ग्रामीण क्षेत्रों के इन बच्चों में असीम क्षमताएं छिपी हैं, बस ज़रूरत है तो सही दिशा और एक अवसर की। उन्होंने आंगनवाड़ी के आंगन में स्वास्थ्य और अनुशासन का इस प्रकार समन्वय किया कि बच्चे उत्साहित होकर उनकी हर बात मानने लगे। वे बच्चों को खेलों से जोड़ने के साथ-साथ रोज़ नियमित रूप से योग-अभ्यास भी कराने लगीं। सुबह के समय नन्हे-मुन्ने बच्चों को योगासन और प्राणायाम करते देखना गांव वालों के लिए भी एक सुखद अनुभव बन गया था। दिव्या का मानना है कि योग से न केवल बच्चों का शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि उनका मन भी शांत और एकाग्र होता है। दिव्या अक्सर बच्चों से कहती थीं कि खेल और योग केवल शरीर को मजबूत नहीं बनाते, वे मन से हार का डर भी मिटाते हैं और ध्यान केंद्रित करना सिखाते हैं।

### रिंग में सिखाए बॉक्सिंग के दांव-पेंच

रिंग में बॉक्सिंग के दांव-पेच सीखने वाली दिव्या अब इन बच्चों को योग और बेसिक फिटनेस के ज़रिए अनुशासन, फुर्ती और लगन के पाठ सिखा रही थीं। मिट्टी में खेलने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चे जब दिव्या के साथ योगासन करते और पंचिंग की ट्रेनिंग लेते, तो उनकी आँखों में एक अलग ही चमक होती। गांव के लोग जो शुरुआत में आंगनवाड़ी को सिर्फ 'दलिया और टीकाकरण' की जगह मानते थे, अब हैरान थे। उन्हें दिखने लगा था कि एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की लगन कैसे उनके बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य और सोच को बदल सकती है। दिव्या का सपना सिर्फ आज का स्वास्थ्य सुधारना नहीं है; उनकी आंखों में एक बड़ा मंज़र तैरता है। वह दिन जब उनके गांव का कोई बच्चा राष्ट्रीय मंच पर तिरंगा लहराएगा और एक दिन ओलंपिक में देश के लिए पदक जीतकर भारत का नाम रोशन करेगा।





# राष्ट्रमंडल खेल : नीरज, रोहित और यशवीर पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में




एजेंसी ▸▸| ग्लास्गो

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के साथ दो अन्य भारतीय बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों में क्वालीफिकेशन राउंड में शीर्ष 12 में जगह बनाकर पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए। चोपड़ा ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण करते हुए भाला फेंक स्पर्धा का खिताब जीता था। वह बृहस्पतिवार को क्वालीफिकेशन राउंड में 79.61 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे। रोहित यादव (78.37 मीटर) और यशवीर सिंह (78.36 मीटर) क्रमशः नौवें और 10वें स्थान पर रहे। इससे इस स्पर्धा में हिस्सा लेने वाला पूरा भारतीय दल पदक दौर में पहुंचा। प्रत्येक राउंड में आखिरी थ्रोअर रहने वाले चोपड़ा ने अपना तीसरा और आखिरी प्रयास नहीं किया क्योंकि तब तक वह पदक दौर में जगह बना चुके थे।

### नीरज ने अपनाई संयमित रणनीति

हालांकि कठिन परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंने संयमित रणनीति अपनाई। पूर्व विश्व चैंपियन चोपड़ा ने अपने पहले प्रयास में 76.28 मीटर का थ्रो किया जिससे वह पहले दौर के बाद छठे स्थान पर रहे। दूसरे प्रयास में उन्होंने 79.61 मीटर का थ्रो कर पांचवें स्थान पर जगह बना ली। इसके बाद उन्होंने अपना तीसरा और अंतिम प्रयास नहीं किया।

### श्रीलंका के रूमेश प्रथम व ग्रेनाडा के पीटर्स द्वितीय

इस सत्र में दोहा और रोम डायमंड लीग जीतने वाले शानदार फॉर्म में चल रहे श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिरागे ने पहले ही प्रयास में 82.84 मीटर का थ्रो कर क्वालीफिकेशन राउंड में पहला स्थान हासिल किया। पिछले चरण के रजत पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने 81.29 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।






### यशवीर-रोहित का शानदार रहा प्रदर्शन

यशवीर का इस सत्र और करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 83.72 मीटर है और उन्होंने भी प्रतियोगिता के दौरान लगातार सुधार किया। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले प्रयास में 73.89 मीटर, दूसरे में 74.45 मीटर और अंतिम प्रयास में 78.36 मीटर का थ्रो कर फाइनल के लिए क्वालीफिकेशन सुनिश्चित किया। रोहित का इस सत्र और करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 87.05 मीटर है। उन्होंने पहले प्रयास में 77.04 मीटर और दूसरे प्रयास में 78.37 मीटर का थ्रो किया। उन्होंने भी अपना अंतिम प्रयास नहीं किया।

### 84 मीटर के मानक को कोई नहीं कर सका पार

बता दें कि 18 प्रतिभागियों में से कोई भी 84 मीटर के स्वतः क्वालीफिकेशन मानक को पार नहीं कर सका। इसके चलते शीर्ष 12 खिलाड़ियों ने शुक्रवार को होने वाले फाइनल दौर के लिए क्वालीफाई किया। केवल चार प्रतिभागी ही 80 मीटर दूर भाला फेंक पाए। क्वालीफिकेशन राउंड के दौरान परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण रहीं जिसमें लगातार सामने से तेज हवा चल रही थी और तापमान 18 डिग्री सेल्सियस बना हुआ

## चोट से उबरे मुरली ने लगातार दूसरे राष्ट्रमंडल में जीता रजत




मुरली श्रीशंकर ने भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में एक और अध्याय जोड़ दिया जब वह राष्ट्रमंडल खेलों में लंबी कूद स्पर्धा में रजत पदक के साथ लगातार दो पदक जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए और घुटने की चोट से दो साल जूझने के बावजूद उन्होंने शानदार वापसी की। बर्मिंघम 2022 में रजत पदक जीतने वाले 27 वर्षीय श्रीशंकर ने इस बार 8.09 मीटर की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाकर एक और रजत पदक अपने नाम किया। यह उपलब्धि उनके लिए इसलिए भी खास रही क्योंकि पिछले साल गंभीर घुटने की चोट के बाद उनके करियर पर संकट के बादल मंडरा रहे थे। श्रीशंकर से पहले इस स्पर्धा में भारत के लिए केवल सुरेश बाबू (पुरुष कांस्य, 1978), अंजू बॉबी जॉर्ज (महिला कांस्य, 2002) और एम प्रजुषा (महिला रजत, 2010) ही पदक जीत पाए थे।

### गेले ने स्वर्ण व मैकेंजी ने कांस्य पदक जीता

जमैका के पूर्व विश्व चैंपियन ताजे गेले ने 8.15 मीटर की कूद के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि मेजबान स्कॉटलैंड के स्टीफन मैकेंजी ने 8.08 मीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक हासिल किया।

### भारत के लिए खेलकर काफी खुशी हुई : मुरली

श्रीशंकर ने कहा ,'' मैं बहुत खुश हूं कि इन खेलों में भाग ले रहा हूं। विश्व स्तर पर फिर भारत के लिये खेलकर काफी खुशी महसूस कर रहा हूं। दो साल पहले मुझे लगा नहीं था कि ग्लास्गो में खेल पाऊंगा।'' स्वर्ण पदक नहीं जीत पाने की निराशा हालांकि उनकी बातों में नजर आई। उन्होंने कहा ,'' मैं बर्मिंघम के रजत को स्वर्ण में बदलना चाहता था। अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं और लगातार बेहतर करने का प्रयास करता रहूंगा। उन्होंने कहा मुझे अपनी तकनीक पर काम करना होगा लेकिन इस पदक से एशियाई खेलों के लिये मेरा आत्मविश्वास बढेगा।

**गेले ने श्रीशंकर को छोड़ दिया पीछे :** अपने दूसरे राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा ले रहे श्रीशंकर ने पहले प्रयास में 8.03 मीटर की कूद लगाई। दूसरे प्रयास में उन्होंने 8.09 मीटर का प्रदर्शन कर बढ़त बना ली। हालांकि यह बढ़त ज्यादा देर नहीं रही। जमैका के ताजे गेले ने 8.15 मीटर की कूद लगाकर पहला स्थान हासिल कर लिया। इसके बाद श्रीशंकर के तीसरे और चौथे प्रयास फाउल रहे। पांचवें प्रयास में उन्होंने 7.94 मीटर की कूद लगाई।

## खबर संक्षेप



### पुरूष टीम सेमीफाइनल में, महिला टीम बाहर

**ओंटारियो।** पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय पुरूष टीम इंग्लैंड को हराकर विश्व स्क्वाश जूनियर टीम चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गई जबकि महिला टीम अमेरिका से हारकर बाहर हो गई। भारतीय पुरूष टीम ने तीसरी वरीयता प्राप्त इंग्लैंड को हराया और मुकाबला अमेरिका से होगा। पिछले साल भारत ने इस स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। आर्यवीर दीवान ने रॉनी हिकलिंग को हराकर भारत को बढत दिलाई लेकिन इस्माइल खलील ने युशा नफीस को हराकर इंग्लैंड को बराबरी दिलाई। भारत के गुरवीर सिंह ने निर्णायक मुकाबला जीता। महिला वर्ग में हाल ही में विश्व जूनियर चैम्पियन बनी अनाहत सिंह ने दिया यादव को हराकर भारत को बढत दिलाई। लेकिन चार्लोट जे ने भारत की रूद्रा सिंह को हराया और अनिका दुबे को लिली बूरेल के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा।

### रूट फिर बने इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने दिग्गज बल्लेबाज जो रूट को फिर से टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया है। बेन स्टोक्स के संन्यास लेने के बाद बोर्ड ने रूट को ये जिम्मेदारी सौंपी है। इसके साथ-साथ ईसीबी ने स्टीफन फ्लेमिंग को अपनी टेस्ट टीम का नया कोच बनाया है। वह ब्रेंडन मैकुलम की जगह लेने के लिए तैयार हैं। ईसीबी ने गुरुवार 30 जुलाई को आधिकारिक तौर पर ये ऐलान किया है। ईसीबी ने कहा कि फ्लेमिंग का कोचिंग अनुभव टीम के काम आएगा। बोर्ड ने अपने बयान में कहा, फ्लेमिंग दुनिया के सबसे सम्मानित क्रिकेट कोच में से एक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के साथ उनका 18 साल का जुड़ाव रहा है। एक खिलाड़ी के तौर पर 111 मैचों के करियर में वे न्यूजीलैंड के सबसे सफल टेस्ट कप्तान रहे। बतौर खिलाड़ी फ्लेमिंग न्यूजीलैंड के सबसे लंबे समय तक (80 टेस्ट) और सबसे सफल (28 जीत) टेस्ट कप्तान रहे।

# अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में कभी टेस्ट नहीं हारी भारतीय टीम, शानदार रहा उनका नेतृत्व

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आखिरकार अजिंक्य रहाणे ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले ही लिया। लगभग डेढ़ दशक तक देश का प्रतिनिधित्व करने वाले रहाणे ने 2023 में अपना आखिरी मैच खेला।

अपने शानदार टेस्ट करियर में उन्होंने 38.46 की औसत के साथ 5,077 रन बनाए थे। उन्होंने भारतीय टीम की कप्तानी भी की। दिलचस्प रूप से रहाणे के नेतृत्व में भारतीय टीम कभी मैच नहीं हारी। उनकी कप्तानी में टीम के प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

### रहाणे की कप्तानी में भारत ने जीते 4 टेस्ट

रहाणे ने पहली बार 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट में कप्तानी की थी, जो भारत ने 8 विकेट से जीता था। कोहली की गैरमौजूदगी में रहाणे को कप्तानी का मौका मिला था। 2018 में अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में भारतीय टीम पारी और 262 रन से जीती थी। 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मेलबर्न और ब्रिसबेन टेस्ट में टीम जीती, जबकि सिडनी टेस्ट ड्रॉ रहा। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ (कानपुर) टेस्ट में भी भारतीय टीम जीती थी।

### बतौर कप्तान बल्लेबाजी

रहाणे ने कप्तानी करते हुए 11 पारियों में 39.88 की औसत के साथ 359 रन बनाए थे। उन्होंने एक शतक भी लगाया था। भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए रहाणे ने अपना इकलौता शतक ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मेलबर्न टेस्ट में



### इन कप्तानों की सूची में शामिल हुए रहाणे

भारत के 38 टेस्ट कप्तानों में से सिर्फ 4 ही ऐसे हैं जो कभी हारे नहीं। इनमें क्रिस श्रीकांत शामिल हैं, जिन्होंने भारत की कप्तानी 4 टेस्ट मैचों में की और एक भी मैच नहीं हारे। साथ ही हेमू अधिकारी और रवि शास्त्री भी हैं, जिन्होंने एक-एक बार टीम की कप्तानी की और कोई मैच नहीं हारे। रहाणे इनमें इकलौते ऐसे कप्तान हैं जिनकी कप्तानी में भारत ने विदेश में ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीती है।

### शानदार रहा था रहाणे का अंतरराष्ट्रीय करियर

रहाणे ने भारत की ओर से जुलाई 2023 में अपना आखिरी टेस्ट वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। उन्होंने भारत के लिए 85 टेस्ट की 144 पारियों में 38.46 की औसत से 5,077 रन बनाए। इसमें 12 शतक और 26 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 90 वनडे में 35.26 की औसत के साथ 2,962 रन बनाए थे। टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 20 पारियों में 20.83 की औसत के साथ 375 रन बनाए थे।

## बचपन में गावित का काटना पड़ा था हाथ

### टी-47 100 मीटर में जीता स्वर्ण, बेसिल को रजत



ग्लासगो में खेले जा रहे राष्ट्रमंडल खेल 2026 में बुधवार को भारत के लिए ट्रैक एंड फील्ड में यादगार दिन रहा। दरअसल, पुरुषों की टी-47 100 मीटर दौड़ में दिलीप गावित ने 10.71 सेकंड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनके साथी धावक मोहम्मद बेसिल ने 10.83 सेकंड के साथ जीता रजत। यह ग्लासगो खेलों में भारत का सिर्फ तीसरा ही स्वर्ण पदक रहा। इससे पहले मीराबाई चानू और शर्मिला धनखड़ ने अपने-अपने खेलों में स्वर्ण जीते थे।

### बचपन में पेड़ से गिर गए थे

गावित का जन्म 21 अप्रैल, 2003 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के छोटे से गांव तोरण डोंगरी में हुआ। वह एक साधारण किसान परिवार से आते हैं। उन्होंने इस पदक को जीतने के लिए कई आर्थिक चुनौतियों का सामना किया। वह बचपन में पेड़ से गिर गए थे, जिससे उनके हाथ में चोट लग गई थी। अस्पताल में नहीं ले जाने के कारण संक्रमण बढ़ गया और आखिर में उनका हाथ काटना पड़ा था।

**राष्ट्रमंडल खेल 2026 पदक तालिका :** भारत ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में अब तक कुल 15 पदक जीते हैं, जिनमें 3 स्वर्ण शामिल हैं। ग्लासगो खेलों में भारत ने 9 रजत और 3 कांस्य पदक जीते हैं।

पहला टेस्ट मैच

## वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को दी चौथे दिन ही 90 रन से शिकस्त



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पाकिस्तान क्रिकेट टीम को वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट में 90 रन से शिकस्त मिली। जीत के लिए मिले 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की दूसरी पारी सिर्फ 120 रन पर ही सिमट गई। ब्रायन लारा स्टेडियम में हुए मैच का परिणाम चौथे दिन पर निकल गया। वेस्टइंडीज को जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में फायदा पहुंचा है।

### पाकिस्तान तालिका में आखिरी स्थान पर पहुंची

वेस्टइंडीज ने डब्ल्यूटीसी 2025-27 में अपनी सिर्फ दूसरी जीत दर्ज की है। कैरेबियाई टीम ने इस चक्र में अब तक 7 मैचों में हार (ड्रॉ-2) झेली है। इस जीत के साथ वेस्टइंडीज की टीम 22.73 प्रतिशत अंको के साथ 8वें स्थान पर पहुंच गई है। दूसरी तरफ पाकिस्तान की यह चौथी हार है। मौजूदा चक्र में सिर्फ एक जीत दर्ज करने वाली पाकिस्तानी टीम आखिरी 9वें स्थान पर पहुंच गई है।

### ऐसी है भारत की स्थिति

भारतीय टीम 48.15 प्रतिशत अंक के साथ 5वें स्थान पर मौजूद है। इस चक्र में भारत ने 4 मैच जीते हैं और इतने ही मैचों में हार झेली है। इसके अलावा एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। भारत से ऊपर बांग्लादेश की टीम चौथे स्थान पर है। वहीं, भारत से नीचे श्रीलंका छठे और इंग्लैंड सातवें स्थान पर है। श्रीलंकाई टीम ने एक मैच जीता है और एक ड्रॉ खेला है, जबकि इंग्लैंड ने 4 मैच जीते (हार- 8) हुए हैं।

### अन्य टीमों की स्थिति

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम 87.50 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष पर मौजूद है। कंगारू टीम ने इस चक्र में 7 टेस्ट जीते हैं और एक में हार झेली है। दक्षिण अफ्रीका की टीम 75.00 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। प्रोटियाज टीम ने 3 मैच जीते हैं और एक में हार का सामना किया है। न्यूजीलैंड की टीम 72.22 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। कीवी टीम ने 4 मैच जीते हैं और 1 में हार झेली है।

## नीली जर्सी, नीला पिच, होती थी परेशानी, इसलिए केसरिया रंग

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने हॉकी विश्व कप 2026 के लिए हाल ही में भारतीय हॉकी टीम की नई जर्सी जारी की, जो कि केसरिया रंग की है। अब तक नीले रंग की जर्सी भारतीय टीम की पहचान रही है और नई केसरिया जर्सी की प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर खूब आलोचना की। पूर्व भारतीय कप्तान विरेन रास्किन्हा ने भी जर्सी के रंग बदलने को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की थी। अब हॉकी इंडिया से इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

**एक जैसा रंग होने से खिलाड़ियों को दिक्कत:** आलोचना का जवाब देते हुए हॉकी इंडिया ने कहा कि यह फैसला खिलाड़ियों, कोचों और सपोर्ट स्टाफ के साथ बातचीत करने के बाद लिया गया था। हॉकी इंडिया ने बयान में कहा, मुख्य वजह तकनीकी थी। नीले रंग की प्लेइंग यूनिफॉर्म, नीली सिंथेटिक प्लेइंग सतह के साथ घुल-मिल जाती थी। नीली रंग की सतह अब इंटरनेशनल हॉकी पिचों का आदर्श रंग है।

## पैरा साइकिलिस्ट लिशा परसूट क्वालीफाइंग में ही हुईं बाहर

एजेंसी ▸▸| ग्लास्गो



भारतीय पैरा साइकिलिस्ट लिशा दास बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं की सी 4 - सी 5 4,000 मीटर व्यक्तिगत परसूट क्वालीफाइंग स्पर्धा में छठे और अंतिम स्थान पर रहने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

### ऑस्ट्रेलिया व इंग्लैंड की खिलाड़ी रहीं अव्वल

ऑस्ट्रेलिया की तारा नेलैंड ने 4:45.796 के समय के साथ क्वालीफाइंग में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि इंग्लैंड की मॉर्गन न्यूबेरी ने 5:06.470 के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल करके स्वर्ण पदक की दौड़ में अपनी जगह पक्की कर ली। न्यूजीलैंड की निकोल मरे (5:06.878) और ऑस्ट्रेलिया की एरिन नॉर्मोयल (5:24.264) कांस्य पदक के मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया।

### डूरंड कप : एफसी रेंगदाई ने इंडियन नेवी को 1-0 से हराया

**इंफाल।** एफसी रेंगदाई ने बृहस्पतिवार को अपने पहले ही डूरंड कप मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए पिछले चरण के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली इंडियन नेवी फुटबॉल टीम को ग्रुप डी मुकाबले में 1-0 से हरा दिया। एफसी रेंगदाई की ओर से स्थानापन्न खिलाड़ी खैदेम अमरजीत सिंह ने 58वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। यह डूरंड कप में एफसी रेंगदाई का पहला गोल भी था और इसी के दम पर टीम ने यादगार जीत दर्ज की।

OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL
Water Work Department
4th floor, BMC Head Office, Tulsi Nagar, Bhopal

NOTICE INVITING e-TENDER

Online tenders are being invited for the following works. The bidder can obtained detailed information and tender documents on website http://mptenders.gov.in.

Corrigendum for this NIT shall not be issued separately in newspapers. Corrigendum regarding correction can be seen on the website http://mptenders.gov.in

| S. No. | NIT NO. | Tender ID | Details of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 60/T.Sec./EE./ W.W.D./2026-27 First call | 2026_UAD_ 525420_1 | Supply of chemicals, silica ware, and glassware for water testing at the water testing laboratory at the 5 MGD filter plant under Zone No 07. | 17,10,572.00 | 12,829.00 | 28.08.2026 |

T.N. 521/026/027

Executive Engineer (WWD)
Municipal Corporation, Bhopal

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)
हाऊसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ (HFA CELL)
तृतीय तल, आई.एस.बी.टी. भवन, होशंगाबाद रोड, हबीबगंज, भोपाल - 462023

NIT No.20/HFA/BMC/2026 Date-30-07-2026

:: निविदा आमंत्रण ::

निविदा क्रमांक 2026_UAD_525506_1

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत रासलाखेड़ी परियोजना (रेरा पंजीयन क्र. P-BPL-24-4488) स्थल के एम.आई.जी. स्वतंत्र आवास में शेष बचे 02 आवास का व्ययन उच्चतम निविदा दर के आधार पर दिये जाने हेतु ई-निविदा पद्धति के अन्तर्गत www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदा दिनांक 31.07.2026 समय दोपहर 14:30 से 01.09.2026 समय शाम 05:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 03.09.2026 को प्रातः 10:30 बजे खोली जावेंगी। निविदा प्रपत्र, अनिवार्य शर्तें एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल www.mptenders.gov.in पर प्राप्त होंगी।

उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

नोटः- ऑनलाईन, ई-निविदा में समस्या होने पर मोबाइल नंबर 9424499880, पर संपर्क करें अथवा ईमेल-bmcmp.hfa@gmail.com पर मेल करें।

सू. क्र.0522/026/027

जोनल अधिकारी
(एच.एफ.ए.)
नगर पालिक निगम, भोपाल

# संगीत की विरासत को नई पीढ़ी से जोड़ने का नवसंकल्प होगा 'ये शाम मस्तानी'...

नवाचार के रूप में होंगी अंतर-महाविद्यालयीन बैंड प्रतियोगिता
मुख्य कलाकारों को मिलेगा 4 अगस्त को प्रस्तुति देने का मौका

मधुरिमा राजपाल ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में जन्मे महान गायक एवं हरफनमौला कलाकार किशोर कुमार की स्मृति में मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा विगत 10 वर्षों से 4 अगस्त, किशोर कुमार जयंती के अवसर पर 'ये शाम मस्तानी' संगीत संध्या का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी यह आयोजन 4 अगस्त को शाम 7 बजे से रवींद्र भवन में आयोजित किया जाएगा, लेकिन इस बार आयोजन में नवाचार के रूप में अंतर-महाविद्यालयीन सांगीतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बैंड एवं संगीत समूह प्रस्तुतियां देंगे।

### दो श्रेष्ठ प्रस्तुतियों को मिलेगा मुख्य मंच पर प्रस्तुति का अवसर

ये प्रस्तुतियां 3 अगस्त को दोपहर 12 बजे एलएनसीटी ग्रुप (रायसेन रोड), सेज विश्वविद्यालय (कटारा हिल्स), माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय तथा ओरिएंटल ग्रुप ऑफ कॉलेज्स में होंगी। इन सभी महाविद्यालयों की प्रस्तुतियों में से दो श्रेष्ठ प्रस्तुतियों का चयन किया जाएगा, जिन्हें 4 अगस्त को रवींद्र भवन में आयोजित होने वाली संगीत संध्या में मुख्य प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा।



## एक महाविद्यालय का बैंड दूसरे महाविद्यालय में जाकर देगा प्रस्तुति



संचालक, संस्कृति एन.पी. नामदेव ने बताया, इस वर्ष आयोजित महाविद्यालयीन बैंड की प्रस्तुतियां अंतर-महाविद्यालयीन होंगी। अर्थात, एक महाविद्यालय का बैंड दूसरे महाविद्यालय में जाकर प्रस्तुति देगा। इससे छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा तथा प्रस्तुतियों के प्रति गंभीरता और लोकप्रियता भी बढ़ेगी।

### संगीत के प्रति प्रेरित करने का है उद्देश्य

नामदेव ने कहा कि यह मंच केवल किशोर कुमार को स्वरांजलि अर्पित करने का ही नहीं, बल्कि संगीत की विरासत को नई पीढ़ी से जोड़ने का भी माध्यम है। हमारा प्रयास है कि यह आयोजन अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचे और उन्हें संगीत के प्रति प्रेरित कर सके।

### इन कॉलेजों में होंगी अंतर-महाविद्यालयीन सांगीतिक प्रस्तुतियां

अंतर-महाविद्यालयीन सांगीतिक प्रस्तुतियों का उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय फिल्म संगीत की समृद्ध परंपरा से परिचित कराना तथा नवोदित कलाकारों को प्रेरणा प्रदान करना है। इसलिए इस वर्ष आयोजित होने वाली संगीत संध्या 'ये शाम मस्तानी' में नवाचार के रूप में भोपाल के महाविद्यालयों के एलएनसीटी ग्रुप, रायसेन रोड के छात्र-छात्राओं के दो बैंड, सेज विश्वविद्यालय का बैंड तथा बीएसएसएस कॉलेज का बैंड प्रस्तुतियां देंगे।



### अनु मलिक संग 'के फॉर किशोर' को सुन सकेंगे शहरवासी

नामदेव ने बताया कि प्रतिवर्ष इस आयोजन में प्रतिष्ठित कलाकारों को आमंत्रित किया जाता है, ताकि भोपाल के संगीत प्रेमी बड़ी संख्या में शामिल होकर किशोर कुमार के अवदान को जान सकें और उन्हें स्वरांजलि अर्पित कर सकें। इस वर्ष 4 अगस्त को आयोजित संगीत संध्या में सुप्रतिष्ठित संगीत निर्देशक एवं गायक अनु मलिक भोपाल के संगीतप्रेमियों के बीच अपनी प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध गायक 'के फॉर किशोर', इंडियन आइडल के अनिल श्रीवास्तव तथा पश्चिम बंगाल के बैंड ह्यकोलकाताह्न की सुरमयी प्रस्तुतियां भी शाम को संगीत के रंगों से सराबोर करेंगी।



### भोपाल के कलाकार विवेक अंजान ने बानाई सिंगल फ्रेम पिक्टोरियल बायोग्राफी

## एक कैनवास पर सजी सोनू सूद की संपूर्ण जीवन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोरोना काल में जरूरतमंदों की मदद कर रियल लाइफ हीरो बने बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की जीवन यात्रा एक कैनवास पर दिखाई देगी।

भोपाल के आर्टिस्ट विवेक कुमार वर्मा 'अनजान विवेक' ने सोनू सूद पर सिंगल फ्रेम पिक्टोरियल बायोग्राफी तैयार की है। 'द वर्ल्ड फ्रेम 4 सोनू सूद' की यह कलाकृति गुरुवार को सोनू सूद के जन्मदिन पर मुंबई में जाकर विवेक ने उन्हें भेंट की। इसके बाद यह 15 से 21 सितंबर तक जहांगीर आर्ट गैलरी में प्रदर्शनी में प्रदर्शित होगी।

### मां का हथेली की लकीरें के भावुक क्षण भी

विवेक ने 3648 इंच के कैनवास पर कलाकृति में बिना लाइन या बॉर्डर के सोनू सूद की जीवन यात्रा नीचे से ऊपर तक चित्रों के माध्यम से उकेरी है। इसमें दोस्तों की मदद करना, मां द्वारा हथेली में 'समाज सेवा' की लकीरें देखने का भावुक क्षण और पिता के स्कूटर से जुड़ा गहरा लगाव दिखाया गया है। अनजान विवेक ने बताया कि कोविड काल में वे 4 साल तक डिप्रेशन से जूझते रहे। इसके बाद 'द वर्ल्ड फ्रेम' सीरीज की शुरूआत की। इस श्रृंखला के तहत वे एलन मस्क, सुधा मूर्ति और पीएम नरेंद्र मोदी की भी सिंगल फ्रेम पिक्टोरियल बायोग्राफी तैयार कर चुके हैं।

### लोहे की जंग बनी फैशन की पहचान, एनआईडी के तीन छात्र पहुंचे विश्वस्तरीय प्रतियोगिता के फाइनल में

# जंग से बनाई ड्रेस, 'वर्ल्ड ऑफ वेयरेबल आर्ट अवॉड्र्स 2026' के बने फाइनलिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी), मध्य प्रदेश के तीन विद्यार्थियों, दिपेश भंडारी (चतुर्थ वर्ष), सृष्टि हाटेकर (तृतीय वर्ष) एवं सुहानी (तृतीय वर्ष) का चयन विश्व की प्रतिष्ठित 'वर्ल्ड ऑफ वेयरेबल आर्ट अवॉड्र्स 2026' के फाइनलिस्ट के रूप में हुआ है। न्यूजीलैंड के वेलिंगटन में आयोजित इस आयोजन को खास बनाने के लिए इन स्टूडेंट्स ने लोहे की जंग या रस्ट से इस ड्रेस को डिजाइन किया है, जिसका नाम 'लोहा किट' है, साथ ही इस ड्रेस की टैग लाइन 'ब्यूटी इन डिके' है। सबसे बड़ी खास बात इस ड्रेस को मॉडल आसानी से कैरी कर सके इसलिए स्टूडेंट्स ने इसमें 'एफआरपी' का प्रयोग किया है, जिसका प्रयोग फर्नीचर बनाने में होता है जो काफी लाइटवेट होने के साथ स्ट्रांग भी होता है।

### सितंबर में वेलिंगटन, न्यूजीलैंड में होगा आयोजन

विश्वभर के डिजाइनरों, कलाकारों, नवप्रवर्तकों और दर्शकों को एक मंच पर लाकर कला, फैशन, प्रौद्योगिकी, प्रदर्शन और नवाचार के अद्भुत समन्वय का उत्सव 'वेयरेबल आर्टवर्क' का प्रदर्शन सितंबर 2026 में वेलिंगटन, न्यूजीलैंड में होगा, जिसमें इन स्टूडेंट्स की ड्रेस मॉडल रिप्रजेंट करेगी।



'वर्ल्ड ऑफ वेयरेबल आर्ट अवॉड्र्स 2026' के लिए चयनित विद्यार्थी।



### 6 महीनों की रिसर्च के बाद बनी ड्रेस

ड्रेस को डिजाइन करने वाले सभी टीम मेंबर्स ने बताया कि दिसंबर 2025 में भी इस विश्व प्रसिद्ध फैशन शो के लिए अपनी ड्रेस डिजाइंस भेजे थे, लेकिन वह रिजेक्ट हो गए थे। उस रिजेक्शन ने हमें बहुत कुछ सिखाया कि क्या करना है क्या नहीं और उसी एक्सपीरियंस से हमारे दिमाग में कॉन्सेप्ट आया लोहे से कुछ बनाने का और फिर हम पिछले छः महीनों से इस लगातार ड्रेस को बनाने में लगे हुए हैं।

### ट्रायएंगल्स के प्रयोग से दिया एब्स्ट्रेक्ट रूप

टीम के सदस्य दीपेश ने कहा कि इस ड्रेस डिजाइन की सबसे बड़ी खासियत इसमें लोहे की जंग का प्रयोग तो है ही साथ ही हमें इसे एब्स्ट्रेक्ट फॉर्म में दिखाना था या ज्योमैट्रिकल जूम करके दिखाना था, इसलिए हमनें इसमें ट्रायएंगल्स का प्रयोग किया। इतना ही नहीं, लोहे की जंग और ड्रेस डिजाइनिंग के हैवी पार्ट को मॉडल आसानी से वियर कर सकें, इसलिए हमने इसके इनर पार्ट में एफआरपी का प्रयोग किया ताकि मॉडल इसे आसानी से रैंप पर वॉक कर सके।





### अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की पावस गोष्ठी का आयोजन

## सांदीपनि ने कृष्ण बनाया, गुरु वशिष्ठ ने नींव रखी, तब विश्वामित्र ने राम बनाया...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अखिल भारतीय साहित्य परिषद् द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर दुष्यंत संग्रहालय में गुरु सम्मान समारोह, व्याख्यान एवं पावस गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रामेश्वर मिश्र 'पंकज' को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेन्द्र शर्मा 'अक्षर' ने अपना गीत सुनाया, ये घने आषाढ़ के बादल, आज कर देंगे हमें पागल। वहीं ललित व्यास ने रचना पाठ करते हुये कहा कि द्रोण मिले अर्जुन बन पाया, संदीपनि ने कृष्ण बनाया, गुरु वशिष्ठ ने नींव रखी, तब विश्वामित्र ने राम बनाया।



### गुरु का कार्य साधक को परम तत्व का ज्ञान कराना है

इस अवसर पर रामेश्वर मिश्र ने भारतीय गुरु-शिष्य परम्परा विषय पर कहा कि गुरु की महिमा अपरम्पार है। गुरु का कार्य साधक को परम तत्व का ज्ञान कराना है, जबकि आचार्य जीवन के व्यवहारिक पक्ष का मार्गदर्शन करते हैं। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन परिषद् की अध्यक्ष डॉ. नुसरत मेहदी ने दिया।




## गुरु पूर्णिमा पर साक्षी शेवलीकर की मोहन वीणा ने बांधा समां

**भोपाल।** विजयश्री संगीत विद्यालय द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा संगीत समारोह में युवा मोहन वीणा वादिका साक्षी शेवलीकर ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम में साक्षी ने राग मियां मल्हार की दो बंदिशें प्रस्तुत कर तानसेन की रचना को जीवंत कर दिया। तबले पर सुप्रसिद्ध तबला वादक मनोज पाटीदार की संगत सराहनीय रही। कार्यक्रम का समापन विजयश्री संगीत महाविद्यालय की प्राचार्या विख्यात गायिका जयश्री सावागुंजी के सुमधुर गायन से हुआ।

## साथिया नहीं जाना.. से चला कारवां सुहानी रात ढल चुकी.. पर हुआ खत्म

### शहीद भवन में 'रफीनामा सीजन-10' में बिखरे संगीत के सुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जाने माने गायक हरदिल अजीज मो. रफी की याद में मेलोडी जंक्शन एवं सृजन कामना सोसाइटी द्वारा 'रफी नामा-सीजन' का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी यह आयोजन गुरुवार शाम शहीद भवन सभागार में किया गया।

'आन मिलो सजना' नाम से आयोजित इस गायन संध्या में रफी साहब के एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए गए। संगीत से सजी इस संध्या की शुरुआत में नुशूर अहमद एवं अमीषा मालवीय द्वारा साथिया नहीं जाना... गीत से हुई, तो वहीं सन्तोष तिवारी एवं मानसी इन्ग्ले द्वारा पत्ता पत्ता बूटा बूटा... की प्रस्तुति दी गई। नरेश गिडवानी एवं नैना जैन द्वारा चुरा लिया है तुमसे जो दिल को.... गाया तो वहीं सुनीता श्रीवास्त और नुशूर अहमद द्वारा जब आती होगी याद तेरी... गाया एवं डॉ. टी.एन. दुबे द्वारा रफी साहब का गीत सुहानी रात ढल चुकी... ने समा और रंगीन बना दिया।





### मानव संग्रहालय में एनएसडी की सात दिवसीय अध्ययन भ्रमण कार्यशाला का समापन

## संग्रहालय बना रंगमंच की पाठशाला, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीखे रंगकर्म के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रंगमंच की शिक्षा जब भारतीय लोक और जनजातीय संस्कृति से जुड़ती है तो सीख केवल किताबों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि अनुभव में बदल जाती है। यहीं, अनुभव लेकर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी), नई दिल्ली के विद्यार्थी गुरुवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय से लौटे। संग्रहालय और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा अयोजित सात दिवसीय शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन भ्रमण का समापन गुरुवार को हुआ।



राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के विद्यार्थी अभ्यास करते हुए।

### भारत की समृद्ध लोक व जनजातीय सांस्कृतिक को जाना

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के संकाय सदस्य अब्दुल मोहम्मद कादिर शाह के मार्गदर्शन में आयोजित इस अध्ययन भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध लोक एवं जनजातीय सांस्कृतिक परंपराओं, पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों, संग्रहालय अध्ययन तथा सांस्कृतिक विरासत से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था।

### संग्रहालय की विभिन्न दीर्घाओं का किया अवलोकन


डॉ. अमिताभ पांडे ने बताया कि सात दिनों के दौरान विद्यार्थियों ने संग्रहालय की विभिन्न दीर्घाओं और मुक्ताकाश प्रदर्शनों का अवलोकन करते हुए भारत की विविध लोक एवं जनजातीय संस्कृतियों, पारंपरिक आवासों, जीवन-पद्धतियों और सांस्कृतिक विरासत के विभिन्न आयामों का गहन अध्ययन किया।

### बुजुर्गों की स्वास्थ्य सुरक्षा

## आने वाले दशक की सबसे बड़ी आवश्यकता

*भारत आज एक युवा देश है, लेकिन अगले दस वर्षों में हमारी सबसे बड़ी सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी चुनौती तेजी से बढ़ती बुजुर्ग आबादी होगी। चिकित्सा विज्ञान की प्रगति, बेहतर उपचार और बढ़ती जीवन प्रत्याशा के कारण लोग पहले की तुलना में अधिक समय तक जीवित रह रहे हैं। यह एक सकारात्मक परिवर्तन है, लेकिन इसके साथ यह जिम्मेदारी भी जुड़ी है कि हमारे वरिष्ठ नागरिक केवल लंबा जीवन ही नहीं, बल्कि स्वस्थ, सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन भी जी सकें।*

दुर्भाग्य से आज भी हमारे देश में बुजुर्गों की स्वास्थ्य सुरक्षा पर उतना ध्यान नहीं दिया जाता, जितना इसकी आवश्यकता है। अधिकांश स्वास्थ्य योजनाएँ बीमारी के इलाज तक सीमित हैं, जबकि बुजुर्गों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, दवाओं की निरंतर उपलब्धता, मानसिक स्वास्थ्य सहायता, पुनर्वास सेवाएँ और घर के पास गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाओं की आवश्यकता होती है।



**डॉ. जीशान अहमद**
एम.डी. मेडिसिन
संचालक, बी.एम.एच. हॉस्पिटल भोपाल
अध्यक्ष, एडवाइजरी
मध्यप्रदेश अस्पताल संचालक संघ
(यु.पी.एच.डी.ए.)

उम्र बढ़ने के साथ शरीर में अनेक परिवर्तन होते हैं। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, गठिया, किडनी की बीमारी, सांस संबंधी समस्याएँ और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके साथ-साथ याददाश्त की समस्या, डिमेंशिया, पार्किंसन रोग और अवसाद जैसी मानसिक चुनौतियाँ भी सामने आती हैं। यदि इनका समय पर पता चल जाए और नियमित निगरानी होती रहे, तो अधिकांश मामलों में गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है।

सबसे बड़ी समस्या यह है कि हमारे देश की स्वास्थ्य व्यवस्था अभी भी उपचार आधारित है, रोकथाम आधारित नहीं। अधिकांश लोग तब अस्पताल पहुँचते हैं जब बीमारी गंभीर हो चुकी होती है। यदि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक का वर्ष में कम से कम दो बार संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए, तो अनेक बीमारियों को शुरूआती अवस्था में ही नियंत्रित किया जा सकता है। इससे न केवल रोगी का जीवन बेहतर होगा, बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था पर आर्थिक बोझ भी कम पड़ेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930